भारत की वृद्धि दर घटकर 6.6 प्रतिशत पर रहने का अनुमान -12

प्रोजेक्ट फ्रीडम स्थगन की खबरों से 100 डॉलर के नीचे आया कच्चा तेल-12

भारत, वियतनाम ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक पहुंचाया-13

आईपीएल में लगातार हार का क्रम तोड़ने उतरेगा लखनऊ सुपर जाएंट्स-14


आज का मौसम
32.0° अधिकतम तापमान
20.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.26
सूर्यास्त 06.50

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ, बरेली, कानपुर, मुरादाबाद, अयोध्या, हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष पंचमी 10:14 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2083

गुरुवार, 7 मई 2026, वर्ष 6, अंक 71, पृष्ठ 14 | मूल्य 6 रुपये


न्यूज ब्रीफ

### मुंबई में अंडरग्राउंड टी 2 मेट्रो स्टेशन पर आग बाधित हुईं सेवाएं

**मुंबई।** मुंबई के अंधेरी (पूर्व) में भूमिगत टी 2 एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन पर बुधवार को आग लग गई, जिसके बाद परिसर से यात्रियों को बाहर निकालकर मेट्रो स्टेशन को खाली करा लिया गया। इस बीच आरे जेवीएलआर और कफ परेड के बीच मेट्रो एक्वा लाइन 3 के भूमिगत कॉरिडोर में मेट्रो रेल सेवाएं भी प्रभावित हुईं। आग की सूचना के बाद अग्निशमन विभाग की आपातकालीन टीम को भेजा गया। कुछ देर बाद आग बुझा ली गई। इस बीच परिसर में धुआं भर गया, इसलिए आग बुझाने में मुश्किल का सामना करना पड़ा।

### एलपीजी मूल्य वृद्धि के खिलाफ केरल में होटल-ढाबे बंद

**कोच्चि।** रसोई गैस की बढ़ती कीमतों के विरोध में केएचआरए की अगुवाई में केरल में बुधवार को आहूत हड़ताल के तहत होटल-ढाबे बंद रहे। होटल मालिकों ने राज्य भर में तेल कंपनियों के कार्यालयों और केंद्र सरकार के संस्थानों के सामने मार्च और प्रदर्शन किए। हड़ताल का हर तरफ असर दिखाई दिया और बड़े होटलों से लेकर चाय की छोटी दुकानों तक बंद रहे। केरल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ने कहा कि कंपनियां सिर्फ अपने मुनाफे पर ध्यान दे रही हैं। केंद्र सरकार भी हालात को काबू में करने के लिए कोई दखल नहीं दे रही है।

### अनंतनाग में कांग्रेस विधायक की पत्नी-पुत्र के खिलाफ प्राथमिकी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ताला लगाने और सरकारी कर्मचारियों को उनके कर्तव्यों का पालन करने से रोकने को लेकर कांग्रेस विधायक पीरजादा मोहम्मद सैयद की पत्नी डॉ. तबस्सुम और पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों के मुताबिक आरोपियों ने सरकारी काम में दखल दिया। प्राथमिकी चार मई को कोकरनाग के तहसीलदार की शिकायत के बाद दर्ज की गई थी।

# बंगाल में सरकार बनने से पहले बुलडोजर हिंसा

## कोलकाता में मांस की दुकानों पर चलाया बुलडोजर, मुर्शिदाबाद में टीएमसी के कई कार्यालयों पर किया कब्जा

**कोलकाता, एजेंसी**

केंद्रीय सुरक्षा बलों की भारी मौजूदगी में पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव तो शांति से निपट गए लेकिन चुनाव परिणाम आने के फौरन बाद शुरू हुई हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। राज्य में जारी हिंसा में बुधवार को बुलडोजर का इस्तेमाल भी किया गया। कोलकाता के न्यू मार्केट इलाके में भाजपा के विजय उत्सव के दौरान मांस की कई दुकानों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। मुर्शिदाबाद में व्लादिमीर लेनिन की प्रतिमा भी तोड़कर गिरा दी गई। तृणमूल कांग्रेस के कार्यालयों में भी तोड़फोड़ का सिलसिला जारी रहा। हिंसा में दो और लोगों की मौत के बाद बुधवार को मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई। इस बीच, उपद्रव के आरोप में 80 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है।

मध्य कोलकाता के न्यू मार्केट इलाके में मांस की दुकानों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त करने की घटना बुधवार को दोपहर के वक्त हुई। तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने आरोप लगाया है कि भाजपा समर्थकों ने इस घटना को केंद्रीय पुलिस सुरक्षा बलों की मौजूदगी में अंजाम दिया। हालांकि एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने दावा किया कि इलाके में भाजपा की जीत का जश्न मनाने के लिए लोग इकट्ठा हुए थे। पुलिस और केंद्रीय बल भी वहां मौजूद थे। यहां कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। मुर्शिदाबाद जिले में मंगलवार देर रात भाजपा समर्थकों की भीड़ ने जियागंज इलाके में व्लादिमीर लेनिन की प्रतिमा तोड़ दी जिसके बाद यहां तनाव बढ़ गया है। तृणमूल नेता महुआ मोइत्रा ने 'इंस्टाग्राम' पर घटना की निंदा करते हुए लिखा, भाजपा कार्यकर्ताओं ने दावा किया है कि वे लेनिन की प्रतिमा की जगह शिवाजी की प्रतिमा लगाएंगे।

एक और घटना में दक्षिण कोलकाता के भवानीपुर इलाके में मंगलवार आधी रात के बाद टीएमसी के निर्वाचित विधायक और पार्टी के वरिष्ठ नेता शोभनदेब चट्टोपाध्याय के घर के बाहर भीड़ जमा हो गई और हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद तनाव फैल गया। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर किया। इससे पहले टॉलीगंज के बिजॉयगढ़-नेताजीनगर इलाके में टीएमसी नेता और पूर्व मंत्री अरुप बिस्वास के चुनाव कार्यालय में तोड़फोड़ की गई थी। कस्बा इलाके के रूबी क्रॉसिंग पर टीएमसी पार्षद सुशांत घोष के कार्यालय में भी तोड़फोड़ की गई। पानीहाटी विधानसभा क्षेत्र में भी भीड़ ने ने तृणमूल कांग्रेस के कई कार्यालयों पर कब्जा कर ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी के पोस्टर और होर्डिंग्स फाड़ दिए।

कोलकाता में बुलडोजर चलाकर ध्वस्त की गई एक दुकान।

### हिंसा को फौरन रोकें : ज्ञानेश

**कोलकाता।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद हुई हिंसा और तोड़फोड़ में शामिल लोगों को तुरंत गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस बारे में राज्य के मुख्य सचिव, डीजीपी, पुलिस आयुक्त और केंद्रीय बलों के महानिदेशकों के साथ सभी जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षकों को निर्देश जारी किए हैं।

### संदेशखाली में सुरक्षा बलों पर गोलीबारी, 5 घायल

**कोलकाता।** उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में मंगलवार देर रात एक गश्ती टीम पर हमला किया गया जिसमें पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। हमले में शामिल चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, गश्ती टीम पर नजत के इलाके में एक संकरी गली से गुजर रही थी, तभी अज्ञात हमलावरों ने उस पर गोलियां चलाईं। पुलिस ने तलाशी अभियान शुरू कर दिया है और हमलावरों की पहचान करने के साथ इलाके की घेराबंदी की जा रही है।

### पुलिस ने शुरू की सख्ती 80 उपद्रवी गिरफ्तार

**कोलकाता।** कोलकाता के पुलिस आयुक्त अजय कुमार नंद के मुताबिक उपद्रवियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। अब तक कोलकाता पुलिस ने 80 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से 65 लोगों को विशिष्ट मामलों में हिरासत में लिया गया है। पुलिस आयुक्त ने कहा, छापेमारी के दौरान कई हथियार भी बरामद किए गए हैं। नंद ने चेतावनी दी कि चुनाव प्रचार के दौरान केंद्र में रहे बुलडोजर को किसी भी विजय जुलूस में शामिल करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### ये गुंडागर्दी ही भाजपा का परिवर्तन है : तृणमूल कांग्रेस

हिंसा के बीच तृणमूल कांग्रेस ने कहा, पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार के दौरान यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई भाजपा नेताओं ने ''बुलडोजर न्याय'' का बार-बार इस्तेमाल किया था। तृणमूल ने कहा, अब भाजपा का परिवर्तन बुलडोजर साथ लेकर आ गया है। तृणमूल से राज्यसभा सदस्य डेरेक ओ''ब्रायन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा, न्यू मार्केट में पुलिस की अनुमति से विजय समारोह के तहत मांस की दुकानों को गिराने के लिए बुलडोजर लाया गया। सीएपीएफ के जवान आसपास खड़े थे। यही है भाजपा का हाल। दुनिया को ये तस्वीरें देखने दीजिए। भाजपा ने आरोपों पर अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## कोलकाता पहुंचे शाह, शपथ ग्रहण 9 को

**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बुधवार देर शाम कोलकाता पहुंच रहे हैं जहां वह नवनिर्वाचित भाजपा विधायकों की बैठक में विधायक दल के नेता का चयन करेंगे। इसके साथ तय हो जाएगा कि राज्य का अगला मुख्यमंत्री कौन बनेगा। वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी को मुख्यमंत्री पद का प्रबल दावेदार माना जा रहा है, हालांकि पार्टी नेतृत्व इस मुद्दे पर अभी तक चुप्पी साधे हुआ है।

इस बीच, राज्य में भाजपा की पहली सरकार के शपथ ग्रहण का कार्यक्रम तय हो गया है। पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख समिक भट्टाचार्य के मुताबिक यह समारोह नौ मई को सुबह 10 बजे ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन और कई केंद्रीय मंत्रियों के भी मौजूद रहने की उम्मीद है। शपथग्रहण समारोह बंगाली पंचांग के बैसाख महीने के 25वें दिन आयोजित किया गया है जिसे पूरे राज्य में रवींद्र जयंती के रूप में मनाया जाता है। पार्टी सूत्रों ने कहा कि नवनिर्वाचित भाजपा विधायकों की एक बैठक आठ मई की शाम को भी बुलाई गई है।

- ब्रिगेड परेड ग्राउंड में शुरू हुईं शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां, मोदी-शाह और नितिन नबीन समेत कई नेता होंगे शामिल

### तमिलनाडु में विजय ने पेश किया दावा राज्यपाल ने अभी नहीं लिया कोई निर्णय

**चेन्नई।** कांग्रेस की ओर से समर्थन की घोषणा के बाद तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) सुप्रीमो सी जोसेफ विजय ने बुधवार को तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मुलाकात कर राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश किया। हालांकि लोकभवन के सूत्रों के मुताबिक राज्यपाल ने अभी उनके दावे पर निर्णय नहीं लिया है। विजय दोपहर को कांग्रेस विधायकों का समर्थन पत्र लेकर राजभवन पहुंचे थे। राज्यपाल ने विजय का स्वागत किया। उन्हें एक स्मृति चिह्न भी प्रदान किया। इस दौरान उनके साथ वरिष्ठ नेता केए सेंगोट्टैयन, टीवीके सचिव बुस्सी एन आनंद, चुनाव अभियान प्रबंधन महासचिव आधव अर्जुना और अन्य नेता मौजूद थे। इससे पहले कहा गया था कि विजय गुरुवार सुबह मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। शहर के जवाहरलाल नेहरू बहुउद्देशीय इंडोर स्टेडियम में तैयारी भी शुरू कर दी गई थी लेकिन राज्यपाल द्वारा दावा स्वीकार न करने से फिलहाल मामला अटक गया है।

- कांग्रेस ने की है धर्मनिरपेक्ष सरकार के लिए टीवीके को समर्थन देने की घोषणा

### हिमंत ने दिया इस्तीफा

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य को इस्तीफा सौंप दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। इसके बाद असम में नई सरकार के गठन का रास्ता साफ हो गया। हिमंत ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह 11 मई के बाद हो सकता है। समारोह में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री मोदी को आमंत्रित किया है।

### केरल में मंथन अभी जारी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में पूर्ण बहुमत हासिल करने के बाद कांग्रेस आलाकमान मुख्यमंत्री के चयन को लेकर मंथन में जुटा हुआ है। इस पर अभी आम सहमति नहीं बनी है। नेतृत्व वीडी सतीशन, वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला और कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल के नाम पर विचार कर रहा है। तीनों के ही मजबूत उम्मीदवार होने के कारण पार्टी नेतृत्व के लिए फैसला लेना चुनौतीपूर्ण हो गया है।

## गाजियाबाद में गोलीबारी कर ड्राइवर-स्टाफ समेत कैश वैन ले उड़े लुटेरे

लावारिस हाल में मिली कैश वैन की जांच करते पुलिस अधिकारी।

**गाजियाबाद, एजेंसी**

गाजियाबाद में बुधवार दोपहर हुई सनसनीखेज वारदात में एक एटीएम में कैश भरने पहुंची वैन को लुटेरों ने अंधाधुंध गोलीबारी कर उसके ड्राइवर और स्टाफ समेत अगवा कर लिया और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे पर ले जाकर उसमें मौजूद करीब 25 लाख की नकदी लूटकर भाग निकले। पुलिस ने घटनास्थल पर खाली छोड़ी गई वैन को कब्जे में लेकर जांच शुरू की है। फिलहाल लुटेरों का कोई सुराग नहीं मिला है।

लुटेरों ने गाजियाबाद के क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र में दोपहर करीब 1:30 बजे इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के मुताबिक एवन इंडिया वित्तीय संस्था की एटीएम कैश वैन के कर्मचारी यहां एक एटीएम में पैसे डालने की तैयारी कर रहे थे, तभी वहां पहुंचे बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद हथियारों की नोंक पर वैन के ड्राइवर और कर्मचारियों को बंधक बना लिया और वैन को कब्जे में लेकर दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे की ओर भाग निकले।

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने रास्तों पर नाकेबंदी कर दी और बदमाशों की तलाश शुरू की। कैश वैन घटनास्थल से करीब 8 किलोमीटर दूर मसूरी थाना क्षेत्र के पास दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर लावारिस खड़ी मिली। एवन इंडिया के कर्मचारियों के मुताबिक वैन में करीब 25 लाख का कैश था, जिसे लेकर बदमाश दूसरे वाहन से फरार हो गए।

- करीब 25 लाख रुपये लूटे, पुलिस ने खाली कैश वैन दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस से की बरामद

### लुटेरों की तलाश के लिए आठ टीमें गठित

गाजियाबाद पुलिस ने बदमाशों को पकड़ने के लिए 8 टीमों का गठन किया है और घटनास्थल, क्रॉसिंग्स रिपब्लिक और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। डीसीपी धवल जायसवाल के मुताबिक लुटेरों से मिलीभगत के संदेह में वैन के ड्राइवर और कंपनी के कर्मचारियों को हिरासत में लिया गया है और उनसे गहन पूछताछ कर रही है। कंपनी के रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है ताकि साफ हो सके कि वैन में कितना कैश मौजूद था।

## रानीखेत में बेकाबू कार मकान पर गिरी, चालक की मौत

**रानीखेत, अमृत विचारः** देहोली गांव के पास एक अनियंत्रित वैगनआर कार सड़क से करीब 20 मीटर नीचे स्थित मकान की छत पर जा गिरी। हादसे में कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार बुधवार तड़के करीब 3:15 बजे वैगनआर कार (यूके 02-टीए-3159) चौबटिया मार्ग पर जा रही थी, तभी अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गिर गई और लाल सिंह के मकान की छत पर जा गिरी। दुर्घटना में चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर चौबटिया चौकी प्रभारी राजकुमार और उपनिरीक्षक फिरोज खान मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए गोविंद सिंह माहरा नागरिक चिकित्सालय, रानीखेत भेज दिया है।

मृतक कार चालक की पहचान भुवन प्रसाद (32 वर्ष), पुत्र गोपाल राम, निवासी ग्राम मटेला काफलीगैर, जिला बागेश्वर के रूप में हुई है। पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दे दी है और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

## आईपीएल : बेंगलुरु की जगह अहमदाबाद में होगा फाइनल

**मुंबई, एजेंसी।** बीसीसीआई ने घोषणा की है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का 31 मई को होने वाला फाइनल मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।

बीसीसीआई ने प्लेऑफ मुकाबलों का शेड्यूल भी जारी किया। प्वाइंट टेबल की टॉप दो टीमें 26 मई को धर्मशाला में क्वालिफायर वन खेलेंगी। विजेता टीम फाइनल में जगह बनाएगी। इसके बाद प्लेऑफ का कारवां चंडीगढ़ पहुंचेगा। 27 मई को यहां एलिमिनेटर मैच होगा जिसमें तीसरे-चौथे नंबर की टीमें आमने-सामने होंगी। इसी मैदान पर 29 मई को क्वालिफायर 2 भी खेला जाएगा।

# कैबिनेट का फैसला : वंदे मातरम का अपमान करने पर अब होगी तीन साल तक जेल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में भारतीय राष्ट्रगीत ''वंदे मातरम'' को लेकर एक बड़ा वैधानिक निर्णय लिया गया है। सरकार ने ''राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971'' में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस संशोधन का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रगीत ''वंदे मातरम'' को राष्ट्रगान ''जन-गण-मन'' के बराबर कानूनी संरक्षण प्रदान करना है।

संशोधित कानून के तहत, अब ''वंदे मातरम'' का अपमान करना या इसके गायन में जानबूझकर बाधा उत्पन्न करना एक दंडनीय अपराध की श्रेणी में आएगा। इस अपराध के लिए दोषी व्यक्ति को 3 साल तक की जेल, आर्थिक जुर्माना, या दोनों भुगतने पड़ सकते हैं। यदि कोई व्यक्ति बार-बार इस अपराध को दोहराता है, तो उसके लिए न्यूनतम एक वर्ष के कारावास का प्रावधान किया गया है। सरकार ने यह कदम वंदे मातरम की रचना के 150वें वर्ष के अवसर पर उठाया है। अभी तक 1971 के अधिनियम के दायरे में केवल भारतीय संविधान, राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रगान ही आते थे। सरकार का तर्क है कि स्वतंत्रता संग्राम में ''वंदे मातरम'' की भूमिका अद्वितीय रही है, अतः इसे राष्ट्रगान के समान ही वैधानिक सम्मान मिलना चाहिए। यह कानून आने वाले संसद सत्र में औपचारिक रूप से पेश किया जाएगा, जिसके बाद यह पूरे देश में प्रभावी रूप से लागू हो जाएगा।

- केंद्र सरकार ने वंदे मातरम को दिया राष्ट्रगान के समान कानूनी दर्जा

### गायन के लिए तय किए गए नए नियम और प्रोटोकॉल

कैबिनेट के फैसले के साथ ही गृह मंत्रालय ने राष्ट्रगीत के गायन के लिए नए दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। अब सरकारी और आधिकारिक कार्यक्रमों में वंदे मातरम के केवल शुरुआती दो अंतरे नहीं, बल्कि सभी 6 अंतरे गाए जाएंगे। संपूर्ण गीत के गायन की कुल अवधि 3 मिनट 10 सेकंड निर्धारित की गई है। राष्ट्रगान की तरह ही, राष्ट्रगीत के गायन के दौरान उपस्थित सभी नागरिकों को ''सावधान'' की मुद्रा में खड़ा होना अनिवार्य होगा। आधिकारिक समारोहों में यदि दोनों गीत शामिल हैं, तो ''वंदे मातरम'' का गायन पहले होगा और कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान ''जन-गण-मन'' से किया जाएगा।

## राहुल की संपत्ति की जांच की याचिका पर सुनवाई 12 को

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने आय से अधिक संपत्ति के आरोप में कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ जांच के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई के लिए 12 मई की तारीख तय की है।

न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान और न्यायमूर्ति जफीर अहमद की पीठ ने कर्नाटक के भाजपा कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर की ओर से दायर याचिका पर यह आदेश पारित किया। याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं, इस पर अदालत अगली सुनवाई के दौरान दलीलें सुनेगी। पिछले साल 25 अप्रैल को दायर याचिका में केंद्र सरकार, सीबीआई, ईडी, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड यूपी पुलिस और गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय के निदेशक को प्रतिवादी नामित किया गया है।

राहत | वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग, किसान, परित्यक्ता, भरण पोषण अनुदान, तीलू रौतेली और बौना पेंशन जारी

# सीएम धामी ने साढ़े सात लाख पेंशनर्स के खाते में भेजी पेंशन

- कुल 111 करोड़ 82 लाख 52 हजार रुपये की धनराशि जारी की गई

**प्रमुख संवाददाता, देहरादून**

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने, बुधवार को समाज कल्याण विभाग के पेंशनर्स को वन क्लिक के जरिए अप्रैल माह की पेंशन का भुगतान किया। शत प्रतिशत राज्य पोषित योजनाओं के 756682 पेंशनर्स को कुल 111 करोड़ 82 लाख 52 हजार रुपये की धनराशि जारी की गई, इसमें वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग, किसान, परित्यक्ता, भरण पोषण अनुदान, तीलू रौतेली और बौना पेंशन शामिल है।

सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को समाज कल्याण विभाग की पेंशन का लाभ दिलाने के लिए लगातार कैंप आयोजित किए जा रहे हैं, जिसके फलस्वरूप अब प्रत्येक वर्ष 60 हजार से अधिक नए लोग समाज कल्याण की पेंशन से जुड़ रहे हैं।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बहुउददेशीय कैंप लगाते रहें और प्रत्येक वर्ष 59 की आयु पूरे करने वाले लोगों के बीच सर्वे कर पात्र लाभार्थियों के आवेदन पत्र जैसी औपचारिकताएं पूरी कर लें, ताकि 60 की उम्र पूरी होते ही उन्हें योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए वार्षिक आय को व्यावहारिक बनाया जाए, साथ ही पेंशन योजनाओं सहित विभाग की अन्य योजनाओं की जानकारी एक जगह उपलब्ध कराई जाए।

### कॉल सेंटर के माध्यम से बुजुर्गों और पेंशनर्स से किया संवाद

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को नवाचार अपनाने के निर्देश देते हुए कहा कि विभाग समाज कल्याण के क्षेत्र में कुछ बेस्ट प्रैक्टिस कर अन्य विभागों के साथ भी साझा करें। साथ ही कॉल सेंटर के माध्यम से बुजुर्गों और पेंशनर्स से संवाद भी करें। इस मौके पर विभागीय मंत्री खजान दास ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विभाग, प्रत्येक जरूरतमंद का ख्याल रख रहा है।

### विकास योजनाओं के लिए 4.42 करोड़ की धनराशि को स्वीकृति

मुख्यमंत्री ने चम्पावत, उत्तरकाशी और पिथौरागढ़ से संबंधित विभिन्न विकास योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए 4.42 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी हैं। मुख्यमंत्री की ओर से सभी विकास योजनाओं से संबंधित प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान करते हुए संबंधित विभागों को कार्यों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के निर्देश भी दिए गए हैं।

अमृत विचार

हल्द्वानी, गुरुवार, 7 मई 2026



स्टेट ब्रीफ

## 68 करोड़ रु. से बनेगी अंडरग्राउंड पार्किंग

**देहरादून :** राजधानी देहरादून में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने की दिशा में राज्य सरकार ने ठोस पहल शुरू कर दी है। लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तुत योजना के अनुसार परेड ग्राउंड और गांधी पार्क के मध्य लगभग 6500 वर्गमीटर क्षेत्रफल में जी-1 स्तर की अंडरग्राउंड पार्किंग का निर्माण प्रस्तावित है, जिसकी अनुमानित लागत 60 करोड़ रुपये आंकी गई है। इस पार्किंग में लगभग 390 वाहनों को खड़ा करने की क्षमता होगी। परियोजना के क्रियान्वयन से राजपुर रोड, ऐस्ले हॉल, सचिवालय के सुभाष रोड और लैंसडाउन चौक के बीच सड़क किनारे खड़े वाहनों को व्यवस्थित पार्किंग सुविधा मिल सकेगी, जिससे शहर के प्रमुख मार्गों पर जाम की समस्या में राहत मिलने की उम्मीद है।

## शासकीय विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं हों

**देहरादून :** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने प्रदेश की सभी शासकीय विद्यालयों में सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने सचिव शिक्षा को स्कूलों में बुक बैंक बनाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन बुक बैंक्स में कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद बुक्स को वापस रखा जा सकेगा एवं अगले सत्र में छात्रों को वितरित किया जा सकेगा। जो बुक्स खराब हो गई या बच्चे किसी भी कारण से वापस नहीं कर पाए एवं नई डिमांड के अनुरूप बुक्स छपवाई जाएं। इससे प्रत्येक वर्ष हज़ारों बुक्स छपवाने का करोड़ों का खर्च बचेगा। मुख्य सचिव ने क्लस्टर विद्यालयों में कक्षा कक्षों एवं हॉस्टल आदि के भवन निर्माण कार्यों में तेज़ी लाने के निर्देश दिए हैं।

## अंडरग्राउण्ड केबलिंग कार्य जून तक पूरे कर लें

**देहरादून :** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सचिवालय में देहरादून में विद्युत लाईनों की अंडरग्राउण्ड केबलिंग को लेकर ऊर्जा विभाग एवं जिलाधिकारी देहरादून के साथ बैठक की। मुख्य सचिव ने पिटकुल को निर्देश दिए कि सड़कों की खुदाई एवं अंडरग्राउण्ड केबलिंग और ब्लैक टॉपिंग का कार्य जून माह तक पूरे कर लिया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि पिटकुल को सभी फ्रंट पर एक साथ कार्य खोलने के बजाय कुछ फ्रंट पर कार्य खोलकर अपनी सभी लेबर को एक ही जगह कंसंट्रेट करते हुए कार्य को निर्धारित समयसीमा के अंतर्गत पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इससे पूरे शहर की सड़कें खुदने के बजाय कुछ हिस्सों में अधिक लेबर लगाने से कार्य ज्यादा तेजी से होगा। इससे शहरवासियों को कम से कम परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति को स्मृति चिन्ह भेंट करते प्राचार्य।

## ज्ञानार्जन के लिए विद्यार्थी रहें तत्पर: प्रो. लोहनी

**रामनगर, अमृत विचार :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के अध्ययन केंद्र, पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नव प्रवेशित शिक्षार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी रहे। उन्होंने विद्यार्थियों से ज्ञानार्जन के प्रति सदैव तत्पर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम उनके उज्ज्वल भविष्य की नई शुरुआत है। उन्होंने मूल्यों पर आधारित शिक्षा, गुरु-शिष्य परंपरा और सर्वांगीण विकास पर ध्यान देने की बात कही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। प्राचार्य प्रो. एम. पांडे ने कार्यक्रम को उपयोगी बताया। इस दौरान अध्ययन केंद्र की ओर से लगभग 600 नि:शुल्क पुस्तकें भी वितरित की गईं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रमोद पांडे और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. एसस मौर्य ने किया। कार्यक्रम में प्राध्यापक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### उत्तराखंड के तीर्थ स्थलों का भ्रमण कर रामनगर पहुंचीं उमा भारती ने घुसपैठ पर जताई चिंता

# डेमोग्राफी बदलने की साजिश कर रहे हैं घुसपैठिए: उमा

- बोलीं- असम, त्रिपुरा व प. बंगाल जैसे राज्यों में घुसपैठ बड़ी समस्या

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड के तीर्थ स्थलों का भ्रमण कर रामनगर पहुंचीं मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और हिंदूवादी नेता उमा भारती ने राज्य को लेकर भावुकता और राजनीतिक दोनों तरह के बयान दिए। मीडिया से बातचीत में उमा भारती ने कहा, अगर मैंने पिछले जन्म में और पुण्य किए होते तो मेरा जन्म उत्तराखंड में होता, इससे आप समझ सकते हैं कि मैं इस राज्य से कितना प्रेम करती हूं, उत्तराखंड मेरे दिल में बसा है।

उमा भारती के मुताबिक, यह भारत का सबसे पवित्र तीर्थ स्थल है। जहां हिमालय और भगवान बद्रीनाथ जैसे धाम स्थित हैं। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा और घुसपैठ के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। कहा कि असम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में घुसपैठ एक गंभीर समस्या रही है। उनके अनुसार, ये शरणार्थी नहीं बल्कि घुसपैठिए हैं और देश की डेमोग्राफी को बदलने का प्रयास कर रहे हैं। उमा भारती ने उत्तराखंड के संदर्भ में उन्होंने विशेष चिंता जताई। उन्होंने कहा कि राज्य के कुछ क्षेत्रों में डेमोग्राफिक चेंज हो रहा है, जनसंख्या संतुलन प्रभावित होने की स्थिति सामने आई है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार इस दिशा में सक्रिय है, लेकिन आम जनता को भी सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सामाजिक स्तर पर जागरूकता बढ़ाएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि को नजरअंदाज न करें।

रामनगर में मीडिया से वार्ता करतीं हिंदूवादी नेता उमा भारती। ● अमृत विचार

### सम्मान के साथ पद छोड़ें ममता दीदी

मीडिया से बातचीत के दौरान उमा भारती ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लेकर भी तीखा बयान दिया। उन्होंने कहा, ममता दीदी से मेरी दोस्ती 1991 से रही है और 2021 तक बनी रही। कहा कि हर परिस्थिति में एक ही रणनीति काम नहीं करती। अगर ममता बनर्जी अपनी जिद पर कायम रहती हैं, तो यह संविधान और लोकतंत्र का अपमान होगा। उमा भारती ने कहा, सलाह दी कि कहा, मैं ममता जी का सम्मान करती हूं, लेकिन उन्हें चाहिए कि वह सम्मान के साथ पद छोड़ें और लोकतांत्रिक तरीके से आगे की लड़ाई लड़ें।

# मास्टर प्लान: बद्रीनाथ धाम में होगा आस्था आधुनिकता और प्रकृति का संतुलित संगम

### बद्रीनाथ को स्प्रिचुअल हिल टाउन के रूप में विकसित करने की कार्ययोजना हो रही तैयार, सीएम को दिया प्रेजेंटेशन

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** बद्रीनाथ धाम में संचालित पुनर्निर्माण कार्यों के साथ ही अब बद्रीनाथ को स्प्रिचुअल हिल टाउन के रूप में विकसित किये जाने की कार्ययोजना भी तैयार की जा रही है। परियोजना के पूरे होने पर बद्रीनाथ एक ऐसे आदर्श स्थल के रूप में स्थापित होगा, जहां आस्था, आधुनिकता और प्रकृति का संतुलित संगम देखने को मिलेगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के समक्ष बुधवार को सचिवालय में पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने बद्रीनाथ धाम के मास्टर प्लान के अंतर्गत चल रहे कार्यों की जानकारी साझा की।

बैठक में सचिव पर्यटन धीराज गर्ब्याल द्वारा प्रस्तुतिकरण के माध्यम से बताया गया कि बद्रीनाथ को एक आध्यात्मिक स्मार्ट हिल टाउन के रूप में विकसित करने के लिए बहु-आयामी और चरणबद्ध तरीके से कार्य किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य तीर्थयात्रियों को आधुनिक सुविधाओं के साथ दिव्य और व्यवस्थित अनुभव प्रदान करना है।

उन्होंने बताया कि मास्टर प्लान के तहत क्षेत्र के सौंदर्यीकरण, सांस्कृतिक पहचान और आध्यात्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए विभिन्न स्थलों को विशेष रूप से विकसित किया जा रहा है। देव दर्शनी पॉइंट को इस प्रकार तैयार किया जा रहा है कि श्रद्धालुओं को यहां से बद्रीनाथ धाम के प्रथम दर्शन एक भव्य और दिव्य रूप में प्राप्त हो सकें। वहीं बद्रीनारायण चौक को एक प्रमुख आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं और आकर्षक सार्वजनिक स्थल उपलब्ध होंगे।

बद्रीनाथ धाम में आईएसबीटी वॉल पर स्थानीय कला एवं धार्मिक विषयों पर आधारित भित्ति चित्रों के माध्यम से क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित किया जायेगा। वसुधा वाटिका कलाकृति के माध्यम से प्रकृति, आध्यात्मिकता और उत्तराखंड की पारंपरिक कला का समावेश करते हुए आकर्षक लैंडस्केप तैयार किए जायेंगे।

मास्टर प्लान में भगवान विष्णु से जुड़े प्रतीकों को भी प्रमुखता दी गई है, जिनमें पाञ्चजन्य शंख, कौमोदकी गदा, सुदर्शन चक्र, वैकुंठ द्वार जैसी भव्य कलाकृतियों का निर्माण किया जायेगा, जो न केवल धार्मिक महत्व को दर्शायेंगे, बल्कि श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र भी बनेंगे। इसके साथ ही शेषनेत्र कलाकृति और पंच तत्व थीम पर आधारित संरचनाएं आध्यात्मिक ऊर्जा और भारतीय दर्शन को दर्शाने का कार्य करेंगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के समक्ष बद्रीनाथ धाम के मास्टर प्लान के कार्यों की जानकारी साझा करते अफसर। ● अमृत विचार

### रामायण, महाभारत कालीन प्रतीकों का समावेश

भगवान राम एवं कृष्ण पर आधारित रामायण एवं महाभारत कालीन प्रतीकों का इसमें समावेश किया गया है। दिया आरती स्थल के विकास की योजना भी तैयार की गई है, ताकि यहां आयोजित होने वाली आरती श्रद्धालुओं के लिए एक दिव्य और अविस्मरणीय अनुभव बने। वहीं पूरे क्षेत्र में स्ट्रीटस्कैप का विकास कार्य किया जाना भी प्रस्तावित है, जिसके तहत आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल तरीके से पैदल मार्ग, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की सुविधाएं, साइनेज और सौंदर्यीकरण से जुड़े कार्य कराये जायेंगे।

### राज्य में पर्यटन को भी मिलेगी नई दिशा

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बद्रीनाथ धाम के दिव्य स्वरूप को और अधिक भव्य एवं आकर्षक बनाने के लिए इस मास्टर प्लान में सभी आवश्यक प्रावधान सुनिश्चित किये जायें। साथ ही स्थानीय संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि इन सभी कार्यों के माध्यम से बद्रीनाथ में न केवल आध्यात्मिक वातावरण सुदृढ़ होगा, बल्कि पर्यटन को भी नई दिशा दी जा सकेगी।

# मंडलायुक्त ने विकास कार्यों पर जायजा लिया

नैनीताल में विकास कार्यों का निरीक्षण करते मंडलायुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** कुमाऊं आयुक्त एवं मुख्यमंत्री के सचिव दीपक रावत ने बुधवार को नगर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने सभी विभागों को तय समय में गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

माल रोड पर लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे सड़क सुधारीकरण कार्य का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों ने बताया कि एंकरिंग सहित सुरक्षा कार्य जारी हैं और 51 में से 11 माइक्रोपाइल लगाए जा चुके हैं। इस कार्य को 30 जून तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जिस पर आयुक्त ने गति बढ़ाने को कहा। डीएसए परिसर में करीब 5 करोड़ रुपये की लागत से फसाड निर्माण, शौचालय, चेंजिंग रूम और बैडमिंटन कोर्ट के सुधारीकरण कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने शौचालय व चेंजिंग रूम का कार्य 15 जून तक हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए। खड़ी बाजार और बड़ा बाजार में 2.38 करोड़ रुपये की लागत से चल रहे सौंदर्यीकरण व अंडरग्राउंड केबलिंग कार्य की धीमी प्रगति पर आयुक्त ने नाराजगी जताई। बीडी पांडे चिकित्सालय में 9.13 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे आवास व चहारदीवारी का कार्य बंद मिलने पर कड़ी फटकार लगाई गई। चार्टन लॉज क्षेत्र में गंदगी मिलने पर नगर पालिका को सुधार के निर्देश दिए गए।

# परंपराओं के विरुद्ध नाम बताना बाध्यता नहीं पर जवाब देने होंगे

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

- जनगणना 2027 को लेकर उत्तराखण्ड शासन ने जारी किए दिशा-निर्देश
- किसी को भी परिवार की किसी महिला सदस्य का नाम बताने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा

**अमृत विचार:** उत्तराखण्ड शासन ने जनगणना 2027 के सफल संचालन को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सचिव जनगणना, दीपक कुमार ने जनसामान्य से अपेक्षा की है कि वे जनगणना कार्य के दौरान पूर्ण सहयोग प्रदान करें तथा पूछे गए सभी प्रश्नों के सटीक एवं स्पष्ट उत्तर दें।

दिशा निर्देशों में बताया गया है कि, जनगणना अधिकारी को अपने निर्धारित क्षेत्र में प्रत्येक व्यक्ति से केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित प्रश्न पूछने का अधिकार होगा। प्रत्येक नागरिक का यह वैधानिक दायित्व होगा कि वह अपनी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार सही उत्तर प्रदान करे। हालांकि, किसी भी व्यक्ति को अपने परिवार की किसी महिला सदस्य का नाम बताने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा तथा कोई महिला अपने पति, मृत पति या ऐसे किसी व्यक्ति का नाम बताने के लिए बाध्य नहीं होगी, जिसका नाम बताना सामाजिक परंपराओं के विरुद्ध हो। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक गृहस्वामी या अधिभोगी को जनगणना अधिकारियों को अपने परिसर में युक्तियुक्त प्रवेश की अनुमति देनी होगी तथा जनगणना कार्य हेतु आवश्यक चिन्ह, अक्षर या संख्यांक अंकित करने या लगाने की अनुमति भी देनी होगी।

निर्देशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर गलत जानकारी देता है, सही उत्तर देने से इंकार करता है, जनगणना अधिकारी को प्रवेश से रोकता है या जनगणना से संबंधित चिन्हों को हटाता या क्षति पहुंचाता है, तो उसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही एवं दण्ड का प्रावधान है। साथ ही, यह भी निर्देशित किया गया है कि जनगणना के दौरान संकलित किसी भी अभिलेख, रजिस्टर या अनुसूची का निरीक्षण किसी भी व्यक्ति द्वारा नहीं किया जा सकेगा।

## भारत और सर्बिया के बीच सहयोग महत्वपूर्ण

**देहरादून:** मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखंड डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम के नेतृत्व में 5 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल यूरोप के सर्बिया गणराज्य पहुंचा। बुधवार को भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने सर्बिया के नोवी साद प्रांत की विधानसभा का भ्रमण किया, जहां लोकतांत्रिक संस्थाओं के संचालन एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की गई।

इस अवसर पर नोवी साद प्रांत विधानसभा की चेयरमैन दीना वुचिनिच ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए भारत और सर्बिया के बीच लोकतांत्रिक मूल्यों एवं निर्वाचन प्रक्रियाओं के क्षेत्र में सहयोग को महत्वपूर्ण बताया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि इस भ्रमण से दोनों देशों के निर्वाचन प्रबंधन व लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को समझने का मौका मिलेगा।

# बिंदुखत्ता राजस्व गांव को लेकर अनशन समाप्त

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार:** बिंदुखत्ता को राजस्व गांव घोषित किए जाने की मांग को लेकर वन अधिकार संगठन द्वारा चलाया जा रहा क्रमिक अनशन तीन दिन बाद समाप्त कर दिया गया। यह निर्णय उस समय लिया गया, जब अपर जिलाधिकारी विवेक कुमार राय ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि प्रशासन अधिनियम के अनुरूप उनकी हर संभव सहायता करेगा।

एडीएम ने कहा कि शासन और प्रशासन दोनों ही कानूनी प्रावधानों के तहत कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी प्रक्रिया में आवश्यक प्रावधान या दस्तावेज प्रशासन के पास उपलब्ध नहीं हैं, तो संबंधित पक्ष उन्हें उपलब्ध कराए, ताकि नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा सके। इससे पूर्व आयोजित सभा को पूर्व मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हरेंद्र बोरा, एडवोकेट अजय जोशी, उक्रांद नेता बसंत जोशी सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया और आंदोलन का समर्थन किया। वन अधिकार समिति के अध्यक्ष अर्जुन नाथ ने चेतावनी दी थी कि यदि जिलाधिकारी मौके पर आकर स्थिति स्पष्ट नहीं करते, तो क्रमिक अनशन को आमरण अनशन में बदल दिया जाएगा। वन अधिकार संगठन के अध्यक्ष उमेश भट्ट ने बताया कि अक्टूबर 2024 में राजस्व गांव को लेकर तत्कालीन मुख्य सचिव द्वारा भी अधिसूचना जारी करने के निर्देश दिए गए, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है।

बिंदुखत्ता राजस्व गांव को लेकर वन विभाग का पक्ष रखते डीएफओ हिमांशु बागरी।

### टालमटोल के आरोपों पर वन विभाग की सफाई

**हल्द्वानी :** बिंदुखत्ता को राजस्व गांव घोषित करने की प्रक्रिया में टालमटोल के आरोपों पर प्रभागीय वनाधिकारी, तराई पूर्वी हल्द्वानी हिमांशु बागरी ने विभाग का पक्ष स्पष्ट किया है। उन्होंने कहा कि यदि विभाग की मंशा गलत होती, तो विभागीय कार्ययोजना की प्रति उपलब्ध नहीं कराई जाती, जिसे अब संबंधित पक्ष मुख्य साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत कर रहा है। उन्होंने कहा कि वन अधिकार अधिनियम-2006 के तहत वन विभाग उपखंड स्तरीय समिति का एक सदस्य मात्र है। विभाग की ओर से इस मामले में अपना मत पहले ही स्पष्ट किया जा चुका है। वन विभाग का कहना है कि प्रक्रिया निर्धारित नियमों और प्रावधानों के तहत आगे बढ़ाई जा रही है तथा विभाग स्तर पर किसी प्रकार की अनावश्यक देरी नहीं की जा रही है।

बदलाव

### पहले चरण में मानसिक रोग विभाग पहुंचा, इसके बाद स्किन रोग विभाग की ओपीडी आएगी

# एसटीएच की ओपीडी नए भवन में शिफ्ट होना शुरू

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय (एसटीएच) में बढ़ती मरीजों की संख्या को देखते हुए ओपीडी सेवाओं को नए भवन में चरणबद्ध तरीके से शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसी क्रम में मानसिक रोग विभाग की ओपीडी सेवाएं आज (गुरुवार) से मेडिकल कॉलेज परिसर स्थित टीबी एवं श्वांस रोग विभाग के निकट नए भवन में संचालित की जाएगी। इस भवन में अन्य विभागों की ओपीडी भी आएंगी।

अस्पताल में प्रतिदिन ओपीडी मरीजों की संख्या 1800 से 2000 तक पहुंच रही है, जिससे व्यवस्थाओं पर दबाव बढ़ रहा है। ऐसे में सेवाओं को अधिक सुगम, व्यवस्थित बनाने के लिए चरणबद्ध शिफ्टिंग का निर्णय लिया गया है। नए ओपीडी भवन में पर्याप्त प्रतीक्षालय, विशेषज्ञ चिकित्सकों के परामर्श कक्ष और काउंसिलिंग कक्ष सहित आधुनिक सुविधाएं विकसित की गई हैं, जिससे मरीजों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सकेगा। अस्पताल सूत्रों के अनुसार मरीजों को भर्ती करना और इमरजेंसी पुराने भवन में रहेगी। योजना के अनुसार ओपीडी को धीरे-धीरे नए भवन में शिफ्ट कर दिया जाएगा। मानसिक रोग विभाग के बाद अब स्किन रोग विभाग की ओपीडी को यहां लाए जाने की तैयारी है। प्राचार्य डॉ. जीएस तितियाल ने मरीजों और उनके परिजनों से अपील की है कि वे 7 मई से मानसिक रोग विभाग की ओपीडी के लिए नए भवन में ही संपर्क करें और निर्धारित व्यवस्था का पालन करें।

हल्द्वानी रामपुर रोड स्थित नया टीबी अस्पताल भवन। ● अमृत विचार

### आज आएंगे रेडियोलॉजिस्ट, अल्ट्रासाउंड होंगे शुरू

**हल्द्वानी :** डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल में प्राइवेट और सरकार दोनों ही रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने से अल्ट्रासाउंड सेवा ठप चल रही है। मरीजों को बाहर जाना पड़ रहा है। गुरुवार को दोनों ही केंद्रों के रेडियोलॉजिस्ट आ जाएंगे। यहां सरकारी अल्ट्रासाउंड सेवा के साथ ही निजी कंपनी की ओर से भी अल्ट्रासाउंड किए जाते हैं बल्कि निजी कंपनी के साथ अनुबंध इसलिए ही किया गया था कि अगर सरकारी सेवा किसी वजह से बंद हो तो मरीजों को परेशानी न हो लेकिन दोनों ही रेडियोलॉजिस्ट अवकाश पर चले गए और दिक्कत शुरू हो गई। एमएस डॉ. अरुण जोशी ने इस प्रकरण पर काफी नाराजगी जताई है और निजी केंद्र संचालक को नोटिस भी दिया है कि अवकाश पर जाने से पहले डॉक्टर सूचना देंगे। उन्होंने बताया कि गुरुवार से डॉक्टर आ जाएंगे और सेवा शुरू हो जाएगी।

## डॉ. विजय प्रकाश डिमरी को 'क्रिस्टियन हग्जेन पदक'

**नैनीताल।** उत्तराखंड मूल के प्रख्यात भू-वैज्ञानिक डॉ. विजय प्रकाश डिमरी को वर्ष 2026 का 'क्रिस्टियन हग्जेन पदक' प्रदान किया गया है।

यह सम्मान यूरोपियन जियोसाइंस यूनियन द्वारा भू-विज्ञान में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया। डॉ. डिमरी आईएसएम धनबाद के पूर्व छात्र हैं और वर्ष 2010 में पद्मश्री से भी सम्मानित हो चुके हैं। वे सीएसआईआर-नेशनल जियोफिजिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट के पूर्व निदेशक रह चुके हैं। इस उपलब्धि पर कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी सहित शिक्षकों व पूर्व छात्र प्रकोष्ठ ने उन्हें बधाई दी है।

# चम्पावत में नाबालिग छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म

संवाददाता, चम्पावत

**अमृत विचार:** चम्पावत से करीब 20 किलोमीटर दूर एक गांव में सहेली की शादी में गई नाबालिग बालिका के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना 5 और 6 मई के बीच रात की बताई जा रही है। पुलिस ने पिता की तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ कोतवाली चम्पावत में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, 5 मई को नाबालिग अपनी सहेली की शादी में शामिल होने गई थी, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटी। इसके बाद परिजनों ने 112 के माध्यम से पुलिस को गुमशुदगी की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बालिका को एक डेयरी कक्ष के पास से बरामद किया गया। पीड़िता का जिला अस्पताल में परीक्षण कराया गया। पुलिस अधीक्षक रेखा यादव भी अस्पताल पहुंचीं और पीड़िता से जानकारी ली। उन्होंने बताया कि मामले में एसओजी और पुलिस टीम द्वारा साक्ष्य एकत्र किए गए हैं।

कोतवाल बीएस बिष्ट ने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की पहचान पूरन सिंह रावत, विनोद सिंह रावत और नवीन सिंह रावत के रूप में हुई है। सभी आरोपी व्यस्क बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## सिटी इंवेंट्स

● स्टेट बैंक प्रशासनिक कार्यालय कुसुमखेड़ा स्टाफ एसोसिएशन की प्रेस वार्ता होगी 12 :30 बजे

## सिटी ब्रीफ

### कार की टक्कर से घायल राहगीर कोमा में गया

**हल्द्वानी :** पुलिस को दी तहरीर में हरिपुर कुवर सिंह आनंदपुर निवासी पूरन सिंह ने लिखा, बीती 4 मई की शाम उनका बेटा अजय सिंह नैनीताल मोटर्स से घर की तरफ पैदल पैदल आ रहा था। तभी एक टैक्सी नंबर की कार ने अजय को अपनी चपेट में ले लिया। उसे फौरन एसटीएच पहुंचाया गया। हालत नाजुक होने पर उसे रेफर कर दिया। परिजन उसे एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पता लगा कि वह कोमा में चला गया और उसकी हालत नाजुक है। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### घर से बिना बताए निकला युवक लापता

**हल्द्वानी :** घर से बिना बताए निकला युवक लौट कर घर पहुंचा। पुलिस को दी तहरीर में वैलेजली लॉज भोटियापड़ाव निवासी त्रिलोक राम ने लिखा, आशीष आर्या उनका बेटा है। बीती 2 मई की दोपहर वह बिना बताए घर से निकला और फिर लौट कर नहीं आया। वह नाते-रिश्तेदार और दोस्तों के घर भी नहीं पहुंचा। कोतवाल विजय मेहता ने बताया मामले में गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गई है। जल्द ही उसे सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

### चोरी के मामले में पुलिस ने लिखा मुकदमा

**हल्द्वानी :** टीपीनगर पुलिस चौकी क्षेत्र में हुई लाखों की चोरी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी तहरीर में हरिपुर मोतिया देवलचौड़ रामपुर रोड निवासी मनोज कुमार जोशी पुत्र गोपाल दत्त जोशी ने लिखा, बीती एक मई को वह अपने घर से कोटाबाग गए थे। उसी दिन रात करीब पौने 9 बजे चोरों ने घर से करीब 15-16 तोला सोना व चांदी साफ कर दिया। यह घटना घर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि घटना स्थल व आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही चोरों को चिह्नित कर उनकी गिरफ्तारी व चोरी माल की बरामदगी की जाएगी।

### स्कूटी और बाइक से टक्कर, एक की मौत

**हल्द्वानी :** हल्द्वानी कोतवाली क्षेत्र के दोनहरिया इलाके में बुधवार को स्कूटी और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। दोपहर करीब तीन बजे के उमेश (22 वर्ष) मुखानी की ओर से आ रहा था। श्यामा गार्डन के पास पनचक्की की ओर से जा रहे बाइक सवार से स्कूटी की टक्कर हो गई। हादसे में उमेश घायल हो गया। जबकि बाइक सवार मौके से फरार हो गया। घायल उमेश को एसटीएच पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

### चार घंटे की बारिश से जनजीवन प्रभावित

**नैनीताल :** नैनीताल में बुधवार को करीब चार घंटे तक हुई बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया। सुबह 11 :30 बजे शुरू हुई वर्षा दोपहर 3 :30 बजे तक जारी रही। इस दौरान कभी तेज तो कभी हल्की बारिश होती रही, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ा। पर्यटन गतिविधियां भी प्रभावित रहीं और नौकायन बंद रहा, जिससे सैलानियों के भ्रमण कार्यक्रम बाधित हुए। तेज बारिश के चलते नाले उफान पर आ गए और लोअर मालरोड के कुछ हिस्सों में जलभराव की स्थिति बन गई। बारिश थमने के बाद ही हालात सामान्य हो सके।

हल्द्वानी की सड़क पर यह मेहनतकश माल ढोने वाला रिक्शा चलाते हुए कोई करतब नहीं दिखा रहा बल्कि रोजीरोटी की जुगत के लिए इसका यह रोजाना का काम है। हालांकि ऐसा करना खतरे से खाली नहीं। लदे कनस्तर बिजली के तार से छू सकते हैं और संतुलन बिगड़ा तो चलती सड़क पर गिर भी सकते हैं। ऐसे में दुर्घटना की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। ● अमृत विचार

### शादियों में सांस्कृतिक पहचान व भावनाओं का संगम, लग्जरी वाहनों को कुमाउनी परंपरा की चुनौती

# पहाड़ों पर आज भी है परंपरा, डोली में विदा होती हैं दुल्हनें

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** कुमाऊं के पहाड़ी क्षेत्र इन दिनों सहालग (शादी का सीजन) की रौनक से गुलजार हैं। ढोल-दमाऊं की गूंज, लोकगीतों की मधुर धुन और पारंपरिक रीति-रिवाजों के बीच एक परंपरा जो आज भी पूरे सम्मान के साथ जीवित है वह है- डोली की परंपरा। डोली परंपरा यहां की सांस्कृतिक पहचान और भावनात्मक जुड़ाव की सशक्त मिसाल बनी हुई है।

आधुनिकता के इस दौर में जहां शादियों में लग्जरी वाहनों और दिखावे का चलन बढ़ गया है, वहीं कुमाऊं के गांवों में आज भी डोली को सम्मान का प्रतीक माना जाता है। यहां शादी के दौरान जब बारात पहुंचती है, तो दूल्हे को पारंपरिक डोली में बैठाकर ऊपर छाता उठाकर पूरे मान-सम्मान के साथ विवाह स्थल तक लाया जाता है।

यह दृश्य केवल रस्म नहीं, बल्कि दूल्हे को देवतुल्य मानने की गहरी सांस्कृतिक भावना का प्रतीक है। विवाह संपन्न होने के बाद जब विदाई का भावुक क्षण आता है, तो वही डोली एक बार फिर सजाई जाती है इस बार यह डोली दुल्हन के लिए सजाई जाती है।

ढोल-दमाऊं की थाप और लोकगीतों के बीच दुल्हन को डोली में बैठाकर उसके नए जीवन की ओर विदा किया जाता है। यह परंपरा केवल एक रस्म नहीं, बल्कि बेटी को सम्मान और आशीर्वाद के साथ विदा करने की भावनात्मक प्रक्रिया है। डोली में विदाई का अर्थ है दुल्हन को पूरे आदर और गरिमा के साथ ससुराल भेजना।

कुमाऊं में दुल्हन की विदाई का एआई फोटो।

### देवी-देवताओं की झांकी भी निकलती है डोली में

इस परंपरा को निभाना यहां के लोगों की संस्कृति, संस्कार और अपनी जड़ों से जुड़े रहने की गहरी भावना को दर्शाता है। धार्मिक दृष्टि से भी डोली का विशेष महत्व है। कुमाऊं में देवी-देवताओं की झांकियां भी डोली में ही निकाली जाती हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि डोली केवल एक साधन नहीं, बल्कि पवित्र और सम्मानित माध्यम है।

### लोगों के दिलों को छू रही परंपरा

यही कारण है कि विवाह जैसे पवित्र अवसर पर इसे विशेष स्थान दिया जाता है। सहालग के इस मौसम में गांवों में सजी यह डोली परंपरा लोगों के दिलों को छू रही है। समाजशास्त्रियों के अनुसार, ऐसी परंपराएं न केवल सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करती हैं, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी विरासत और मूल्यों से भी जोड़ती हैं।

# सरकारी दफ्तरों में प्रशासन का छापा, हड़कंप

### डीएम के निर्देशानुसार जनपद के हल्द्वानी, धारी और नैनीताल में उपजिलाधिकारियों ने किया विभागों का निरीक्षण

संवाददाता, हल्द्वानी/नैनीताल

**अमृत विचार :** जिले में प्रशासनिक सख्ती के तहत डीएम के निर्देश पर बुधवार को विभिन्न विभागों में औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य और विद्युत विभाग की व्यवस्थाओं की पड़ताल की गई तो कई खामियां सामने आईं।

एसडीएम प्रमोद कुमार बुधवार की सुबह करीब 9:45 बजे राजकीय प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया गया। यहां 30 विद्यार्थियों के सापेक्ष केवल 21 छात्र ही उपस्थित मिले। विद्यालय में एक सहायक अध्यापिका मौजूद थीं, जबकि प्रधानाध्यापिका की जनगणना में लगी होने की जानकारी मिली। निरीक्षण में शिक्षा की गुणवत्ता अपेक्षाकृत कमजोर पाई गई, जिस पर संबंधित अध्यापक को शिक्षण में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। इसके बाद एसडीएम ने बेस अस्पताल के निरीक्षण को पहुंचें, जहां सीएमएस केएस दुग्ताल उपस्थित मिले। अस्पताल परिसर में लिफ्ट के पास कर्मचारियों ने मोटरसाइकिल खड़ी कर रास्ता बाधित किया था, जिसे तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए। यह भी मिला कि शाम की ड्यूटी में आने वाले चिकित्सक उपस्थिति पंजिका में हस्ताक्षर नहीं कर रहे हैं, जिससे उनकी उपस्थिति संदिग्ध बनी हुई है। हालांकि विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी के कारण उपचार व्यवस्था प्रभावित होने की बात सामने आई। फिर एसडीएम कुमार विद्युत वितरण खंड सुभाषनगर पहुंचे। यहां एसडीओ उज्जवल भास्कर सहित सभी कर्मचारी उपस्थित मिले। वर्तमान में कहीं भी बिजली की रोस्टिंग नहीं की जा रही है। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में खराब पड़े बिजली के खंभों को शीघ्र हटाने के निर्देश भी दिए गए।

सुभाष नगर बिजली घर में चेकिंग करते एसडीएम प्रमोद कुमार। ● अमृत विचार

धारी के एक स्कूल में निरीक्षण करते उपजिलाधिकारी अनुराग आर्या। ● अमृत विचार

### औचक निरीक्षण में खुली लापरवाही, गैरहाजिर कर्मचारियों पर सख्ती

**धानाचूली :** नैनीताल जिले में प्रशासन ने लापरवाही पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर धारी के उपजिलाधिकारी अनुराग आर्या ने बुधवार को विभिन्न सरकारी विभागों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पदमपुरी में एक कर्मचारी लंबे समय से बिना सूचना अनुपस्थित पाया गया, जबकि होम्योपैथिक विभाग में फार्मासिस्ट की गैरमौजूदगी भी सामने आई। इस पर एसडीएम ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अलावा कई सरकारी कार्यालयों और विद्यालयों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। आंगनबाड़ी केंद्र लदफोड़ा तल्ला में बच्चों को दिए जाने वाले पोषण, उपस्थिति रजिस्टर और व्यवस्थाओं की भी जांच की गई। एसडीएम ने स्पष्ट कहा कि सरकारी सेवाओं में लापरवाही और गैरहाजिरी किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि जनता से जुड़े कार्यों में ढिलाई बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। औचक निरीक्षण से विभागों में हड़कंप मच गया है और प्रशासन ने साफ संकेत दिए हैं कि आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

इधर, नैनीताल में एसडीएम नवाजिश खलीक ने भी विभिन्न सरकारी विभागों का औचक निरीक्षण किया। सबसे पहले उन्होंने बी.डी. पांडे चिकित्सालय में साफ-सफाई, दवाओं और मरीजों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया तथा कमियां मिलने पर सुधार के निर्देश दिए। इसके बाद बिजली विभाग का कार्यालय बंद मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारी को मौके पर बुलाकर जवाब तलब किया और समय पर आने की हिदायत दी।

# जेल में बजा सायरन, गेट बंद..मचा शोर कैदी भागा!

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- कैदियों की गिनती में हुई थी चूक बाद में सब सही मिला
- मिलाई करने वाले भी हुए कैद, लापरवाहों को मिली नोटिस

**अमृत विचारः** उप कारागार हल्द्वानी में बुधवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब गिनती में एक कैदी कम मिला। फौरन ही जेल के सभी गेट बंद कर दिए गए और जेल सायरन गूंजने लगे। जेल के चारों ओर चौकसी बढ़ा दी गई और सीसीटीवी फुटेज चेक किए जाने लगे। बाद में जब कैदियों की फिर से गिनती की हुई तो जेल प्रशासन ने राहत की सांस ली। हालांकि जेल प्रशासन ने कैदियों की गिनती करने वाले कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार पांडेय के मुताबिक, हर रोज लोग कैदियों और बंदियों से मिलाई करने के लिए पहुंचते हैं। बुधवार को भी लोग बड़ी संख्या में पहुंचे और कुछ-कुछ ही संख्या में लोगों को अंदर भेज कर मिलाई शुरू कराई गई है। इस बीच जेल की बैरक से 73 कैदियों व बंदियों को मिलाई के लिए जेल परिसर के खुले स्थान पर लाया गया। अपनों से मिलाई का समय खत्म हुआ तो दोबारा बंदियों और कैदियों की गिनती हुई, लेकिन इस बार संख्या 74 मिली। इससे

> कारागार कर्मियों से यह बड़ी चूक हुई और इसके लिए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।
> -**प्रमोद पांडेय**, जेल अधीक्षक

जेल प्रशसान में हड़कंप मच गया हालांकि फिर गिनती हुई तो संख्या 73 ही मिली, जिस पर जेल प्रशासन ने राहत की सांस ली। गलती की तुरंत समीक्षा की गई, जिसके बाद सामने आया कि गिनती कर बैरक से निकालते वक्त एक बंदी कुछ सामान लेने के लिए दोबारा बैरक में चला गया और जब बाहर निकला तो उसे दोबारा गिन लिया गया। इससे गिनती 74 हुई, लेकिन जब मिलाई के बाद इन्हें वापस गिनती कर बैरकों में भेजा जाने लगा तो संख्या 73 हो गई। इससे कैदी के भागने का अंदेशा हुआ। इसके बाद जेल प्रशासन ने बाहर से मिलाई करने वाले लोगों को भी जेल के अंदर ही रोक लिया और जेल को पूरी तरह बंद कर दिया। इस बीच वह बंदी सामने आया जो गिनती के बाद दोबारा बैरक में चला गया।

# अब केंद्रीय बल के हाथ पर्यटन स्थलों की सुरक्षा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के बाद नैनीताल जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हाईअलर्ट जारी कर दिया गया है। पर्यटन सीजन, चारधाम और मानसखंड यात्रा को देखते हुए केंद्र सरकार और पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर जिले में केंद्रीय सुरक्षा बलों की दो कंपनियां तैनात की गई हैं। नैनीताल, हल्द्वानी, कैंची धाम और यात्रा मार्गों पर चौकसी कई गुना बढ़ा दी गई है।

एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने बुधवार को बताया कि पिछले साल पहलगाम में आतंकियों ने पर्यटकों पर हमले किए थे। इसे देखते हुए इस बार सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। गृह मंत्रालय की ओर से मिले निर्देशों के बाद जिले के संवेदनशील क्षेत्रों में सशस्त्र जवानों की तैनाती कर दी गई है। खुफिया विभाग भी लगातार निगरानी कर रहा है। सीमा सुरक्षा बल (एसएसबी) की एक कंपनी काठगोदाम, हल्द्वानी और लालकुआं क्षेत्र में तैनात किया गया है, जबकि दूसरी कंपनी कैंची धाम, नैनीताल, मल्लीताल और हाईकोर्ट रूट पर सुरक्षा संभाल रही है। पुलिस का कहना है कि इन बलों का उद्देश्य सिर्फ कानून व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि किसी भी आपात स्थिति में क्विक रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) के रूप में तत्काल कार्रवाई करना भी है। जरूरत पड़ने पर ये टीमें आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) की तरह सक्रिय भूमिका निभाएंगी।

### किच्छा से लाकर बेच रहा था स्मैक, दबोचा

**हल्द्वानी :** पुलिस के मुताबिक, बीती 5 मई को एसआई जगवीर सिंह, कांस्टेबल दिलशाद अहमद, सुनील कुमार, सुच्चा सिंह उत्तर उजाला क्षेत्र में दानिस के बगीचे में सत्यापन करने गए थे। यहां बारातों की घोड़ा बुग्गियों के चालकों, हेल्परों का सत्पान हो रहा था। तभी एक बुग्गी में बैठा युवक हड़बड़ी में भागने लगा और गिर पड़ा। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम मो. हासिम पुत्र बरकत अली निवासी उत्तर उजाला बताया। तलाशी में पुलिस ने उसके पास से स्मैक की पुड़िया बरामद की। आरोपी ने बताया कि वह किच्छा रेलवे स्टेशन चौराहे के पास एक व्यक्ति से स्मैक लेकर आया था और बुग्गी में बैठकर उसकी पुड़िया बना रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के आदेश पर उसे जेल भेज दिया है।

# कोटाबाग में सट्टे के उधार ने ली छात्र की जान

- लेनदेन को लेकर तनाव में आए छात्र ने जहर खाकर जान दी
- मौत से पहले वीडियो वायरल, परिजनों ने की कार्रवाई की मांग

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचारः** कोटाबाग क्षेत्र में सट्टे और रुपयों के लेनदेन से जुड़े कथित मानसिक दबाव के चलते 17 वर्षीय किशोर ने जहर खाकर जान दे दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

भीमताल ब्लॉक के जलालगांव के थपलियागाजा तोक निवासी जगदीश बिष्ट, जो राजकीय पॉलिटेक्निक कोटाबाग में इलेक्ट्रिकल ट्रेड के प्रथम सेमेस्टर का छात्र था। परिजनों के अनुसार बुधवार सुबह करीब 6 बजे वह घर से बाहर गया और कुछ देर बाद घर के पीछे अचेत अवस्था में मिला। उसे तत्काल सीएचसी कोटाबाग ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में उसे एसटीएच रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि किशोर सट्टे के रुपयों के लेनदेन को लेकर मानसिक दबाव में था। मौत से पहले उसका एक वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि सट्टे के जाल में फंसाकर उनके बेटे को प्रताड़ित किया गया, जिसके चलते उसने यह कदम उठाया। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

कोटाबाग पुलिस चौकी इंचार्ज देवेंद्र सिंह राणा ने बताया कि घटना की तहरीर मिल चुकी है, जल्द हीपर एफआईआर दर्ज की जाएगी। ऑनलाइन गेमिंग समेत सभी पहलूओं पर जांच की जाएगी।

रोता बिलखता पिता पुलिस से कार्रवाई की मांग करता हुआ। ● अमृत विचार

### ग्रामीणों का कोतवाली में हंगामा

घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने शव के साथ कोतवाली पहुंचकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में नशे और सट्टे का कारोबार पुलिस की मिलीभगत से फल-फूल रहा है, जिससे युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। आरोपियों पर कार्रवाई न होने और पुलिसकर्मियों द्वारा मृतक के घर जाकर बच्चों से जबरन मोबाइल लेने के मामले में संबंधित कर्मियों के निलंबन की मांग की। मृतक के पिता धन सिंह बिष्ट ने आरोप लगाया कि उनके पुत्र को कुछ लोगों द्वारा लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था और रुपयों के लिए दबाव बनाया जा रहा था। आरोपियों द्वारा धमकी देने के कारण ही उनके बेटे ने आत्मघाती कदम उठाया। कोतवाल अरुण सैनी ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

**सतर्कता** | एयर कंडीशनर में सही इंस्टॉलेशन और मेंटेनेंस से ब्लास्ट जैसी जानलेवा घटनाओं से किया जा सकता है बचाव

# लोकल के फेर में न करें समझौता, गैस सर्टिफिकेशन जरूरी

- एसी में घटिया गैस और कमजोर वायरिंग भी आग का कारण
- विशेषज्ञों की राय-सिर्फ सर्टिफाइड उत्पाद करें प्रयोग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बीते दिनों दिल्ली के विवेक नगर में तड़के 3:45 बजे हुए एसी ब्लास्ट में 9 लोगों की मौत ने घरेलू उपकरणों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि एसी का संचालन गैस, कंप्रेसर और दबाव-तापमान संतुलन पर आधारित होता है। किसी भी तकनीकी गड़बड़ी या लापरवाही से यह संतुलन बिगड़कर हादसे का कारण बन सकता है।

दुकान में रखे गए एसी।

विशेषज्ञों के मुताबिक, ओवरलोडिंग, शॉर्ट सर्किट, ग्राउंड फॉल्ट और कंप्रेसर की खराबी एसी ब्लास्ट के मुख्य कारण हैं। अधिक करंट फ्लो से वायरिंग गर्म होकर आग पकड़ सकती है। धूल जमने और नियमित सर्विसिंग की अनदेखी भी जोखिम बढ़ाती है।

एसी टेक्नीशियन पूरन सिंह बिष्ट के अनुसार, इंस्टॉलेशन में सस्ते या लोकल सामान का इस्तेमाल बड़ा खतरा बन सकता है। घटिया गैस, कमजोर कॉपर वायर या अधूरी वायरिंग से शॉर्ट सर्किट की आशंका बढ़ जाती है।

उन्होंने बताया कि, कई बार खर्च बचाने के लिए तार जोड़ दिए जाते हैं, जो खतरनाक साबित हो सकते हैं। एसी इंस्टॉलेशन के समय सर्टिफाइड गैस का उपयोग और उसका सर्टिफिकेट लें। मजबूत और बेहतर कैपेसिटी वाली वायरिंग कराएं, खुले तारों से बचें।

### सही सेंसर की जांच, एमसीबी, आरसीसीबी उपकरणों का इस्तेमाल जरूरी

**हल्द्वानी :** विशेषज्ञों ने एसी के सुरक्षित उपयोग के लिए नियमित सर्विसिंग, सही सेंसर की जांच और एमसीबी और आरसीसीबी जैसे सुरक्षा उपकरणों के इस्तेमाल की सलाह दी है। कूलिंग में कमी या कॉइल पर बर्फ जमने की स्थिति में तुरंत टेक्नीशियन से जांच करानी चाहिए। कई बार लोग स्टैंड लगाने के बजाय खिड़की के छज्जे में एसी की मशीन इंस्टॉल कर देते हैं, जिससे एसी की गर्म हवा बाहर नहीं निकल पाती। मशीन हमेशा स्टैंड में ही रखी जानी चाहिए।

### एमसीबी-आरसीसीबी जैसे सुरक्षा उपकरण लगाएं

हर साल सर्विसिंग कराएं और कूलिंग में कमी पर तुरंत जांच कराएं। विशेषज्ञों का मानना है कि थोड़ी सावधानी और सही तकनीकी मानकों का पालन ही ऐसे हादसों से बचाव किया जा सकता है।

### छात्रों को बताए गए अग्नि सुरक्षा के टिप्स

**हल्द्वानी :** बिजी बीज विद्यालय के कक्षा 2 से 5 तक के छात्रों को बुधवार को सब्जी मंडी बाइपास रोड स्थित फायर स्टेशन का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। बच्चों ने फायर स्टेशन की कार्यप्रणाली को नजदीक से देखा और अग्नि सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां बताई गईं।

फायर स्टेशन कर्मचारियों ने विद्यार्थियों को आग बुझाने में उपयोग होने वाले विभिन्न उपकरणों की जानकारी दी। इसमें फायर एक्सटिंग्विशर, हेलमेट, लाइफ जैकेट सहित अन्य सुरक्षा उपकरणों के उपयोग और उनकी कार्यप्रणाली को विस्तार से समझाया। आग लगने की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों और आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई के तरीकों के बारे में भी बच्चों को जागरूक किया गया।

# नशा और ऑनलाइन सट्टा कर रहा युवाओं को बर्बाद

संवाददाता, कालाढूंगीः

**अमृत विचारः** क्षेत्र में नशे और ऑनलाइन सट्टेबाजी की बढ़ती प्रवृत्ति युवाओं के लिए गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है। यह लत धीरे-धीरे युवा पीढ़ी को बर्बादी की ओर धकेल रही है। कई युवा आर्थिक तंगी, मानसिक तनाव और कर्ज के दबाव में आकर आत्मघाती कदम तक उठा रहे हैं।

ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप्स के माध्यम से रातों-रात अमीर बनने का सपना देखने वाले युवा हजारों-लाखों रुपये गंवा रहे हैं। इसके चलते उन पर कर्ज का बोझ बढ़ रहा है और वे मानसिक अवसाद का शिकार हो रहे हैं। नशा और सट्टा दोनों ही युवाओं की सेहत, प्रतिष्ठा और भविष्य को प्रभावित कर रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि युवा अक्सर मौज-मस्ती और दोस्तों के प्रभाव में इसकी शुरुआत करते हैं, लेकिन धीरे-धीरे इसकी गिरफ्त में आ जाते हैं। इंटरनेट और स्मार्टफोन की आसान पहुंच ने इस समस्या को और बढ़ा दिया है।

समाज के जिम्मेदार वर्गों का कहना है कि इस समस्या से निपटने के लिए सरकार, शिक्षण संस्थानों और सामाजिक संगठनों को मिलकर जागरूकता अभियान चलाने होंगे। साथ ही अभिभावकों को भी अपने बच्चों की गतिविधियों और उनके मित्रों पर नजर रखने की जरूरत है, ताकि उन्हें इस दलदल से बचाया जा सके।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE

200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में

कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे

बरेली का एकमात्र PET CT

पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए

हमारी सेवाएं

सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी

Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY

प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त

Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com

रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली


# राजेंद्र नगर में ठप हुई पानी की आपूर्ति, एई का घेराव

## पिछले दो दिनों से हो रही पेयजल दिक्कत पर चढ़ा लोगों का पारा

- पार्षद प्रीति आर्य के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने सौंपा ज्ञापन
- एई ने कहा-आपूर्ति सुचारू जहां होगी दिक्कत किया जाएगा हल

संवाददाता, हल्द्वानी

जल संस्थान दफ्तर में एई रविंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपतीं पार्षद व अन्य।

**अमृत विचार :** राजेन्द्र नगर वार्ड-12 में कई दिनों से जारी पेयजल संकट के खिलाफ बुधवार को क्षेत्रवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने पार्षद प्रीति आर्या के नेतृत्व में तिकोनिया स्थित जल संस्थान के कार्यालय में पहुंचकर सहायक अभियंता का घेराव कर जल्द समस्या के समाधान की मांग की।

एई को सौंपे ज्ञापन में क्षेत्रवासियों ने कहा कि बार-बार शिकायत के बावजूद भी पेयजल आपूर्ति में कोई सुधार नहीं हो रहा है, जिससे उनका दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। बच्चों को भी पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। जल संस्थान की लापरवाही के चलते हालात बिगड़ते जा रहे हैं। उन्होंने नाले के भीतर से गुजर रही पेयजल लाइन को तत्काल हटाने की मांग उठाई। साथ ही चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। एई रवींद्र कुमार ने बताया कि नालियों के भीतर से गुजर रही पानी की लाइनों को हटाया जाएगा। बाकी क्षेत्र में पानी की आपूर्ति सुचारू है, यदि किसी क्षेत्र में दिक्कत है तो इसको भी सुधार किया जाएगा। इस दौरान पनीराम, साहिल राज, बबीता देवी, माया आर्या, नंद किशोर, कविता देवी, महेश राम, गुड्डी देवी सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे। मौके पर पहुंचे सहायक अभियंता ने कर्मचारियों को जल्द समस्या के समाधान के निर्देश दिए और आश्वासन दिया कि क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति शीघ्र सुचारु की जाएगी।

### नलकूप ठप, 5 हजार की आबादी को संकट

**हल्द्वानी :** जयदेवपुर क्षेत्र मे नलकूप के खराब होने से करीब 5 हजार से अधिक लोगों की पेयजल आपूर्ति ठप हो गई है। बीते मंगलवार देर रात नलकूप खराब हो गया, जिसके चलते बुधवार से जयदेवपुर क्षेत्र में पानी की आपूर्ति बाधित हो गई है। पानी की सप्लाई रुकने से क्षेत्रवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए दूर-दूर से पानी लाना पड़ रहा है, जिससे खासतौर पर महिलाओं और बुजुर्गों को दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि गर्मी में पानी की आपूर्ति न होने से समस्या और बढ़ गई है। उन्होंने सिंचाई विभाग से जल्द नलकूप की मरम्मत कर आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार नलकूप की मोटर खराब हो गई है, जिसे ठीक करने के लिए टीम को लगाया गया है और जल्द ही जलापूर्ति सुचारु करने का प्रयास किया जा रहा है।

## कोर्ट के आदेश पर हुई एफआईआर

**हल्द्वानी :** देवलधार चमौली निवासी दिनेश कुमार ने कोर्ट में दाखिल प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसका भाई सत्येंद्र कोहली बीते वर्ष 17 दिसंबर की सुबह करीब 5:45 बजे स्कूटी से हल्द्वानी से पंतनगर स्थित अपने कार्यस्थल जा रहा था।

एसटीएच के पास डंपर ने स्कूटी में टक्कर मार दी। सत्येंद्र कोहली गंभीर रूप से घायल हो गए। एसटीएच से सत्येंद्र को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। आरोप है कि पुलिस को शिकायत दी लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# 12 स्कूलों को फिर भेजे गए नोटिस

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिले में निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ प्रशासन की ओर से सख्त रुख अपनाया जा रहा है। सीईओ गोविंद राम जायसवाल ने 12 और स्कूलों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। इससे पहले 38 स्कूलों को नोटिस दिए जा चुके हैं, जिससे कुल संख्या अब 50 हो गई है।

जांच में सामने आया कि कई स्कूल एनसीईआरटी के बजाय महंगी निजी प्रकाशनों की किताबें अनिवार्य कर रहे हैं और अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल रहे हैं। कुछ स्कूल निर्धारित दुकानदारों से ही किताबें खरीदने का दबाव भी बना रहे हैं, साथ ही वेबसाइट पर जरूरी सूचनाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। प्रशासन ने स्कूलों को 15 दिनों के भीतर एनसीईआरटी आधारित संशोधित बुकलिस्ट जारी करने, दुकान विशेष की बाध्यता समाप्त करने, फीस व बुकलिस्ट वेबसाइट पर ऑनलाइन सार्वजनिक करने और अनावश्यक किताबों व अतिरिक्त फीस का रिफंड या एडजस्टमेंट करने के निर्देश दिए गए हैं। ब्लॉक स्तर पर जांच समितियां गठित कर 15 दिन में रिपोर्ट मांगी गई है। आदेशों का पालन न करने पर मान्यता रद्द करने की कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### इन स्कूलों को भेजे नोटिस

नोटिस दिए जाने वाले स्कूलों में वेदान्तम इंटरनेशनल स्कूल, जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा, चिल्ड्रन वैली पब्लिक स्कूल बरेली रोड, न्यू बाल संसार स्कूल तीनपानी, आरुष पब्लिक स्कूल हाथीखाल, जी किड्स पब्लिक स्कूल, सुरभि कॉलोनी, मल्ली बमौरी, काठगोदाम पब्लिक जूनियर हाईस्कूल, सुरभि कॉलोनी मल्ली बमौरी, लिटिल स्पार्कल एकेडमी मोटाहल्दू, मानस पब्लिक स्कूल, निलीयम कॉलोनी, मानपुर वेस्ट, नेशनल पब्लिक स्कूल कुसुमखेड़ा, श्री कृपा पब्लिक स्कूल, सेंट जॉर्ज स्कूल, आरटीओ रोड, समिट पब्लिक स्कूल, सीएमटी कॉलोनी डहरिया शामिल हैं।

# परिचय बैठक में मिशन-2027 पर हुआ मंथन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

मुखानी स्थित भाजपा कार्यालय में परिच बैठक में मौजूद एससी मोर्च के पदाधिकारी।

**अमृत विचार :** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की परिचय बैठक में आगामी चुनाव व जनसंपर्क को लेकर रणनीति बनाई गई और विधानसभा स्तरीय सम्मेलनों की रूपरेखा बनाई गई।

बुधवार को मुखानी स्थित कुमाऊं संभाग कार्यालय में अनुसूचित मोर्चा की जिला कार्यकारिणी की परिचय बैठक हुई। इसका शुभारंभ जिपं अध्यक्ष दीपा दरम्वाल, जिला प्रभारी दया किशन पोखरिया, मोर्चा जिलाध्यक्ष रवींद्र बाली ने किया। बाली ने कहा कि यह अनुसूचित जाति मोर्चा की जिला स्तरीय पहली बैठक है, जिसमें जिला के सभी पदाधिकारियों समेत 25 मंडलों के अध्यक्ष शामिल हैं। उन्होंने कहा कि परिचय बैठक का मूल उद्देश्य जिले में जो नई टीम मोर्चे की गठित हुई है, उन सभी कार्यकर्ताओं से जिलाध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ ही आगामी चुनाव में मंडलों में अनुसूचित बस्तियों में बैठक और चौपाल कराने पर मंथन किया गया। साथ ही बूथ स्तर पर बस्तियों में विधानसभा स्तरीय सम्मेलन की रूपरेखा बना सके। जिला महामंत्री रंजन बर्गली ने मोर्चे के जरिए अनुसूचित समाज को एकजुट करने की बात की और मोर्चे के पुराने एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को साथ लेकर काम करने के लिए कहा। इस दौरान पूर्व जिपं अध्यक्ष सुमित्रा प्रसाद, प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कुंवर, प्रदेश मंत्री दीपा भारती, प्रदेश प्रवक्ता आशारानी, भुवन आर्या, चंद्र प्रकाश आर्य,

नीलम आर्य, नेहा आर्य, सोनी टम्टा, दीपा आर्य, शुभम उत्तम, दिनेश सागर, ऋषभ भारती, गणेश आर्य, प्रकाश राम, मनोज मौर्या, नंदकिशोर आर्य, बालीराम, किशोरी राम, प्रदीप कुमार, प्रमोद कुमार ,बॉबी आर्य, आशीष कुमार, मुकेश कुमार, नारायण राम आदि रहे।


BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

Accreditations, Affiliations & Approvals

University Grants Commission of India · Medical Council of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Where there is rural well being there is University Prosperity · Uttar Pradesh State Medical Faculty

ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2026-27
CUET(UG/PG)-2026 Score Accepted

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 01 | Diploma- Medical lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 02 | Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 03 | Diploma Radiology Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 04 | M.Sc. Medical Anatomy | MBBS, BDS, BAMS B.Sc. Nursing, B.Sc. Optom, B.Pharma, BPT, B.Sc. MLT, B.sc(Bio sc.) | 3 Year |
| 05 | M.Sc. Medical Biochemistry | | 3 Year |
| 06 | M.Sc. Medical Microbiology | | 3 Year |
| 07 | M.Sc. in Medical Pharmacology | | 3 Year |
| 08 | M.Sc. in Medical Physiology | | 3 Year |

INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES

| | | | |
|---|---|---|---|
| 09 | Diploma in Dental Hygenist | 10+2 (PCB) | 2 Year |
| 10 | Diploma in Dental Mechanics | 10+2 (PCB) | 2 Year |

BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 11 | D.Pharm/Diploma in Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 12 | B.Pharm/Bachelor of Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 13 | M.Pharm (Pharmaceutical Chem) | B.Pharm | 2 Year |
| 14 | M.Pharm (Pharmaceutics) | B.Pharm | 2 Year |
| 15 | M.Pharm (Pharmacology) | B.Pharm | 2 Year |
| 16 | M.Pharm (Pharmacognosy) | B.Pharm | 2 Year |

FACULTY OF ALLIED & HEALTHCARE SCIENCES (PARAMEDICAL)

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 17 | Certification in Sanitation | 10+2(PCB/PCM) | 1 Year |
| 18 | Diploma in Medical Lab Technician (DMLT) | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 19 | Diploma in X-Ray Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 20 | Diploma in Dialysis Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 21 | Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 22 | Diploma in MRI Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 23 | Diploma in Radiotherapy Technology | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 24 | Bachelor of Physiotherapy (BPT) | 10+2(PCB | 5 Year |
| 25 | Bachelor Operation Theater Technician (BOTT) | 10+2(PCB/PCM)) | 4 Year |
| 26 | Bachelor of Medical Radiology & Imaging Technology (BMRIT) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 27 | B.Sc. in Medical Laboratory Technician (BMLT/BMLS) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 28 | B.Sc. in Optometry (B. Optom) | 10+2(PCB/PCM) | 5 Year |
| 29 | M.Sc. in Clinical Embryology | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 30 | Master of Physiotherapy (MPT) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 31 | Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

ROHILKHAND SCHOOL OF NURING/ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 32 | B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 33 | Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| 34 | Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) (Post Graduate Residency Progam) | B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 35 | M.Sc. Nursing in Medical Surgical Nursing | B.Sc. Nursing/ Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 36 | M.Sc. Nursing in Obsteric & Gynaecological Nursing | | 2 Year |
| 37 | M.Sc. Nursing in Child Health Nursing | | 2 Year |
| 38 | M.Sc. Nursing in Mental Health Nursing | | 2 Year |
| 39 | M.Sc. Nursing in Community Health Nursing | | 2 Year |
| 40 | GNM | 10+2 with English | 3 Year |
| 41 | ANM | 10+2 | 2 Year |

BIU COLLEGE OF MANGEMENT/HUMANITIES & JOURNALISM

| | | | |
|---|---|---|---|
| 42 | BBA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 43 | BBA (H) Finance & Taxation | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 44 | BBA (H) Business Intelligence & Data Analytics | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 45 | B. Com (Honors) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 46 | BCA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 47 | BCA (H) Information Technology & Multimedia | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 48 | BCA (H) Artificial Intelligence & Data Science | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 49 | BCA (H) Artificial Intelligence & Machine Lear. | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 50 | BA (Journalism/Mass Communication) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 51 | BJMC (H) Bachelor of Journalism & Mass Communication | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 52 | BMM (H) Bachelor of Mass Media | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 53 | MJMC Master of Journalism & Mass Comm. | UG Any Stream | 2 Year |
| 54 | MHA (Master in Hospital Administration) | UG Any Stream | 2 Year |
| 55 | MPH (Master in Public Health) | UG Any Stream | 2 Year |
| 56 | MBA | UG Any Stream | 2 Year |
| 57 | MCA | UG Any Stream | 3 Year |
| 58 | M. Com | UG Any Stream | 2 Year |
| 59 | MA (Political Science) | UG Any Stream | 2 Year |
| 60 | MA (Journalism) | UG Any Stream | 2 Year |
| 61 | MA (Mass Communication) | UG Any Stream | 2 Year |
| 62 | MA (English) | UG Any Stream | 2 Year |
| 63 | MA (Psychology) | UG Any Stream | 2 Year |
| 64 | MA (Sociology) | UG Any Stream | 2 Year |

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| | | | |
|---|---|---|---|
| 65 | B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCM/PCB) | 3 Year |
| 66 | M.Sc Forensic Science | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

FACULTY OF FINE ARTS

| | | | |
|---|---|---|---|
| 67 | Certificate in Photography | 10 Pass | 1 Year |
| 68 | Certificate in Cinematography | 10 Pass | 1 Year |
| 69 | Diploma in Cinematography (DIC) | 10 Pass | 2 Year |
| 70 | Diploma in Photography (DIP) | 10 Pass | 2 Year |
| 71 | Bachelor of Fine Arts (Film Making) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 72 | Bachelor of Fine Arts (Photography) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 73 | Master of Fine Arts (Photography) | UG Fine Arts | 2 Year |

Contact For More Information: 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153

Add.: Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly - 243006 (U.P.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in


# कल से रानीखेत में होगा ओपन कुमाऊं कप टूर्नामेंट

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिला टेनिस संघ व उत्तरांचल टेनिस एसोसिएशन की ओर से ओपन कुमाऊं कप टेनिस प्रतियोगिता 8 से 10 मई तक रानीखेत क्लब में होगी। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में कुमाऊं मंडल के 17 से 79 वर्ष आयु वर्ग तक के कुल 67 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन कल शाम 5 बजे ब्रिगेडियर संजय कुमार, कमांडेंट केआरसी करेंगे।

प्रतियोगिता में पिछले वर्ष की विजेता टीम रुद्रपुर हिमालियन्स के अलावा हल्द्वानी चैलेंजर्स, नैनी पीक्स नैनीताल, रामनगर टाइगर्स, चूनाखान वारियर्स और रानीखेत गुलदार टीमें डबल्स के लीग मुकाबलों में आमने-सामने होंगी। खिलाड़ियों को दो आयु वर्गों 19 से 59 वर्ष (ओपन) और 60 प्लस में प्रतिस्पर्धा का अवसर मिलेगा। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य राज्य में खेलों के प्रति जागरूकता, स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहन और खेल पर्यटन को बढ़ावा देना है। उत्तरांचल टेनिस एसोसिएशन के महासचिव सुमित गोयल ने बताया कि खिलाड़ी पूरे वर्ष इस प्रतियोगिता का बेसब्री से इंतजार करते हैं। संयोजक सचिव अरविंद साह और प्रबंधक गौरव पांडे के अनुसार, सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

जिला टेनिस संघ के अध्यक्ष हिमांशु उपाध्याय और उपाध्यक्ष अनिल गोयल ने भी प्रतियोगिता स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। वहीं उत्तरांचल टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार व संरक्षक प्रदीप कुमार वालिया ने आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

डीके व एचसीसी के मैच में मैदान में मौजूद खिलाड़ी। • अमृत विचार

### डीके, कोल्टस, जीएनजी व एचसीसी अगले चरण में

**हल्द्वानी :** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से अंडर-16 बालक वर्ग की जिला क्रिकेट लीग में डीके स्पोर्ट्स, कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी, जीएनजी और एचसीसी ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। बुधवार को एमएस क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए मुकाबले में डीके स्पोर्ट्स ने एचसीसी को 5 विकेट से हराकर जीत दर्ज की। एचसीसी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और 31वें ओवर में 84 रन पर सिमट गई। एचसीसी की ओर से दक्ष ने 25, चंद्रभान ने 20 और अंश ने 16 रन बनाए। डीके स्पोर्ट्स के लिए देवांग नेगी, लव आर्या, रक्षित और राकेश बिष्ट ने 2-2 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीके स्पोर्ट्स की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 18वें ओवर में 5 विकेट खोकर 85 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। टीम की ओर से हार्दिकराज ने 43 और ईशान जोशी ने 25 रनों का योगदान दिया। एचसीसी के अंकुश शर्मा ने 2 विकेट हासिल किए। शानदार गेंदबाजी के लिए डीके स्पोर्ट्स के रक्षित को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# प. बंगाल में शानदार जीत पर आतिशबाजी की, मनाया जश्न

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने रामलीला मैदान, ऊंचापुल में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ आतिशबाजी कर जश्न मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं का मुंह मीठा कराया गया।

विधायक भगत ने कहा कि बंगाल की जनता ने बदलाव के पक्ष में मतदान करते हुए विकास और सुशासन को चुना है। उन्होंने कहा कि आगामी 2027 के उत्तराखंड में भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में भाजपा मजबूत जनादेश हासिल करेगी। दर्जा मंत्री सुरेश भट्ट ने कहा कि सरकार ने समान नागरिक संहिता, आपदा प्रबंधन, चारधाम यात्रा और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। वरिष्ठ नेता महेश शर्मा ने भाजपा की नीतियों को जनहितकारी बताते हुए 2027 में प्रचंड बहुमत का दावा किया। इस दौरान मेयर गजराज बिष्ट, जोगेंद्र रौतेला, प्रमोद तोलिया रहे।

सिटी ब्रीफ

## रामनगर बार चुनाव 16 को, नामांकन पत्रों बिक्री आज और कल

**रामनगर :** रामनगर बार एसोसिएशन के चुनाव की तिथि घोषित कर दी गई है। मुख्य चुनाव अधिकारी पी.एस. बोहरा एवं सहायक चुनाव अधिकारी सिद्धार्थ अग्रवाल ने चुनाव कार्यक्रम की जानकारी दी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 7 व 8 मई को नामांकन पत्रों की बिक्री होगी। 11 व 12 मई 2026 को दोपहर 1 बजे तक नामांकन पत्र जमा किए जाएंगे, जबकि 12 मई को ही 1:00 बजे के बाद नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 14 मई को जनरल गैदरिंग आयोजित होगी। मतदान 16 मई 2026 को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक रामनगर बार एसोसिएशन के सभा कक्ष में होगा। उसी दिन सायं 4:00 बजे से मतगणना शुरू की जाएगी और इसके बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे। इस मौके पर रामनगर बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्ता रहे।

## उत्तराखंड में विधि प्रकोष्ठ को मजबूत करेगी कांग्रेस

**रामनगर :** कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रूपेश सिंह भदौरिया ने कहा कि उत्तराखंड में विधि प्रकोष्ठ को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता जनता के अधिकार दिलाने के लिए व्यापक अभियान चलाएंगे और संगठन का उद्देश्य देश में कानून का राज स्थापित करना है। भदौरिया ने कांग्रेस विचारधारा से जुड़े अधिवक्ताओं से संपर्क कर उन्हें संगठन से जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हर मतदाता को कानून की जानकारी होना जरूरी है, जिसके लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक रणजीत रावत ने कहा कि देश में नौकरशाही बेलगाम हो रही है, जो लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है। कार्यक्रम के आयोजक फैजुल हक ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में कई अधिवक्ता और कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रिसर्च मैनेजमेंट के वैज्ञानिक पहलू बताए

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की पत्रकारिता व मीडिया अध्ययन विद्याशाखा की ओर से एमए (पत्रकारिता एवं जनसंचार) के विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य रिसर्च वर्कशॉप कराई गई। चारदिवसीय कार्यशाला के अंतर्गत तीसरे दिन के सत्र में विद्यार्थियों को रिसर्च मैनेजमेंट के लिए वैज्ञानिक पद्धतियों और व्यावहारिक पहलुओं के बारे में बताया गया।

### इस साल अब तक नैनीताल झील से निकाला जा चुका है तीन टन कचरा, भवन निर्माण का मलबा लील रहा है झील की गहराई

# जतन तो हुए तमाम पर झील में कचरा रोकने की जुगत न आयी काम

- झील में कचरा निकालने के लिए नियुक्त किए गए हैं 6 कर्मचारी

संवाददाता, अमृत विचार

**नैनीताल:** जीवनदायिनी नैनी झील कूड़े कचरे की गंदगी से अछूती नहीं। झील की तलहटी में मलबा समाने का कोई हिसाब नहीं, जो झील की गहराई को भीतर से निगल रहा है। बहरहाल नगर पालिका झील से पिछले चार महीने में तीन टन कचरा निकाल चुकी है। अब बरसात नजदीक आ रही तो बेशुमार कचरा झील में समाना शुरू हो जाएगा।

नैनी झील में कूड़ा कचरा जाने का क्रम आज से नहीं, बल्कि दशकों से जारी है। झील में गंदगी जाने से रोकने के लिए जिम्मेदार विभागों ने जतन तो कई किए, लेकिन कोई भी प्रयास अभी तक सफल होता नजर नहीं आया है। हर साल हजारों कुंतल कचरा झील में पहुंचता है।

झील की उपरी सतह से कचरा तो निकाल दिया जाता है, लेकिन भवन निर्माण का मलवा झील की तलहटी में बैठ जाता है। जिसका हिसाब लगाना भी आसान नहीं। जिस कारण झील की गहराई भी तिल तिल कर कम होती जा रही है। झील से कचरा निकालने के जिम्मेदार पालिका के जेई अमित कुमार के अनुसार इस वर्ष अभी तक तीन टन कचरा निकाला जा चुका है। झील में कचरा निकालने के लिए छः कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं, जो रोजाना झील से कचरा निकालते है। कचरा निकालने के लिए झील में पालिका की अपनी बोटें लगाई हैं, जिनके द्वारा झील की ऊपरी सतह से कचरा निकाल लिया जाता है।

नैनी झील से निकाला गया कचरे का ढेर। ● अमृत विचार

मालरोड पर स्वच्छता जागरूकता को लेकर बनाई गई पेंटिंग।

### पालिका प्रशासन 40 चालान कर चुका है इस वर्ष

**नैनीताल :** जेई अमित कुमार ने बताया कि झील में कचरा फेंकने वालों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की जाती है। जिसके तहत इस वर्ष 40 लोगों के चालान किए जा चुके हैं। चालान में 250 रुपए का आर्थिक दंड वसूला जाता है। सर्वाधिक चालान सैलानियों के लिए गए हैं। झील में कूड़ा कचरा न फेंकने और मछलियों को चारा न देने को लेकर कई स्थानो में बोर्ड लगाए गए हैं।

> झील में कूड़ा कचरा न डालने और स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिए झील किनारे सुंदर पेंटिंग बोर्ड लगाए गए हैं। नगर के तमाम हिस्सों में कूड़े दानों की व्यवस्था है। मगर झील में कूड़ा जाने की समस्या बनी हुई हैं। -अमित कुमार, जेई

## रानीबाग में सूखा पेड़ बना है खतरा

**भीमताल:** रानीबाग में राष्ट्रीय राजमार्ग पर मिलिट्री कैंप मार्ग के पास एक सूखा पेड़ राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरा बना हुआ है। स्थानीय निवासी सुधीर साह के घर के सामने स्थित यह पेड़ सड़क की ओर झुका हुआ है और कभी भी गिर सकता है।

सामाजिक कार्यकर्ता दीपक नौगांई ने बताया कि पेड़ के तने में बड़ी-बड़ी दरारें पड़ चुकी हैं, जिससे इसके गिरने की आशंका बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि यह पेड़ किसी भी समय राहगीरों या वाहनों पर गिरकर बड़ा हादसा कर सकता है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से इस पेड़ को तत्काल काटने की मांग की है, ताकि संभावित दुर्घटना से बचा जा सके। उन्होंने प्रशासन से जल्द कार्रवाई करने की अपील की है।

# मानसून को लेकर प्रशासन अलर्ट

### विभागों को समयबद्ध कार्ययोजना और त्वरित रिस्पॉन्स सुनिश्चित करने के निर्देश

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** मानसून सीजन को देखते हुए नैनीताल जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देश पर बुधवार को जिला कार्यालय सभागार में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं प्रशासन) सौरभ असवाल की अध्यक्षता में मानसून पूर्व तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में एडीएम ने स्पष्ट किया कि मानसून के दौरान संभावित प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए पूर्व तैयारी, विभागीय समन्वय और त्वरित रिस्पॉन्स सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। सभी विभागों को अलर्ट मोड में रहते हुए समयबद्ध कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। सड़क एवं निर्माण एजेंसियों को भूस्खलन संभावित मार्गों पर जेसीबी और पोकलैंड जैसी भारी मशीनरी ऑपरेटर सहित तैनात करने तथा संबंधित कार्मिकों की जानकारी सार्वजनिक करने को कहा गया। उपजिलाधिकारियों को बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर आवश्यक सुरक्षात्मक कार्य तत्काल पूरा कराने के निर्देश दिए गए। विद्युत विभाग को आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में तत्काल बहाली के लिए पर्याप्त उपकरणों का स्टॉक और वैकल्पिक लाइन तैयार रखने को कहा गया। वहीं, जल संस्थान और पेयजल निगम को पेयजल लाइनों की मरम्मत, टंकियों की सफाई और पाइप-फिटिंग्स का बफर स्टॉक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जरूरत पड़ने पर टैंकरों की व्यवस्था भी तैयार रखने को कहा गया। स्वास्थ्य विभाग को सीएचसी, पीएचसी और उपकेंद्रों में जीवनरक्षक दवाएं, एंटी-वेनम और ओआरएस का पर्याप्त भंडारण करने तथा दुर्गम क्षेत्रों में मेडिकल टीम और एम्बुलेंस की अग्रिम तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को संवेदनशील क्षेत्रों में तीन माह का अग्रिम राशन भंडारण करने को कहा गया।

एडीएम ने बताया कि जिला और तहसील स्तर पर आपदा कंट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय रहेंगे और सभी विभागों को न्यूनतम रिस्पॉन्स टाइम सुनिश्चित करना होगा। वन, लोनिवि और नगर निकायों को सड़क किनारे खतरनाक पेड़ों को चिन्हित कर हटाने तथा जर्जर भवनों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। साथ ही 15 जून से पहले सभी नालों-नालियों की सफाई पूरी करने को कहा गया। सिंचाई विभाग को नहरों की सफाई और तटबंधों के सुदृढ़ीकरण के साथ संवेदनशील स्थानों पर जियो-बैग और वायर-क्रेट की व्यवस्था करने को कहा गया। बैठक में सभी विभागों को एक सप्ताह के भीतर मानसून कार्ययोजना प्रस्तुत करने और हर 15 दिन में प्रगति रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एसपी सिटी जगदीश चंद्र, नगर आयुक्त हल्द्वानी परितोष वर्मा, एसडीएम नैनीताल नवाजिश खालिक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे

नैनीताल में मानसून की तैयारियों को लेकर बैठक करते अपर जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

## धानाचूली में होटल कर्मियों ने चलाया सफाई अभियान

**धानाचूली:** स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए धानाचूली क्षेत्र में होटल कर्मियों ने सराहनीय पहल की। देवलीधार से सड़क मार्ग पर बिखरे कूड़े को इकट्ठा करने के लिए विशेष सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

अभियान के दौरान होटल स्टाफ ने सड़क किनारे पड़े कूड़े को गार्बेज बैग में भरकर एकत्र किया। इस दौरान करीब 2 कुंटल कूड़ा एकत्रित किया गया, जिससे क्षेत्र में साफ-सफाई का सकारात्मक माहौल देखने को मिला। अर्काया होटल के प्रबंधक रमेश मेहता ने बताया कि होटल कर्मचारियों ने लगभग 500 मीटर क्षेत्र में फैले कूड़े को साफ किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयास न केवल पर्यावरण को स्वच्छ बनाते हैं, बल्कि लोगों को भी जागरूक करने का काम करते हैं।

इस मौके पर होटल कर्मियों ने स्थानीय लोगों और पर्यटकों से अपील की कि वे अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें और कूड़ा इधर-उधर न फैलाएं, ताकि पहाड़ों की प्राकृतिक सुंदरता बरकरार रह सके।

# ज्ञान-विज्ञान और नैतिक मूल्यों की भाषा है संस्कृत

रामनगर डिग्री कालेज में व्याख्यान देते वक्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** महाविद्यालय के संस्कृत विभाग के तत्वावधान में विभागीय परिषद के अंतर्गत एक व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व प्राचार्य, राजकीय इंटर कॉलेज, डॉ. सत्य प्रकाश मिश्र ने "संस्कृत की प्रासंगिकता एवं रोजगार के अवसर" विषय पर महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किए।

उन्होंने कहा कि संस्कृत ज्ञान-विज्ञान की भाषा है, जिसकी परंपरा वेदों से प्रारंभ होती है। शास्त्रों के सम्यक ज्ञान के लिए शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छंद और ज्योतिष जैसे छह वेदांगों का ज्ञान आवश्यक है। उन्होंने संस्कृत की प्राचीनता, विशिष्टता, समाजोपयोगिता तथा विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगार के अवसरों पर भी प्रकाश डाला। डॉ. मिश्र ने कहा कि संस्कृत शास्त्रों का अध्ययन व्यक्ति को सदाचार, सद्विचार, सद्व्यवहार और नैतिक मूल्यों की शिक्षा देता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एमसी पाण्डे ने कहा कि संस्कृत न केवल दर्शन और कर्मकांड की भाषा है, बल्कि यह कंप्यूटर विज्ञान के क्षेत्र में भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। कार्यक्रम के संयोजक एवं संस्कृत विभाग प्रभारी डॉ. मूलचन्द्र शुक्ल ने मुख्य वक्ता सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया और व्याख्यान की प्रस्तावना प्रस्तुत की। अंत में योग विभाग के प्राध्यापक डॉ. मुरलीधर कापड़ी ने धन्यवाद किया। इस मौके पर विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राएं, चीफ प्रॉक्टर प्रो. एसएस मौर्य रहे।

# बिजली मीटर बदलने का विरोध

रामनगर में बिजली मीटर बदलने का विरोध करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

संवाददता, रामनगर

- पूर्व विधायक रणजीत रावत ने कार्रवाई को बताया शोषण

**अमृत विचार:** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिजली विभाग द्वारा जबरन मीटर बदलने के विरोध में नाराजगी जताई। इस दौरान पूर्व विधायक रणजीत रावत ने विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए इसे आम जनता का शोषण बताया।

उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग बिना उपभोक्ताओं की सहमति के सही चल रहे मीटरों को बदलने की कोशिश कर रहा है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कदम उपभोक्ताओं पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डालने जैसा है। जिला उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल खुलासा ने भी विभाग की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए कहा कि इस प्रकार की मनमानी के खिलाफ जनता को जागरूक होना जरूरी है। यदि लोग अपने अधिकारों के प्रति सजग नहीं होंगे, तो विभाग की मनमानी जारी रहेगी। विरोध के चलते फिलहाल मीटर बदलने का कार्य रोक दिया गया है। इस दौरान कांग्रेस नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा, जावेद खान, एडवोकेट फैजुल हक सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आत्मनिर्भर मंडल बैठक में संगठन मजबूती पर जोर

संवाददाता, नैनीताल

- 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति पर मंथन

**अमृत विचार:** भाजपा नैनीताल नगर मंडल की आत्मनिर्भर मंडल बैठक बुधवार को राज्य अतिथि गृह में आयोजित की गई। बैठक में मंडल के पदाधिकारियों, विभिन्न मोर्चों के अध्यक्षों एवं महामंत्रियों ने भाग लेकर संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा की।

बैठक की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की ने की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और संगठन में कार्यकर्ता ही सर्वोपरि है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से संगठन को मजबूत करने, जनसंपर्क बढ़ाने और बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने का आह्वान किया। बैठक का संचालन महामंत्री आशीष बजाज और हरीश सिंह राणा ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई तथा वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर रणनीति बनाने पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में उपाध्यक्ष मोहित लाल साह, विक्रम राठौर, ज्योति ढौंडियाल, मंडल मंत्री विकास जोशी, कार्यालय मंत्री भारत सिंह मेहरा, युवा मोर्चा अध्यक्ष ऋत्तुल कुमार, किसान मोर्चा अध्यक्ष मयंक पंत, महिला मोर्चा अध्यक्ष अमिता साह, अनुसूचित मोर्चा उपाध्यक्ष विजय आर्य, ओबीसी मोर्चा महामंत्री संजीव रस्तोगी, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मनसंजोक सिंह रहे।

# ग्राफिक एरा में विदेशी छात्रों का स्वागत

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल परिसर के सेंटर फॉर कुमाऊंनी कल्चर एंड हेरिटेज द्वारा अमेरिका से आए 15 अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। 6 से 10 मई 2026 तक आयोजित यह प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम भारतीय सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश विषय पर आधारित है और इंडियन नॉलेज सिस्टम्स के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है।

कुमाऊंनी वेशभूषा में सजे भारतीय विद्यार्थियों ने विदेशी मेहमानों का तिलक लगाकर स्वागत किया, जबकि अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के पहले दिन प्रतिभागियों को हिंदी भाषा की जानकारी दी गई। इंटरैक्टिव सत्र में विद्यार्थियों ने अंग्रेजी शब्दों को हिंदी लिपि में लिखना सीखा। परिसर निदेशक ने भारतीय संस्कृति की समृद्ध विरासत पर प्रकाश डालते हुए सम्मान, विनम्रता और एकता को समाज की आधारशिला बताया।

ग्राफिक एरा में अमेरिकी विद्यार्थियों ने शुरू किया भारतीय ज्ञान प्रणाली पाठ्यक्रम।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404
Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes July 2026 session in the following disciplines
- Faculty of Medical Sciences (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Dental Sciences (All Specialities)
- Faculty of Management
Application Fee
- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD
Last Date of Receiving Application : 30th May, 2026
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee, visit university website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

मिलेगी राहत

### 17 स्थानों पर लगेंगे 'ट्रैफिक आई' डिवाइस, पर्यटन सीजन में जाम से मिलेगी राहत

# नैनीताल में लागू होगा स्मार्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** पर्यटन और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण नैनीताल जनपद में बढ़ते यातायात दबाव और जाम की समस्या से निपटने के लिए उत्तराखंड सरकार ने स्मार्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट की दिशा में ठोस कदम उठाया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ के निर्देश पर कुमाऊं परिक्षेत्र की पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) रिद्धिम अग्रवाल ने जिले में इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

इस योजना के तहत पहले चरण में जिले के 17 प्रमुख स्थानों और पार्किंग क्षेत्रों में कुल 37 'ट्रैफिक आई' डिवाइस स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है। आगे चलकर पूरे जनपद में 70 से अधिक डिवाइस लगाने की योजना है, जिस पर लगभग 69 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है।

### परीक्षण में मिले सकारात्मक परिणाम

आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने बताया कि इस प्रणाली का परीक्षण मेट्रोपोल पार्किंग, डीएसए पार्किंग, अशोक पार्किंग और सिविल कोर्ट क्षेत्र में किया जा चुका है। परीक्षण के दौरान इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए, जिसके बाद इसे व्यापक स्तर पर लागू करने का निर्णय लिया गया।

### आईआईटी रुड़की के सहयोग से तैयार तकनीक

यह अत्याधुनिक 'ट्रैफिक आई' सिस्टम भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की के तकनीकी सहयोग से विकसित किया गया है। इसके माध्यम से शहर के विभिन्न मार्गों और पार्किंग स्थलों पर वाहनों की संख्या, पार्किंग क्षमता और यातायात दबाव की रियल टाइम मॉनिटरिंग की जा सकेगी। इससे ट्रैफिक नियंत्रण बेहतर होगा और जाम की स्थिति से समय रहते निपटा जा सकेगा।

### इन प्रमुख स्थानों पर होगी स्थापना

पहले चरण में नारिमन तिराहा (काठगोदाम), भीमताल मोड़, भवाली चौराहा, बारापत्थर, तल्लीताल, कालाढूंगी तिराहा समेत अन्य प्रमुख चौराहों और पार्किंग स्थलों को चिन्हित किया गया है। इन क्षेत्रों में यातायात दबाव अधिक रहता है, जिससे अक्सर जाम की स्थिति बनती है।

### पर्यटन सीजन में मिलेगी राहत

आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने कहा कि इस स्मार्ट सिस्टम के लागू होने से विशेष रूप से पर्यटन सीजन के दौरान यातायात प्रबंधन अधिक सुदृढ़ और प्रभावी होगा। इससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों और श्रद्धालुओं को भी सुगम, सुरक्षित और बेहतर यातायात सुविधा मिल सकेगी।

## उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), हल्द्वानी**
**33/11 के०वी० उपसंस्थान परिसर, कमलुवागांजा, हल्द्वानी (नैनीताल)**
ई-मेल: erddh@yahoo.co.in, फोन नं०-(05946) 292040, फैक्स नं०-(05946) 298318

पत्रांक : 2075/ वि०वि०ख० (ग्रा०), ह० **शिविर सूचना** दिनांक : 06/05/2026

विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), हल्द्वानी के अधीन विद्युत वितरण उपखण्ड, कमलुवागांजा, लालकुआं एवं टी०पी० नगर के समस्त सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित स्थानों पर उनके सम्मुख अंकित तिथियों में उपभोक्ता सेवा शिविर लगाये जायेंगे। जिसमें विद्युत बिलों का भुगतान एवं विद्युत बिल सम्बन्धी, स्मार्ट मीटर एवं अन्य शिकायतों / समस्याओं/ सुझावों आदि कार्यों को निष्पादित किया जायेगा। एवं प्रत्येक कार्यदिवस (कार्यालय समय) में सभी कैश काउन्टरों पर अपने विद्युत बिलों का भुगतान करा सकते हैं।

अतः सम्मानित उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि निम्न विवरणानुसार शिविर में पधारकर अपने बकाया विद्युत बिलों का भुगतान करें।

| क्र० सं० | दिनांक | श्री संजय चौहान, उपखण्ड अधिकारी, कमलुवागांजा मो०नं०-9412093111/श्री विनोद कुमार शाह, अवर अभियन्ता, कमलुवागांजा मो०नं०-9917474863, श्री पंकज पंत, अवर अभियन्ता, अनुभाग मुखानी, ऊँचापुल, मो०नं०-9412087737/श्री कुंदन आर्या, अवर अभियन्ता, कठघरिया, मो०नं०-9412086324/श्री रजनीश कुमार, अवर अभियन्ता, अनुभाग ब्लॉक, बिठौरिया, मो०नं०-9412087181/श्री विनोद चन्द्र जोशी, अवर अभियन्ता, अनुभाग दमुवाढूंगा, मो०नं०-9412087736 | श्री संजय प्रसाद, उपखण्ड अधिकारी, लालकुआं, मो०नं०-9412093123/श्री नीरज आर्या, अवर अभियन्ता, लालकुआं, मो०नं०-9412093126/ श्री पुष्कर सिंह मेहरा, अवर अभियन्ता, धौलाखेड़ा, मो०नं०-9411107896 | श्री मनोज तिवारी, उपखण्ड अधिकारी, टी०पी० नगर (फूलचौड़), मो०नं०-9411113010/श्री धीरज पंत, अवर अभियन्ता, टी०पी० नगर, मो०नं०-9412093125/श्री हरीश कुमार, अवर अभियन्ता, फुटकुआं, मो०नं०-9412087243/श्री सुरेश काण्डपाल, अवर अभियन्ता, फूलचौड़, मो०नं०-9411113062 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 07-05-2026 | बावन डॉठ फतेहपुर | 2 कि०मी० बिन्दुखत्ता/ आदर्श नर्सरी के समीप फत्ताबंगर | सिद्धेश्वर मंदिर |
| 2 | 08-05-2026 | रामलीला ग्राउण्ड ऊँचापुल | धौलाखेड़ा | शिवाशीष कॉलोनी |
| 3 | 11-05-2026 | चौफुला चौराहा | दुम्काबंगर उमापति काण्डपाल जी की चक्की | आम का बगीचा |
| 4 | 12-05-2026 | लामाचौड़ इंटर कॉलेज लामाचौड़ | भट्ट कॉम्पलैक्स हाथीखाल | पुरानी आई०टी०आई० बरेली रोड |
| 5 | 13-05-2026 | कठघरिया चौराहा | हाथीखाना | धनपुरी |
| 6 | 14-05-2026 | गॉधी आश्रम कठघरिया | जयपुर बीसा प्राईमरी स्कूल | गन्ना सेंटर |
| 7 | 16-05-2026 | हनुमान मंदिर कुसुमखेड़ा | इन्द्रपुर चौराहा | पंचमुखी हनुमान मंदिर |
| 8 | 18-05-2026 | अंबेडकर पार्क दमुवाढूंगा | धौलाखेड़ा | प्रेमपुर लोशज्ञानी |
| 9 | 19-05-2026 | 33/11 के०वी० उपसंस्थान कमलुवागांजा | हनुमान मंदिर, बिन्दुखत्ता | बेलबाबा मंदिर |
| 10 | 20-05-2026 | पंचक्की चौराहा | आदर्श नर्सरी के समीप फत्ताबंगर | 33/11 के०वी० उपसंस्थान फूलचौड़ |
| 11 | 21-05-2026 | गैस गोदाम रोड (नेगी जी के घर के पास) | जयपुर बीसा प्राईमरी स्कूल | वार्ड नं-56 मानपुर पश्चिम |
| 12 | 22-05-2026 | लामाचौड़ चौराहा | बंगाली कॉलोनी, लालकुआं | पंचायत घर चौराहा |
| 13 | 23-05-2026 | बावन डॉठ फतेहपुर | 2 कि०मी० बिन्दुखत्ता/ आदर्श नर्सरी के समीप फत्ताबंगर | सिद्धेश्वर मंदिर |
| 14 | 25-05-2026 | प्राईमरी स्कूल पनियाली कठघरिया | भट्ट कॉम्पलैक्स हाथीखाल | ग्रामीण बैंक, एस मोड़ छडैल के पास |
| 15 | 26-05-2026 | बेडीखत्ता दमुवाढूंगा | हनुमान मंदिर, बिन्दुखत्ता | जी मॉल, धान मिल के पास |
| 16 | 27-05-2026 | बसानी ग्राम प्रधान जी के घर पर | देवरामपुर | आम का बगीचा |
| 17 | 28-05-2026 | संकल्प बैंकट हॉल पीलीकोठी | टूटी पुलिया | शिवाशीष कॉलोनी |
| 18 | 29-05-2026 | गुजरौड़ा फतेहपुर | इन्द्रपुर चौराहा | नई आई०टी०आई० |
| 19 | 30-05-2026 | पंचायत घर मीठाऑवला | दौलिया | गन्ना सेंटर |
| 20 | 31-05-2026 | अमृत आश्रम ऊँचापुल | खुरियाखत्ता 12 नं० | 33/11 के०वी० उपसंस्थान टी०पी० नगर |

कृपया बिल तिथि से 10 दिनों के भीतर बिजली का ऑनलाईन भुगतान करें, ऑनलाईन भुगतान पर 1.5% की छूट और वर्तमान बिल राशि पर 100 रूपये तक के कर को छोड़कर सभी ऑफलाईन भुगतान पर 1% की छूट प्राप्त करें।

Customer Care Toll Free No. 1912
"Pay Electricity bill Online 24 X 7 from www.upcl.org"
"विद्युत बिलों के 24 X 7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएँ"
"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"
"बिजली बचाने हेतु एल०ई०डी० बल्ब का प्रयोग करें"

(अभि० एस०के० गुप्ता)
अधिशासी अभियन्ता

# सीलिंग की 400 वर्ग मीटर भूमि को कब्जे में लिया गया

## एक स्कूल स्वामी ने बाउंड्रीवाल बनाकर कर लिया था कब्जा

संवाददाता, रुद्रपुर

फाजलपुर महरौला में कब्जे की जमीन की जानकारी लेते एडीएम पंकज उपाध्याय।

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया के निर्देश पर प्रशासन की टीम ने ग्राम फाजलपुर महरौला में स्कूल स्वामी द्वारा सीलिंग की जमीन पर किए गये कब्जे को सील कर अपने कब्जे में लिया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को गुरुवार तक जांच कर एवं वैधानिक कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

ग्राम फाजलपुर महरौला रुद्रपुर में सीलिंग की वाद ग्रस्त भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत एवं अवैध रूप से विद्यालय संचालन की शिकायत मिलने पर अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में प्रशासन की टीम निरीक्षण के लिए मौके पर पहुंची। इस दौरान ग्राम फाजलपुर महरौला में डिजिटल ग्लोबल वर्ड स्कूल के मालिक शकील द्वारा वाद ग्रस्त सीलिंग की लगभग 400 वर्ग मीटर भूमि पर बिना भूमि स्वामित्व के बाउंड्रीवाल बनाकर कब्जा किया जा रहा था।

वहीं राजस्व विभाग के अधिकारियों ने भूमि के गेट को सील कर अपने कब्जे में लिया गया। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि स्कूल का मूल भवन लगभग 400 वर्ग गज पर बना है, लेकिन बिना भूमि के स्वामित्व एवं मानचित्र के स्कूल संचालन की मान्यता वर्ष 2025 में प्राप्त कर संचालन किया जा रहा है। वहीं अपर जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को गुरुवार तक जांच कर एवं वैधानिक कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

### बगैर भूमि स्वामित्व-मानचित्र के विद्युत कनेक्शन नहीं देने के निर्देश

**रुद्रपुर :** निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी ने क्षेत्र में अवैध निर्माण के अन्य प्रकरण की तत्काल जांच के निर्देश प्राधिकरण और राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने क्षेत्र में बिना भूमि स्वामित्व एवं स्वीकृत मानचित्र के विद्युत कनेक्शन न देने के निर्देश यूपीसीएल के अधिकारियों को दिए।

### ये अधिकारी रहे मौजूद

नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, तहसीलदार दिनेश कुटोला, जिला शिक्षा अधिकारी हरेंद्र मिश्रा के साथ जिला विकास प्राधिकरण और यूपीसीएल के अधिकारी आदि।

# मोबाइल शोरूम कर्मी की सड़क हादसे में मौत

संवाददाता, रुद्रपुर

- पहले पशु से टकराया फिर अज्ञात वाहन ने रौंद दिया

**अमृत विचार:** विगत रात्रि काशीपुर रोड में करतार हवेली के पास मोबाइल शोरूम में काम करने वाले युवक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। स्थानीय लोगों की मदद से युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों से मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं जानकारी मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम अलखदेवा प्रेमनगर थाना गदरपुर निवासी परविंदर सिंह उर्फ पिंदर (35) पुत्र रंजीत सिंह रुद्रपुर स्थित एक मोबाइल शोरूम में कार्य करता था। बताया जा रहा है कि रोज की तरह मंगलवार की रात भी वह ड्यूटी कर घर लौट रहा था। इस बीच करीब 10:30 बजे वह करतार हवेली के सामने पहुंचा ही था कि डिवाइडर पर बैठे एक बेसहारा पशु अचानक सड़क पर आ गया। जब तक परविंदर कुछ समझ पाता उसकी बाइक टकरा गई, जिससे वह सड़क पर गिर गया।

इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया और मौके से फरार हो गया। आनन फानन में वहां से गुजर रहे लोग गंभीर घालत में उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने रात में ही शव को मोर्चरी भिजवा दिया और बुधवार सुबह पंचनामा भर पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा, किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, समाजसेवी सुशील गाबा ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर परिवार को ढांढस बंधाया।

## उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड, तिकोनिया नैनीताल रोड, हल्द्वानी (नैनीताल)-263139,
फोन एवं फैक्स : 05946-220172, E-mail: eddhld@yahoo.com

**विद्युत बाधित होने की सूचना**

हल्द्वानी (नगर) खण्ड के अन्तर्गत समस्त सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित करना है कि जमरानी बाँध बहुउद्देश्यीय परियोजना के अर्न्तगत नैनीताल रोड स्थित नहर के पुनर्निर्माण का कार्य किया जा रहा है। उक्त कार्य के दौरान नहर के किनारे स्थित विद्युत पोलों के स्थानान्तरण का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। साथ ही टाउन-1 पोषक में विधायक निधि के अर्न्तगत पोल खड़ा करने का कार्य भी किया जाना है। उक्त कार्यों के दौरान सम्बन्धित पोषक की विद्युत आपूर्ति पूर्ण/आशिंक रूप से बाधित रहेगी –

| क्र0 सं0 | दिनांक एवं दिन | उपसंस्थान का नाम | फीडरों के नाम | समय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 07.05.2026 (गुरूवार) | 33/11 के0वी0 GIS उपसंस्थान, शीशमहल | कॉलटैक्स पोषक | प्रातः 10:00 से सांय 04:00 बजे तक |

अतः समस्त उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की जाती है।
"विद्युत बिलों के **24x7** ऑनलाइन भुगतान हेतु **www.upcl.org** पर जायें"
पत्रांकः Camp/05/2026/वि0न0वि0ख0/ दिनांक : 06/05/2026 अधिशासी अभियन्ता
"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" कस्टमर केयर टोल फ्री नं0 1800-419-0405

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर घायल

**बाजपुर :** बेरिया रोड स्थित प्रकाश मिल के पास मंगलवार रात एक तेज रफ्तार वाहन ने बोलेरो सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अशोक नगर निवासी सुधीर कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, सुधीर अपनी बोलेरो खड़ी कर सामान लेने दुकान पर गए थे, तभी पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, भीमताल

पत्रांक : 160/निविदा/2025-26 **अल्पकालीन निविदा** दिनांक : 06-05-2026

वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य आपदा मोचन निधि क अंतर्गत प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त विभागीय परिसंपत्तियों के तात्कालिक मरम्मत कार्यों हेतु दैवीय आपदा मद में स्वीकृत निम्न योजनाओं के निर्माण हेतु महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 14-05-2026 की अपराहन् 2:30 बजे तक मुहरबंद कोटेशन/ निविदा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन 3:30 बजे उपस्थित ठेकेदार एवं उनके नामित प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी या नामित प्रतिनिधि द्वारा खोली जाएंगी। निविदा प्रपत्रों का विक्रय अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय भीमताल में दिनांक 06-05-2026 से 13-05-2026 के अपराहन् 5:00 बजे तक किया जावेगा। निविदा के साथ धरोहर धनराशि एन०एस०सी० अथवा डाकघर बचत पास बुक एवं राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ०डी०आर० के रूप में खण्ड विकास अधिकारी भीमताल के पदनाम से बंधक करते हुए प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। उक्त तिथियों में अवकाश होने की स्थिति मे निविदा विक्रय / खोलने की कार्रवाई अगले कार्य दिवस में की जावेगी। निविदा संबंधी प्रपत्र जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखे व प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | कार्य की अनुमोदित धनराशि लागत | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य+ 18 प्रतिशत जी०एस०टी० | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | विभाग में पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम सभा जंगलियागांव में पंचायतघर के समीप भूस्खलन को रोकने हेतु सुरक्षात्मक कार्य। | 961000.00 | 20000.00 | 500.00+ जी०एस०टी० | 03 माह | 45 दिन | डी श्रेणी |

खण्ड विकास अधिकारी
भीमताल

ब्रीफ न्यूज

### युद्ध के प्रभाव पर विचार व्यक्त किए

**काशीपुर :** राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बुधवार को कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में वर्तमान समय में चल रहे युद्ध के भारतीय अर्थशास्त्र पर प्रभाव पर छात्र-छात्राओं ने पीपीटी के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए। इसमें नूर जहां का प्रस्तुतीकरण सर्वश्रेष्ठ रहा। उत्कर्ष शर्मा, आकाश कुमार, अलीशा, पंकज सैनी के प्रमुख विचार रहे। साथ ही साईं विभूति, अनिल कुमार, शगुन कुमार, अस्मित कुमार, संध्या चौरसिया, अभिषेक प्रमुख रहे। इस मौके पर डॉ. केएन यादव, डॉ. जानकी सुयाल, डॉ. अमादुद्दीन अहमद मौजूद रहे।

### ज्वैलरी की दुकान से मां-बेटी ने उड़ाई नोजपिन

**बाजपुर :** नगर में बुधवार सुबह एक ज्वैलर्स की दुकान पर सोना खरीदने के बहाने आई मां-बेटी ने करीब दो ग्राम की नोजपिन चोरी कर ली। महिलाओं के जाने के बाद जब कर्मचारी ने स्टॉक चेक किया, तो सामान कम मिला। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर एक महिला साफ तौर पर नोजपिन चुराते हुए दिखाई दी। दुकानदार ने तुरंत खोजबीन शुरू की और करीब दो घंटे बाद दोनों को तहसील मार्ग से पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस कोतवाली में दोनों से पूछताछ की जा रही है और चोरी का सामान बरामद होने की सूचना है।

### साली को लेकर जीजा फरार, मुकदमा दर्ज

**काशीपुर :** एक जीजा अपनी ही नाबालिग साली को बहला फुसलाकर भगा ले गया। कानूनी कार्यवाही करने पर युवक अपनी ही साली के फोटो वायरल करने व पत्नी को तलाक देने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। काशीपुर निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पति 3 मई को उसकी नाबालिग बहन को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया एवं उसके अश्लील फोटोग्राफ भी बना लिये हैं।

### 67 हजार से अधिक बच्चों को दी जाएगी दवा

**बाजपुर :** उपजिलाधिकारी डॉ. अमृता शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सात मई (गुरुवार) को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पीडी गुप्ता ने बताया कि सरकारी व निजी स्कूलों और 288 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से 67,785 बच्चों को एल्बेंडाजोल की टैबलेट खिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

# क्षुब्ध ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय को घेरा

## एसडीएम कार्यालय के बाहर की महापंचायत, आश्वासन के बाद धरना किया समाप्त

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** ग्राम जुड़का में वन भूमि विवाद के मामले में ग्रामीणों ने किसान यूनियन के साथ मिलकर एसडीएम कार्यालय में महापंचायत की। ग्रामीण एसडीएम कार्यालय के बाहर दरी बिछाकर बैठ गए। इस दौरान ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी की। अधिकारियों के आश्वासन देने के बाद शाम को ग्रामीणों ने अपना धरना समाप्त कर दिया।

बुधवार को भारतीय किसान यूनियन के युवा प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह जीतू के नेतृत्व में ग्राम जुड़का के दर्जनों महिला और पुरुष जुलूस के रूप में एसडीएम कार्यालय पहुंचे। यहां ग्रामीणों ने वन विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद ग्रामीण एसडीएम कार्यालय के बाहर दरी बिछाकर बैठ गए। इस दौरान हुई पंचायत में ग्रामीणों ने कहा कि वह ग्राम जुड़का बीट पर गांधीनगर खत्ता में पिछले 50-60 वर्षों से अपनी खेतीबाड़ी कर जीवन यापन कर रहे।

आरोप लगाया कि करीब 100-150 किसान परिवार की जमीन पर वन विभाग कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि उनकी कई पीढ़ी उक्त

काशीपुर में प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

जमीन पर काबिज है। अब वन विभाग के अधिकारी कह रहे हैं कि वह लोग बाहर से आकर बसे हैं। यह अफवाह वन विभाग के अधिकारियों द्वारा फैलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि वन विभाग ने जंगली जानवरों का डर दिखाकर उन्हें बरगलाया और जबरन तारबाड़ की।

यदि उन्हें वन विभाग की मंशा पता होती तो वह तारबाड़ नहीं करने देते। उन्होंने कहा कि उन्हें उजाड़ा न जाए, उन्हें उक्त जमीन पर खेती करने दिया जाए। भाकियू युवा प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह जीतू ने कहा कि जब तक ग्रामीणों को उनके खेत नहीं मिलते तब तक लड़ाई जारी रहेगी। इधर ग्रामीणों के घेराव की सूचना पर एसडीएम अभय प्रताप सिंह, महापौर दीपक बाली, वरिष्ठ भाजपा नेता सुखदेव सिंह नामधारी, किसान आयोग उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नामधारी, भाजपा नेता राजेश कुमार भी एसडीएम कार्यालय पहुंच गये। जहां उनकी ग्रामीणों के साथ चर्चा हुई। इस दौरान ग्रामीणों ने एसडीएम अभय प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपा। एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा है। मामले में सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।

### रातभर बच्चों को लेकर धरने पर डटे रहे ग्रामीण

प्रशासन और वन विभाग द्वारा मंगलवार की रात या बुधवार की तड़के सुबह कार्रवाई करने का अंदेशा होने पर ग्रामीण छोटे बच्चों के साथ रातभर गांव में ही धरना स्थल पर डटे रहे। भाकियू युवा प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह जीतू ने कहा कि यदि इस दौरान जंगली जानवर द्वारा कोई हमला हो जाता तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होती। उन्होंने कहा कि ग्रामीण वन विभाग की कार्रवाई से डरे हुए हैं।

### आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने समाप्त किया धरना

**काशीपुर :** एसडीएम कार्यालय के घेराव के दौरान मिले आश्वासन के बाद ग्रामीण वापस अपने गांव लौट गए। इस दौरान उनके साथ किसान नेता जितेंद्र सिंह जीतू और भाजपा नेता राजेश शर्मा भी शामिल रहे। गांव पहुंचकर ग्रामीणों ने करीब पांच दिन से चल रहा धरना समाप्त कर दिया।

### यह है पूरा मामला

**काशीपुर :** रामनगर रेंज के जुड़का बीट पर गांधीनगर खत्ता में वन विभाग की 58 हेक्टेयर भूमि पर प्लांटेशन किया जाना है। कोर्ट के आदेश पर वन विभाग की टीम ने दिसंबर माह में वन भूमि को कब्जे में लेकर तारबाड़ की थी। तारबाड़ के समय मौके पर कुछ ग्रामीणों ने गेहूं की फसल बोई हुई थी। तब ग्रामीणों के आग्रह पर वन विभाग ने भूमि को फसल कटाई तक छोड़ दिया था। 28 अप्रैल को वन विभाग की 58 हेक्टेयर भूमि पर प्लांटेशन करने पहुची वन विभाग की टीम को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा था।

# अधूरे विकास कार्यों की अनदेखी पर जताई चिंता

संवाददाता, काशीपुर

- कहा, अनदेखी के चलते चमक खो रहा काशीपुर शहर

**अमृत विचार:** एआईसीसी सदस्य और कांग्रेस प्रदेश महासचिव अनुपम शर्मा ने काशीपुर शहर की मौजूदा स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जिस काशीपुर को कभी विकास, खेल, स्वास्थ्य और औद्योगिक प्रगति के लिए पूरे प्रदेश में एक अलग पहचान हासिल थी, आज वही शहर बदहाल व्यवस्थाओं, अधूरे विकास कार्यों और जन सुविधाओं की अनदेखी के कारण अपनी चमक खोता जा रहा है।

अनुपम शर्मा।

बुधवार को प्रेस जारी विज्ञप्ति में शर्मा ने कहा कि काशीपुर की वर्तमान तस्वीर देखकर हर उस व्यक्ति का मन व्यथित हो उठता है, जिसने इस शहर को अपने स्वर्णिम दौर में देखा है। अनुपम शर्मा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी की दूरदर्शी सोच और विकासपरक नीतियों के चलते काशीपुर को अनेक महत्वपूर्ण सौगातें मिली थीं। उनके नेतृत्व में काशीपुर को स्वास्थ्य, खेल और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में नई दिशा मिली। उन्होंने कहा कि उस दौर में शहर के विकास की जो मजबूत नींव रखी गई थी, वह आज उपेक्षा और अव्यवस्थाओं के कारण कमजोर पड़ती दिखाई दे रही है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अनुपम शर्मा ने कहा कि काशीपुर का स्पोर्ट्स स्टेडियम कभी शहर की शान हुआ करता था। यहां राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं आयोजित होती थीं, जिनमें प्रदेश ही नहीं बल्कि देश के विभिन्न हिस्सों से खिलाड़ी भाग लेने आते थे। बड़ी संख्या में खेल प्रेमी इन प्रतियोगिताओं का आनंद लेने पहुंचते थे। स्टेडियम आधुनिक खेल सुविधाओं से सुसज्जित था और युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मंच देता था। लेकिन आज यह स्टेडियम अपनी उपेक्षा पर आंसू बहा रहा है। रखरखाव के अभाव में इसकी चमक फीकी पड़ गई है। उन्होंने रोडवेज बस अड्डे की बदहाल स्थिति पर भी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जिस बस अड्डे को आधुनिक स्वरूप देने की कल्पना की गई थी, आज वहां यात्रियों को मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं।

# 1.41 करोड़ के विकास कार्यों का मेयर ने किया शिलान्यास

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** महापौर दीपक बाली ने शहर के समग्र विकास के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए 1.41 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया।

महापौर दीपक बाली ने वार्ड संख्या 11 फसियापुरा में एक करोड़ 9 लाख 57 हजार की लागत से बनने वाली 5 सड़कों के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। इन सड़कों के निर्माण से क्षेत्र की जनता को आवागमन में सुविधा मिलेगी और लंबे समय से चली आ रही जनता की समस्याओं का समाधान होगा। इसके अतिरिक्त वार्ड संख्या 18 में सिंचाई विभाग की कॉलोनी में 31 लाख 66 हजार की लागत से बनने वाली

काशीपुर में सड़कों का शिलान्यास करते महापौर दीपक बाली व अन्य।

जल संचयन (वाटर हार्वेस्टिंग) परियोजना का भी शिलान्यास किया गया। इस परियोजना से क्षेत्र में जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और भविष्य में पानी की समस्या से राहत मिलेगी। इस मौके पर पार्षद गुरविंदर चंडोक, पार्षद ममता देवी, एई सिंचाई विभाग गौरव पाठक, बूथ अध्यक्ष गुलशन अरोरा, जितेंद्र चौहान, योगेंद्र शर्मा, नगर मंडल मंत्री कवि नगर डिम्पल काम्बोज, विवेक शुक्ला, ईश्वर गुप्ता, राजीव अरोरा बच्चू अमित मित्तल, घनश्याम सैनी आदि मौजूद रहे।

### जल जीवन मिशन में धांधली का आरोप

**बाजपुर।** विकासखंड क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्यों में भारी अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। प्रधान संघ बाजपुर के जनप्रतिनिधियों ने खंड विकास अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर ग्राम पंचायतों में निर्मित पानी की टंकियों और पाइपलाइन बिछाने के कार्यों की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि ठेकेदारों द्वारा पाइपलाइन मानकों के अनुरूप गहराई पर नहीं दबाई गई है, जिससे जगह-जगह लीकेज हो रहे हैं। साथ ही, सड़कों की खुदाई के बाद उनकी मरम्मत नहीं की गई और कई गांवों में अब तक जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। प्रधान संघ अध्यक्ष मनदीप नरवाल ने कहा कि अधिकारी और ठेकेदार जनप्रतिनिधियों के फोन तक नहीं उठा रहे हैं।

# दिव्यांग पेंशन तीन हजार की जाए

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड मूक बधिर विकलांग कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष एमए राहुल के नेतृत्व में दिव्यांगजनों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर समाज कल्याण मंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी कार्यालय में सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से समिति पदाधिकारियों एवं दिव्यांगजनों ने पेंशन समय पर न मिलने, पेंशन राशि बढ़ाने और रोडवेज बसों में दिव्यांगों के साथ होने वाली परेशानियों को प्रमुखता से उठाया। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि दिव्यांगजनों के लिए पेंशन ही आजीविका का एकमात्र सहारा होती है, लेकिन समय पर पेंशन न आने के कारण उन्हें आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है। कई दिव्यांगजन पेंशन की जानकारी लेने

काशीपुर के एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपते दिव्यांग। ● अमृत विचार

के लिए बैंकों के लगातार चक्कर काटने को मजबूर हैं, जिससे उनकी परेशानियां और बढ़ जाती हैं। उन्होंने मांग की कि सरकार दिव्यांगजनों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए पेंशन व्यवस्था को नियमित करे और पेंशन राशि बढ़ाकर तीन हजार रुपये प्रतिमाह की जाए, ताकि वे सम्मानपूर्वक अपना जीवन यापन कर सकें। इसके साथ ही समिति ने उत्तराखंड रोडवेज में दिव्यांगजनों के साथ हो रहे व्यवहार पर भी चिंता व्यक्त की। पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि दिव्यांग कार्ड होने के बावजूद कई बार रोडवेज बसों में उन्हें यात्रा करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन सौंपने वालों में समिति के जिलाध्यक्ष रामबाबू, जिला सचिव अशोक गिरी, मोहम्मद नासिर, नरगिस, मनोज सैनी, राधा, रेनू अग्रवाल, शमशाद, उपेंद्र कुमार, विद्या देवी मौजूद रहे।

# छात्रों को बताए दूरस्थ शिक्षा के फायदे

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्थित उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) के अध्ययन केंद्र में बुधवार को नवप्रवेशित छात्रों के लिए अभिविन्यास (इंडक्शन) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी और प्राचार्य प्रो. बीके सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कुलपति प्रो. लोहनी ने छात्रों को विश्वविद्यालय की सुविधाओं, नई शिक्षा नीति-2020 और स्व-अध्ययन सामग्री के प्रभावी उपयोग

पीजी कॉलेज में बच्चों को पुस्तक प्रदान करते कुलपति प्रो .नवीन चंद्र लोहनी।

के प्रति प्रेरित किया। अध्ययन केंद्र समन्वयक डॉ. आदर्श चौधरी और क्षेत्रीय सहायक निदेशक रेखा बिष्ट ने छात्रों को ऑनलाइन लर्निंग, परीक्षा पद्धति और सत्रीय कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में पुस्तक मेले का भी आयोजन किया गया, जिसमें निःशुल्क पुस्तकें वितरित की गईं। कार्यक्रम में डॉ. मनुहार आर्य, डॉ. प्रमोद कोठारी व अन्य प्राध्यापक मौजूद रहे।

### राय बने सत्रहमील चौकी प्रभारी

**खटीमा :** सत्रहमील चौकी प्रभारी का कार्यभार राकेश राय ने संभाल लिया है। बुधवार को स्थानांतरण की जारी सूची में निवर्तमान चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट का स्थानांतरण अन्यत्र कर दिया गया है। जबकि मुलिस कार्यालय से स्थानांतरित होकर आए राय ने चौकी प्रभारी का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। नवनियुक्त चौकी प्रभारी राय ने नागरिकों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र बताया अपराधों पर अंकुश लगना और अवैध गतिविधियों को रोकना और आम जनता व पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना मुख्य लक्ष्य होगा। इधर निवर्तमान प्रभारी ललित बिष्ट को भावभीनी विदाई दी गई।

# 10 निरीक्षक, 29 उप निरीक्षक इधर से उधर

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** एसएसपी अजय गणपति के निर्देश के बाद जनपद के 10 निरीक्षकों और 29 उप निरीक्षकों को इधर से उधर स्थानांतरित कर दिया गया है। निरीक्षक मनोज रतूड़ी को रुद्रपुर से हटाकर एएनटीएफ की जिम्मेदारी सौंपी गयी है, जबकि प्रभारी निरीक्षक कोतवाली किच्छा प्रकाश दानू को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुद्रपुर की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। बुधवार को जारी सूची के अनुसार निरीक्षक राजेश पांडे को प्रभारी एएनटीएफ से हटाकर कोतवाली जसपुर, जबकि राजेंद्र सिंह डांगी को जसपुर से हटाकर डीसीआरबी की जिम्मेदारी दी गई है। भूपेंद्र बृजवाल को डीसीआरबी से गदरपुर कोतवाली भेजा गया है। संजय पाठक को गदरपुर से स्थानांतरित कर नानकमत्ता कोतवाली और मनोज रतूड़ी को रुद्रपुर से हटाकर एएनटीएफ का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा धीरेंद्र कुमार कोतवाल कुंडा, विक्रम सिंह राठौर कोतवाल आईटीआई, रवि सैनी कोतवाल किच्छा और मंजू पांडे को एएचटीयू का प्रभारी बनाया गया है। वहीं उप-निरीक्षक मनोज देव को जयनगर से मंडी कुण्डा चौकी प्रभारी बनाया गया है। हेमंत कठैत को पुलिस लाइन से सिडकुल (पंतनगर) चौकी का प्रभार, पंकज कुमार को रम्पुरा और देवेंद्र सिंह मेहता को दोराहा चौकी, मेघा शर्मा को गुलरभोज, जगदीश तिवारी को शक्तिफार्म चौकी प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा कौशल भाकुनी को प्रतापपुर (काशीपुर) और मीना रावत को कटोराताल चौकी भेजा गया है।

### राजेश पांडे बने जसपुर कोतवाली प्रभारी

**जसपुर :** एसएसपी अजय गणपति के आदेशों के क्रम में जसपुर कोतवाली में नए प्रभारी की तैनाती की गई है। प्रभारी एएनटीएफ से स्थानांतरित होकर आए राजेश पांडे को जसपुर का नया कोतवाल प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं जसपुर कोतवाल की जिम्मेदारी संभाल रहे राजेंद्र सिंह डांगी का ट्रांसफर कर दिया गया है। उन्हें अब प्रभारी जिला अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो का महत्वपूर्ण जिम्मा सौंपा गया है। नवनियुक्त प्रभारी राजेश पांडे इससे पहले भी जसपुर में तैनात रह चुके हैं। उन्होंने बताया कि वह जल्द ही अपना कार्यभार ग्रहण करेंगे। वहीं एसआई जीडी भट्ट को सूत मिल चौकी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### निमिषा और निशांत का एकलव्य विद्यालय के लिए चयन

**खटीमा :** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरिया मझोला के दो होनहार विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक योग्यता का लोहा बनवाया है। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के प्रवेश परीक्षा परिणाम में निमिषा और निशांत ने सफलता प्राप्त कर विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकों और जनप्रतिनिधियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप कुशवाहा, प्रधानाचार्य महेंद्र प्रताप पांडे, सर्वेश कुमार, ज्योति बिष्ट मौजूद रहे।

### विवाहिता को बच्चों सहित किया बेघर

**काशीपुर, अमृत विचार :** एक महिला ने अपने पति पर दूसरी शादी करने और सास पर मारपीट कर तीन बच्चों सहित घर से निकालने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

हेमपुर इस्माइल, हिम्मतपुर निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह 25 सितंबर 2017 को चैती मां बाल सुंदरी देवी मंदिर में फिरोजपुर निवासी राकेश के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था।

उनके तीन बच्चे भी हैं। रचना का आरोप है कि उसके पति राकेश के संबंध ठाकुरद्वारा निवासी एक युवती के साथ चल रहे हैं और पति ने उसे धोखा देकर उक्त युवती से दूसरी शादी कर ली है। आरोप है कि उसकी सास मुन्नी देवी आए दिन उसे अपशब्द कहकर मानसिक रूप से प्रताड़ित करती है। बीती दो फरवरी को पति और सास ने मिलकर उसे लाठी-डंडों और लात-घूंसों से बेरहमी से पीटा।

कार्रवाई | अल्पसंख्यक आयोग की उपाध्यक्ष फरजाना बेगम ने सुनीं जन समस्याएं

# बहुउद्देशीय शिविर में समस्याओं का समाधान

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** बहुउद्देशीय शिविर में अल्पसंख्यक आयोग की उपाध्यक्ष ने लोगों की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को उनके निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि लोगों की समस्याओं को प्रमुखता से लेकर उनका निदान किया जाए।

बुधवार को नगर निगम के सभागार में अल्पसंख्यक आयोग की ओर से बहुउद्देशीय शिविर आयोजित हुआ। शिविर में आयोग की उपाध्यक्ष फरजाना बेगम मौजूद रहीं। शिविर में आई शिकायतों को सुनते हुए एक महिला ने उन्हें बताया कि उसकी तीन माह से विधवा पेंशन नहीं आई है। पेंशन नहीं मिलने की वजह से उसको काफी परेशानी हो रही है। इसपर आयोग की उपाध्यक्ष ने समाज

काशीपुर में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में लोगों की समस्या सुनतीं आयोग की उपाध्यक्ष फरजाना बेगम। ● अमृत विचार

कल्याण विभाग के अधिकारी से मामले की जानकारी ली।

नाराजगी जताते हुए समय पर महिलाओं की पेंशन भेजने के निर्देश दिये। इसके अलावा अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। कार्यक्रम से पहले नगर निगम के मेयर दीपक बाली ने आयोग की उपाध्यक्ष का स्वागत किया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने विभागों के स्टॉल लगाकर लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई।

शिविर में आयोग के सदस्य नफीस अहमद, शकील अहमद, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा इंतजार हुसैन, नगर आयुक्त रविन्द्र सिंह बिष्ट, एसडीएम अभय प्रताप सिंह, सीओ काशीपुर प्रशांत कुमार, पशु चिकित्सक डॉ. हरपाल सिंह, डॉ. भरत सिंह, एएसडब्लूओ तरन्नुम जहां, दुग्ध निरीक्षक अशोक कुमार, श्रम प्रवर्तन अधिकारी बलराम सिंह आदि मौजूद रहे।

# उद्यमी परिवार पर 12.50 करोड़ हड़पने का मुकदमा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** एक बैंक के शाखा प्रबंधक के उद्यमी अनूप अग्रवाल सहित पत्नी व पुत्र के खिलाफ 12.50 करोड़ हड़पने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने केस दर्ज किया है।

डिजाइन सेंटर, मुरादाबाद रोड स्थित उत्तराखंड राज्य सहकारी बैंक लि. के शाखा प्रबंधक मनोज सिंह बिष्ट ने काशीपुर कोतवाली को तहरीर देकर बताया कि मै. आरके अग्रवाल इंडस्ट्रीज लि. के डायरेक्टर आरके पुरम, मानपुर रोड व हाल निवासी रोज डेल कॉलोनी अलीगंज रोड निवासी अनूप कुमार अग्रवाल, उनकी पत्नी रेनु अग्रवाल व पुत्र अमोल अग्रवाल ने 11 जनवरी 2016 को उनके बैंक से 12 करोड़ 50 लाख रुपये का ऋण लिया था। वर्तमान में उक्त ऋण खाता एनपीए हो गया है तथा बैंक का 13 करोड़ 92 लाख 87 हजार ऋण एवं ब्याज खर्च बकाया है। जब बैंक द्वारा बकायेदारों को सरफेसी अधिनियम के अन्तर्गत नोटिस जारी किये गये जो वापस आ गये। जिस पर बैंक अधिकारियों द्वारा प्रतिष्ठान का मुआयना किया गया, तो उसे बंद पाया गया। जब आस-पास के लोगों से पूछताछ की गयी तो उन्होंने बताया कि कंपनी के डायरेक्टर फरार है तथा कंपनी में स्टॉक भी नहीं था। कहा कि आरोपियों के प्रतिष्ठान का स्टॉक बैंक से लिये गये ऋण में बंधक है, लेकिन स्टॉक ऑडिट की रिपोर्ट के अनुसार 25 दिसंबर 2024 तक प्रतिष्ठान में कोई स्टॉक नहीं पाया गया। बकायादारों द्वारा उसे खुर्द-बुर्द कर दिया और कोई धनराशि भी बैंक में जमा नहीं की गयी। सारा धन अपने व्यक्तिगत उपयोग में ले लिया और व्यवसायिक ऋण लेकर बैंक के साथ धोखाधड़ी की गयी।

अमृत विचार

हल्द्वानी, गुरुवार, 7 मई 2026



## सिटी ब्रीफ

### आईएसडी की टीम ने रुकवाया बाल विवाह

**किच्छा :** पुलभट्टा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक शिव मंदिर में हो रहे बाल विवाह को इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल डेवलपमेंट (आईएसडी) की टीम और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रुकवा दिया। संस्था की परियोजना निदेशक बिंदुवासिनी की शिकायत पर पुलिस ने दूल्हा-दुल्हन के परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। संस्था की टीम क्षेत्र में भ्रमण पर थी, तभी उन्हें नाबालिगों के विवाह की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस और टीम ने जब दस्तावेजों की जांच की, तो बालिका की उम्र 15 वर्ष 10 महीने और बालक की उम्र 17 वर्ष 4 महीने पाई गई। पुलिस ने विवाह रुकवाकर दोनों पक्षों को बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। परिजनों ने लिखित शपथ पत्र देकर बच्चों के बालिग होने पर ही विवाह करने का आश्वासन दिया है।

### संदिग्ध परिस्थिति में व्यक्ति की मौत

**काशीपुर :** आईटीआई थाना क्षेत्र के दुर्गा कॉलोनी के एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मंगलवार की देर रात दुर्गा कॉलोनी के रहने वाले 46 वर्षीय पंकज बिष्ट ने संदिग्ध परिस्थिति में जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालात खराब होने पर उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। आईटीआई कोतवाल विक्रम राठौर ने बताया पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द किया।

### शादी में आए बाराती की बुलेट बाइक हुई चोरी

**सितारगंज :** शादी समारोह में शामिल होने आए व्यक्ति की बुलेट बाइक चोरी हो गई। गांव फरदिया, बहेड़ी (यूपी) निवासी मुकीम ने बताया कि 3 मई को वह गांव सिसैया, सितारगंज निवासी रिश्तेदार अब्दुल माजिद के घर में एक शादी समारोह में शामिल होने आया था। बताया कि 3 मई को उसने अपनी बाइक को लॉक कर अपने किसी रिश्तेदार के घर पर खड़ा किया था। 5 मई को जब वह वापस बाइक लेने के लिए लौटा तो उसे बाइक नियत स्थान पर नहीं मिली।

### 2.61 ग्राम हेरोइन के साथ तस्कर दबोचा

**सितारगंज :** शक्तिफार्म पुलिस ने 2.61 ग्राम हेरोइन के साथ राम सिंह निवासी नजीबाबाद, किच्छा को गिरफ्तार किया है। वहीं, मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्राथमिकी दर्ज की है। मंगलवार को एसआई ललित चौधरी ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने बताया कि गांव फिरोजपुर, किच्छा निवासी सुलेमान उर्फ छोटू से हेरोइन खरीदी है। वहीं, मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्राथमिकी दर्ज किया है।

पत्रकार वार्ता में बोले कुलपति शिवेंद्र कश्यप -विश्व के शीर्ष 100 कृषि विश्वविद्यालयों में शुमार कराने का लक्ष्य

# जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय बनेगा रिसर्च ओरिएंटेड

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार:** गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रोद्योगिक विश्वविद्यालय में बुधवार को कुलपति सभागार में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें कुलपति प्रो. शिवेंद्र कुमार कश्यप ने विवि का भावी दृष्टिकोण साझा करते हुए कहा कि पंतनगर विवि को एक रिसर्च ओरिएंटेड विश्वविद्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा।

प्रो. कश्यप ने बताया कि विवि में ऐसे शोध कार्यों को बढ़ावा दिया जाएगा, जो सीधे किसानों और उद्योगों से जुड़े हों। कहा कि इस दिशा में अपार संभावनाएं हैं और लक्ष्य यह है कि विश्व के शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों में पंतनगर का नाम प्रमुखता से स्थापित हो। कहा कि पंतनगर विवि, जो कि लैंड ग्रांट पैटर्न पर आधारित है, में शिक्षण, शोध और प्रसार तीनों को समान रूप से सशक्त किया जाएगा। इसके लिए एक सुदृढ़ इकोसिस्टम विकसित किया जाएगा, जिसमें नवाचार, प्रेरणा और समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि लोगों की छोटी-छोटी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सप्ताह में तीन दिन वह समस्याओं को स्वयं सुन रहे हैं और अगले 24 घंटे में उन समस्याओं के निराकरण का प्रयास भी करते हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि विवि के समग्र विकास के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा।

विशेष रूप से पर्वतीय कृषि और उद्योगों को पुनर्जीवित करने सहित प्रसार तंत्र को मजबूत करने पर बल दिया जाएगा। जिसमें मीडिया की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। इससे पूर्व निदेशक संचार डॉ जेपी जायसवाल ने सभी का स्वागत करते हुए मीडिया द्वारा विवि की विभिन्न गतिविधियों को समाज तक पहुंचाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान एडी संचार डॉ अर्पिता शर्मा कांडपाल और डॉ. भास्कर तिवारी आदि मौजूद रहे।

मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते कुलपति प्रो. शिवेंद्र कुमार कश्यप।

### खरीफ दलहन शोध को 'सर्वश्रेष्ठ केंद्र' पुरस्कार

**पंतनगर :** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय की दलहन संबंधी अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना को खरीफ दलहन श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ केंद्र का पुरस्कार हासिल हुआ है। यह पुरस्कार आईसीएआर के तत्वावधान में कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय जीकेवीके बैंगलुरू में पांच-सात मई को आयोजित वार्षिक दलहन सम्मेलन में दिया गया। आईसीएआर के डीजी डॉ. एमएल जाट ने डीडीजी डॉ. डीके यादव और अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में इस दलहन समूह को सम्मानित किया। दलहन फसलों के स्थानीय कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एसके वर्मा एवं अन्य वैज्ञानिक, डॉ. केपीएस कुशवाहा, डॉ. रुचिरा तिवारी, डॉ. जेपी पुरवार और डॉ. विनीता राठौर ने यह सम्मान ग्रहण किया। कुलपति प्रो. एसके कश्यप ने दलहन वैज्ञानिकों को विश्वविद्यालय के लिए यह गौरव हासिल करने पर बधाई दी।

सितारगंज में पूर्व सीएम तीरथ सिंह रावत का स्वागत करते भाजपाई। ● अमृत विचार

### पूर्व सीएम तीरथ सिंह रावत का स्वागत

**सितारगंज :** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत का भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

बुधवार को अपने निजी कार्यक्रम के लिए पिथौरागढ़ जा रहे थे। इस दौरान सितारगंज में नगर पालिका के अध्यक्ष सुखदेव सिंह, भाजपा नेता महेश मित्तल, राइस मिलर कपिल सिंघल, सभासद शिवपाल चौहान, धर्मवीर सिंघल ने बुके एवं शाल पहनाकर स्वागत किया।

इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने कहा कि देश स्वर्णिम युग की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व नए आयाम स्थापित कर रहा है।

# हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से गूंजा रुद्रपुर शहर

## महापौर विकास शर्मा ने आदि कैलाश यात्रियों का त्रिशूल चौक पर किया भव्य स्वागत

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** देवभूमि उत्तराखंड के पौराणिक और आध्यात्मिक वैभव की प्रतीक आदि कैलाश यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं के जत्थे का रुद्रपुर पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। महापौर विकास शर्मा के नेतृत्व में अमरनाथ जी सेवा मंडल के पदाधिकारियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा व धार्मिक उद्घोषों के साथ अभूतपूर्व स्वागत किया। इस दौरान पूरा वातावरण हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। इसके अलावा यात्री दल अगले पड़ाव के लिए विदा किया गया।

बुधवार को यात्रियों का जत्था मॉडल कॉलोनी स्थित भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल के आवास पर पहुंचा। यहां श्रद्धाभाव के साथ यात्रियों को मालाएं पहनाई गई और पुष्प वर्षा कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इसके बाद शहर के प्रमुख त्रिशूल चौक पर सामूहिक स्वागत कार्यक्रम आयोजित हुआ। जत्थे में हिरेन नड्या, नवी, नवीन डोडिया, नीला डोडिया, किरण सिंह, विजय सिंह, महेश भाई, भावना चौहान, रीटा बेन, दीपक, माधवी, मानसी, सोनी, दमयंती बेन, मीता बेन, अनूप, हीर, रश्मि बेन, बेदांश, रमेश, विक्रम, उर्मिला बेन, मीना बेन, अजीत भाई और निकिता बेन सहित अन्य श्रद्धालु शामिल रहे।

महापौर विकास शर्मा ने कहा कि आदि कैलाश की यात्रा अत्यंत अद्भुत है और इस पवित्र धाम के दर्शन का अवसर मिलना बड़े सौभाग्य की बात है। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस तीर्थ स्थल की यात्रा कर इसके धार्मिक व आध्यात्मिक महत्व को वैश्विक पटल पर स्थापित किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने यात्रा मार्गों और व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद किया है, जिससे देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को सुगमता हो रही है।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, श्री अमरनाथ जी सेवा मंडल के अध्यक्ष अजय चड्ढा, धीरेंद्र मिश्रा, हिमांशु शुक्ला, राकेश सिंह, तरुण दत्ता, राजन राठौर, सुरेश छाबड़ा, गुलशन छाबड़ा, मन्नू चुघ, निशांत ढल्ला, अंकित नरूला, अजय लूथरा, अमित अरोरा, अरुण बठला, आदित्य छाबड़ा मौजूद रहे।

त्रिशूल चौक पर श्रद्धालुओं के साथ महापौर विकास शर्मा। ● अमृत विचार

दिनेशपुर में अखंड महानाम संकीर्तन प्रस्तुत करती कीर्तन मंडली।

# महानाम संकीर्तन से भक्तिमय हुआ माहौल

- गोविंद मंदिर सेवाश्रम मोतीपुर में 16 प्रहर अखंड महानाम संकीर्तन में उमड़े श्रद्धालु

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** अखंड महानाम संकीर्तन में कीर्तन मंडलियों द्वारा हरे कृष्णा- हरे कृष्णा, हरे रामा-हरे रामा हरे- हरे.....भजन से माहौल भक्तिमय कर दिया। भजन सुनकर श्रद्धालु अपने स्थान पर झूम उठे।

बुधवार को श्री गोविंद मंदिर सेवाश्रम मोतीपुर नंबर-एक (खटोला) में स्वामी कृष्णानंद महाराज के सानिध्य में मंगलवार की प्रातः छह बजे से 16 प्रहर व्यापी अखंड महानाम संकीर्तन का शुभारंभ हुआ। इससे पूर्व सोमवार की देर शाम को महिलाएं अनुष्ठान स्थल पर एकत्र हुईं। महिलाओं व श्रद्धालुओं के साथ बच्चियों ने कलश यात्रा निकाली।

श्री अखंड महानाम संकीर्तन में राधा-रानी संप्रदाय, मानव मुक्ति संप्रदाय, राधा- कृष्ण संप्रदाय, राधा रमन संप्रदाय, ऊं शांति संप्रदाय आदि कीर्तन मंडलियों ने मोतीपुर के लोगों को श्री कृष्णभक्ति से सराबोर कर दिया।

आयोजकों ने बताया कि गुरुवार की प्रातः 6 बजे महानाम संकीर्तन का विधिवत समापन के बाद प्रातः 8ः बजे गायत्री परिवार हरिद्वार द्वारा हवन- यज्ञ किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की, मास्टर आदित्य मल्लिक, विनय ढाली, प्रमोद बोरा, पवित्र ढाली, हरि सिंह, उत्तम राय, हरिचांद, अरविंद, आशीष कुमार, नंटू विश्वास, नारायण सिंह कार्की आदि मौजूद रहे।

### ट्रांसपोर्टर पर किया जानलेवा हमला

**काशीपुर:** फसियापुरा क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते कुछ लोगों ने एक ट्रांसपोर्टर पर जानलेवा हमला कर दिया। फिलहाल घायल का इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।

मंसा विहार कॉलोनी निवासी राजवीर सिंह पेशे से ट्रांसपोर्टर हैं। पुलिस को दी तहरीर में राजवीर ने बताया कि 29 अप्रैल की शाम करीब साढ़े सात बजे वह पैराडाइस कॉलोनी के गेट के पास अपनी खराब हुई गाड़ी देखने गया था। वहां पहले से घात लगाकर बैठे विरनजीत सिंह, विजय सिंह, सुरजीत सिंह और उनके पड़ोसी गोलू ने उन्हें देखते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि चारों आरोपियों ने अचानक उन्हें घेर लिया और लाठी-डंडों व लोहे के सरियों से हमला कर दिया। हमले में राजवीर के सिर और पैर में गंभीर घाव आए हैं, साथ ही दाहिने हाथ की उंगली भी फ्रैक्चर हो गई है। मारपीट के बाद आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। बताया कि मुख्य आरोपी विरनजीत सिंह पहले उसकी गाड़ी चलाता था। हिसाब में गड़बड़ी पाए जाने पर राजवीर ने उसे नौकरी से हटा दिया था, जिसके बाद से वह रंजिश रखने लगा। बताया जा रहा है कि बीते 19 मार्च को भी इन लोगों ने राजवीर के साथ मारपीट की थी। घटना के बाद परिजनों ने उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया।

# एसबीआई ने जीजीआई की छात्राओं को बांटीं साइकिलें

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सीएसआर पहल के अंतर्गत ''बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ'' अभियान को मजबूती देते हुए पीएमश्री राजकीय बालिका विद्यालय की 100 छात्राओं को साइकिलें वितरित कीं। क्षेत्रीय प्रबंधक संजीव कुमार ने कहा कि शिक्षा को बढ़ावा देना समाज की साझा जिम्मेदारी है और एसबीआई सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में सदैव अग्रणी रहता है।

विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. शशिवाला ने बैंक का आभार जताते हुए कहा कि दूरदराज से आने वाली छात्राओं के लिए यह साइकिलें वरदान साबित होंगी, जिससे उनका समय बचेगा और मनोबल बढ़ेगा। इस दौरान प्रबंधक नरेंद्र उईके, निरुपम शर्मा और शाखा प्रबंधक लोकेश पंत सहित बैंक कर्मचारी व शिक्षक मौजूद रहे।

बालिकाओं को साइकिलें देते एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक संजीव कुमार।

# मांगपत्र पर कार्रवाई नहीं होने पर भड़के कर्मचारी

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ ने नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर एक माह पूर्व सौंपे मांग पत्र पर कार्रवाई नहीं होने पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया।। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर 15 दिन के अंदर कार्रवाई नहीं हुई तो वह आंदोलन को बाध्य होंगे।

अधिशासी अधिकारी प्रियंका आर्य को सौंपे ज्ञापन में सफाई कर्मचारी संघ अध्यक्ष ग्रेस देवी ने कहा है कि नौ अप्रैल को 20 सूत्री मांग पत्र अधिशासी अधिकारी प्रियंका आर्य को सौंपा था। मांग पत्र में पुरानी एवं बेहद जरूरी मांगे सम्मिलित थी। नगर पालिका ने 24 अप्रैल को विचार करने की बात कही थी। निर्धारित तिथि पर कार्रवाई की जानकारी चाहने पर अधिशासी अधिकारी आर्य द्वारा कार्रवाई को गतिमान बताया गया लेकिन एक माह बीतने पर मांग पत्र पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई। नगर पालिका के कर्मचारी यूनियन ने 15 दिन के अंदर कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन में अनिल कुमार, राकेश कुमार,अर्चना, राजेंद्र, गुड्डी, नीरज मौजूद रहे।

# संकीर्तन सुनने से मिलती है शांति

- कौशलगंज में आयोजित 49वां अखंड महानाम संकीर्तन
- चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश सह संयोजक चुघ भी रहे मौजूद

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कौशलगंज में आयोजित 49वां वार्षिकोत्सव 24 प्रहर अखंड महानाम संकीर्तन एवं विशाल भंडारा संपन्न हो गया है। इस दौरान मुख्य अतिथि चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश सह संयोजक भारत भूषण चुघ मौजूद रहे।

दौरान मुख्य अतिथि प्रदेश सहसंयोजक चुनाव प्रबंधन समिति ने बताया कि पांच दिवसीय अखंड महानाम संकीर्तन स्वामी भावानंद ब्रह्मचारी के निर्देश और स्वामी सेवानंद दास द्वारा संचालित किया गया। उन्होंने कहा कि अखंड महानाम संकीर्तन सुनने से मनुष्य को सुख शांति प्राप्त मिलती है।

उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को धार्मिक आयोजनों का हिस्सा बनना चाहिए। इस दौरान शेखर विश्वास, दलजीत सिंह गोराया, राजेश हालदार, अमित गौड़, पूरन पांडे, चंद्र प्रकाश शर्मा समेत कई श्रद्धालु मौजूद थे।

अखंड महानाम संकीर्तन कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते भारत भूषण चुघ।

### एसएसबी की आरक्षी सड़क हादसे में घायल

**किच्छाः** पुलभट्टा थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक तेज रफ्तार टाटा मैजिक ने सशस्त्र सीमा बल की महिला आरक्षी को जोरदार टक्कर मार दी। घायल आरक्षी प्रमिला सीदार 11वीं वाहिनी एसएसबी (डीडीहाट) में तैनात हैं और पश्चिम बंगाल में चुनाव ड्यूटी कर वापस लौट रही थीं।

हादसा उस समय हुआ जब एसएसबी का काफिला भोजन के लिए ग्राम बरा स्थित एक ढाबे पर रुका था। सड़क पार करते समय अनियंत्रित वाहन ने प्रमिला को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उनके सिर और पैरों में गंभीर चोटें आईं। टक्कर मारने के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। घायल महिला आरक्षी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

जागरूकता

ऊधमसिंह नगर के स्वास्थ्य केंद्रों में फायर ब्रिगेड ने चलाया जागरूकता अभियान, आग से बचाव करने के लिए दिया प्रशिक्षण

# आग लगने पर सावधानी और सुरक्षा की दी जानकारी

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** अग्निशमन दल ने उप जिला चिकित्सालय में अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर स्टाफ को आग लगने पर बरती जाने वाली सावधानियों और आग से बचाव जानकारी देते दी।

बुधवार को अग्निशमन विभाग का एक दस्ता अचानक उप जिला चिकित्सालय पहुंचा तो लोगों को अस्पताल में आग लगने की घटना होने का अंदेशा होने लगा। इसी बीच अग्निशमन टीम ने अस्पताल में अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने की जानकारी देते हुए अस्पताल में मौजूद चिकित्सक व स्टाफ को आग से बचाव एवं सुरक्षा के आवश्यक उपायों की जानकारी दी। टीम ने अस्पताल स्टाफ को आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय सतर्कता से कार्य करने, अग्निशमन यंत्रों के सही उपयोग तथा सुरक्षित तरीके से बाहर निकलने की प्रक्रिया का मॉक ड्रिल का प्रदर्शन किया। चिकित्सालय के प्रभारी सीएमएस डॉ वीपी सिंह ने अग्निशमन दल के जागरूकता अभियान की सराहना की।

किच्छा के सरकारी अस्पताल में मॉक ड्रिल करती फायर यूनिट। ● अमृत विचार

### अस्पताल में अग्निशमन विभाग ने किया मॉक ड्रिल

**किच्छा :** नगर के सरदार वल्लभभाई पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उस समय हड़कंप मच गया जब अस्पताल परिसर में आग लगने की सूचना फैली। हालांकि, यह वास्तव में आग नहीं बल्कि दमकल विभाग द्वारा आयोजित एक ''मॉक ड्रिल'' थी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ईशान कटारिया के निर्देशन में फायर यूनिट ने आपातकालीन स्थिति से निपटने का अभ्यास किया। यूनिट प्रभारी मदन सिंह रावत के नेतृत्व में टीम ने अस्पताल कर्मियों को हौज पाइप और अग्निशमन उपकरणों के सही उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।

### उपजिला चिकित्सालय में भी किया जागरूक

**बाजपुर :** अग्निशमन विभाग द्वारा बुधवार को उपजिला चिकित्सालय बाजपुर में आग से बचाव एवं राहत कार्यों को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अस्पताल कर्मियों और मरीजों को आपातकालीन स्थितियों के प्रति जागरूक और सतर्क करना था। मॉक ड्रिल के दौरान दमकल टीम ने आग लगने की काल्पनिक स्थिति (मॉक सीन) तैयार कर रेस्क्यू ऑपरेशन का प्रदर्शन किया। सीएमएस डॉ. पीडी गुप्ता के नेतृत्व में अस्पताल स्टाफ को अग्निशमन उपकरणों के सही उपयोग और मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालने के तरीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

### आग से बचाव सिखाया

**जसपुर :** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अग्नि सुरक्षा मॉक ड्रिल एवं जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के माध्यम से अस्पताल के स्टाफ को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करने का प्रशिक्षण दिया गया। बुधवार को प्रभारी अग्निशमन अधिकारी श्याम बहादुर थापा के नेतृत्व में अग्निशमन की टीम ने आग से बचाव, प्राथमिक उपचार एवं सुरक्षित निकासी के बारे में विस्तार से बताया। टीम द्वारा एक्सटिंग्विशर, हॉज रील फायर अलार्म के संचालन का प्रशिक्षण दिया और अग्नि दुर्घटना होने पर बरती जाने वाली सावधानियां बता कर जागरूक किया। मॉक ड्रिल के दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. धीरेंद्र गहलौत, डॉ. आशु सिंघल, डॉ. प्रभात आदि मौजूद रहे।

### डीजे पर डांस के लिए हुई मारपीट में 4 धरे

**दिनेशपुरः** जगदीशपुर में डीजे पर डांस के विवाद को लेकर एक युवक पर जानलेवा हमला करने वाले चार नामजद आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। टांडा पंतनगर निवासी वादी अनिल सिंह की तहरीर के अनुसार, 3 मई को आरोपियों ने उनके भाई सुनील सिंह के साथ मारपीट की थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। सुनील का वर्तमान में अस्पताल में उपचार चल रहा है और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर परीक्षित मंडल, सुमित मंडल, दीक्षांत मंडल और विधान मंडल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में गठित टीम ने 5 मई को चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

## ब्रीफ न्यूज

### छात्रों ने आध्यात्मिक जागृति के गुर सीखे

**अल्मोड़ा:** राजकीय इण्टर कॉलेज कमलेश्वर में बुधवार को आध्यात्मिक विषय पर कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को व्यक्तित्व निर्माण और आध्यात्मिकता के जरिए जीवन-यापन के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। बी फिटनेस क्लब एजेंसी की ओर से आयोजित कार्यशाला में पंचतत्व, आध्यात्मिक जागृति तथा ब्रह्मांड से जुड़ाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने बताया कि व्यक्ति किस प्रकार ब्रह्मांडीय ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग अपने जीवन में कर सकता है। इस मौके पर यहां प्रभारी प्रधानाचार्या संगीता पंत, गिरीश चन्द्र ऐड़ी, रेणुका जोशी, सवित जनौटी, गणेश जोशी, प्रीतिका भटनागर, डॉ. चन्द्र प्रकाश बिष्ट रहे।

### डीएम के निर्देश पर रातों-रात हटाया

**टनकपुर:** उप-जिला चिकित्सालय और मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय के पास पाइपलाइन बिछाने से बाधित मार्ग को जिला प्रशासन ने दुरुस्त कर दिया है। सड़क पर मलबा और गड्ढों के कारण मरीजों व आमजन को परेशानी हो रही थी। डीएम मनीष कुमार के निर्देश पर संबंधित विभाग ने रात में ही मलबा हटाकर ड्रेसिंग का कार्य पूरा किया। परियोजना अधिकारी अंकित आर्या के अनुसार अगली सुबह तक मार्ग पूरी तरह मोटर योग्य हो गया और अब वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से जारी है।

# बागेश्वर में डीएम ने मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित, बढ़ाया उत्साह

## 'कॉफी विद डीएम' कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने करियर को लेकर किया मार्गदर्शन

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा में ब्लॉक स्तर पर शीर्ष 10 में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं के सम्मान एवं प्रोत्साहन के लिए जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने "कॉफी विद डीएम" कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया और उनके साथ संवाद कर उन्हें भविष्य के लिए प्रेरित किया गया।

जिलाधिकारी के आमंत्रण पर उनके कार्यालय पहुंची छात्राओं ने कॉफी की चुस्कियों के साथ खुले मन से अपने सवाल रखे। जिलाधिकारी ने उन्हें उच्च शिक्षा के अवसरों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और करियर चयन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रतिस्पर्धा काफी बढ़ गई है, ऐसे में विद्यार्थियों को टीम भावना के साथ अध्ययन करते हुए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा अपनानी चाहिए। उन्होंने छात्राओं को सलाह दी कि वे अपने लक्ष्य का चयन समय रहते करें और उसे प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत व समर्पण के साथ आगे बढ़ें। साथ ही शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं की समय पर जानकारी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" योजना के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी भी दी। मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने कहा कि यह समय विद्यार्थियों के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण दौर है, इसलिए इसका सदुपयोग कर अपने भविष्य को सुदृढ़ बनाएं। कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी को अपना स्कूली जीवन भी याद आ गया। वे छात्राओं से घुल-मिलकर बातचीत करती नजर आईं और पढ़ाई के साथ सामाजिक जीवन व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के टिप्स भी दिए। उनके आत्मीय व्यवहार से छात्राएं उत्साहित दिखीं और स्वयं को गौरवान्वित महसूस किया।

'कॉफी विद डीएम' कार्यक्रम में मेधावी छात्राओं के साथ संवाद करतीं जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे व अन्य अधिकारी।

## चेक बाउंस में आरोपी को 6 माह का कारावास

**अल्मोड़ा:** चेक बाउंस के एक मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट अल्मोड़ा की अदालत ने फैसला सुनाया है। अदालत ने अभियुक्त को दोषी करार देते हुए छह माह कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 1.90 लाख रुपये के जुर्माने से दंडित किया है।

अधिवक्ता बीपी पंत ने बताया कि मामला जून 2024 का है। कहना है कि परिवादी गोपाल के अभियुक्त प्रकाश चंद्र निवासी गुरना दौलाघट पिछले 20 साल से पड़ोसी थे। इसी मित्रता के चलते प्रकाश चन्द्र ने जून 2024 में भवन निर्माण और निजी कार्यों के लिए उनसे 1.65 लाख रुपये उधार लिए थे। उधार चुकाने के लिए प्रकाश ने एसबीआई शाखा कोसी का एक चेक जारी किया था, जो बैंक में बाउंस हो गया। इसपर उन्हें अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद प्रकाश चंद्र को दोषी पाया और छह माह कारावास के साथ 1.90 लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। फैसले में बताया कि 1.87 लाख रुपये गोपाल को प्रतिकर के रूप में दी जाएगी, जबकि 3000 रुपये राज्य के कोष में जमा होंगे। साथ ही दोषी अर्थदंड जमा नहीं करता है, तो उसे एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

चम्पावत में निरीक्षण के दौरान डीएम मनीष कुमार। ● अमृत विचार

# ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण

संवाददाता, चम्पावत

- सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष जोर, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय भवन में स्थापित ईवीएम और वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने वेयरहाउस में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों, अग्निशमन यंत्रों और अलार्म सिस्टम की कार्यप्रणाली की स्वयं जांच की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निगरानी उपकरणों के संचालन में किसी भी प्रकार की तकनीकी खामी नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुराने एवं निष्प्रयोज्य सामग्रियों का निर्धारित मानकों के अनुसार शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही स्ट्रांग रूम और संवेदनशील सामग्रियों के समुचित प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने को कहा, ताकि सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की चूक न हो।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी कृष्णनाथ गोस्वामी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी देवेन्द्र सिंह, भाजपा से नंदन तड़ागी और कांग्रेस से मनीष महर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# अल्मोड़ा बाजार में झूलते तारों से खतरा, भूमिगत करने की मांग

- अल्मोड़ा में पूर्व सैनिक लीग की बैठक में सस्याओं पर चर्चा
- बंदरों के आंतक से भी निजात दिलाने की मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** उत्तराखंड पूर्व सैनिक लीग की बुधवार को मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में पूर्व सैनिकों समेत नगर की तमाम समस्याओं पर चर्चा हुई। इस दौरान बैठक में पूर्व सैनिकों ने समस्याओं का जल्द निराकरण की मांग उठाई।

नगर के कचहरी बाजार स्थित लीग कार्यालय में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बढ़ रहे बंदरों, लावारिस जानवरों और कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने, सर्विस सेंटरों से निकलने वाले पानी को भूमिगत करने, सार्वजनिक शौचालयों में सफाई व्यवस्था पुख्ता करने समेत नगर की मुख्य बाजार में खुले में झूलते तारों को भूमिगत करने की मांग उठाई। कहा कि झूलते तारों से आए दिन दुर्घटना की आंशका बनी रहती है। यहां बैठक में पूरन सिंह मेहता, मोहन सिंह अधिकारी, पीसी लोहनी, आनंद सिंह लटवाल, आनंद सिंह बोरा, महेंद्र सिंह बिष्ट, मनमोहन वर्मा, नरेंद्र सिंह बघरी, सुधीर जोशी रहे।

अल्मोड़ा में बुधवार को पूर्व सैनिक लीग की बैठक में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

# नगर में संचालित किया जाए हार्ट केयर यूनिट: तिवारी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** विधायक मनोज तिवारी ने अल्मोड़ा में जल्द हार्ट केयर यूनिट संचालित करने की मांग उठाई है। बुधवार को उन्होंने जारी एक बयान में कहा कि कहा हार्ट केयर यूनिट की मांग केवल एक राजनीतिक मुद्दा नहीं बल्कि हजारों जिंदगियों से जुड़ी संवेदनशील पहल है। उन्होंने सरकार से इसे जल्द संचालित करने की मांग की।

विधायक तिवारी ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान विधायक थे, तब उनके प्रयासों से तत्कालीन मुख्यमंत्री हरीश रावत से वार्ता कर वर्ष 2014 में अल्मोड़ा में हार्ट केयर यूनिट की स्थापना कराई गई थी। बताया कि दिल्ली हार्ट इंस्टीट्यूट से एमओयू साइन किया गया था और यहां वरिष्ठ हार्ट सर्जन अपनी सेवाएं दे रहे थे और स्थानीय स्तर पर ही मरीजों को बेहतर इलाज मिल रहा था। इससे न केवल गंभीर मरीजों को समय पर उपचार मिल पाता था, बल्कि उन्हें बाहर रेफर करने की आवश्यकता भी कम हो गई थी। आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद इस महत्वपूर्ण हार्ट केयर यूनिट को बंद कर दिया गया। जिससे क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। उन्होंने लोगों की समस्याओं और बेहतर उपचार के लिए सरकार से जल्द हार्ट केयर यूनिट के संचालन की मांग उठाई।

# जिलेभर में ऑपरेशन प्रहार के तहत 20 चालकों पर की कार्रवाई

संवाददाता, अल्मोड़ा

- दन्या पुलिस ने चलाया यातायात चेकिंग अभियान
- वांछित अपराधियों, असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई के निर्देश

**अमृत विचार:** जिलेभर में ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस ने चेकिंग अभियान तेज कर दिया है। इस दौरान नियमों के उल्लंघन पर 20 लोगों पर चालानी कार्रवाई की गई। वहीं, वाहन चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग के लिए जागरूक किया गया।

एसएसपी चंद्रशेखर घोड़के ने जिले के सभी थाना और चौकी प्रभारियों को ऑपरेशन प्रहार के तहत वांछित अपराधियों, असामाजिक तत्वों, संदिग्ध व्यक्तियों के साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाए जाने को निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में बुधवार को दन्या पुलिस टीम ने क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों में चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान प्रमुख चौराहों, बाजार क्षेत्रों, मुख्य मार्गों एवं संवेदनशील स्थानों पर वाहनों की गहन जांच की गई।

इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई तथा बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ओवरस्पीडिंग, त्रुटिपूर्ण दस्तावेज, अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई।

वहीं, चेकिंग के दौरान कुल 20 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही कई वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए सख्त हिदायत दी गई। साथ ही सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया गया।

दन्या में पुलिस ने यातायात चेकिंग अभियान चलाया। ● अमृत विचार

गौवंश को चारा खिलाती पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा। ● अमृत विचार

## पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा ने गौवंश को गुड़ और चारा खिलाकर की गौसेवा

**रुद्रपुर:** भाजपा नेत्री और पूर्व पालिका अध्यक्ष मीना शर्मा ने गंगापुर रोड स्थित श्री जी केशव कुंज गौशाला में धार्मिक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने गौवंश को गुड़, हरा चारा खिलाया और गौसेवा की। इस अवसर पर श्री जी केशव कुंज गौशाला समिति के पदाधिकारियों ने भाजपा नेत्री समेत अन्य अतिथियों का पीत वस्त्र डालकर और बुकें देकर स्वागत किया। इस अवसर पर आचार्य केके शर्मा समेत अनिल शर्मा, राम प्रसाद, अधिवक्ता जुगल किशोर गोश्वामी, अमित छाबड़ा समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# जिला सत्र एवं न्यायालय में सभागार का लोकार्पण

संवाददाता, रुद्रपुर

- मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश तथा विधायक ने किया फीता काटकर लोकार्पण

**अमृत विचार:** जिला सत्र एवं न्यायालय परिसर में 18 लाख की लागत से निर्मित सभागार (सेंट्रल हाल) के नवीनीकरण व सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्मुपण ख्य अतिथि जिला न्यायाधीश सिकंद कुमार त्यागी तथा विधायक शिव अरोरा ने फीता काटकर लोकार्पण किया। वहीं सेंट्रल हॉल में अधिवक्ताओं व जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारी की ओर से कार्यक्रम भी आयोजित किया गया था।

बुधवार को कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि विधायक अरोरा ने कहा कि अधिवक्ता हमारे समाज की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। जो प्रतिदिन कई लोगों को न्याय दिलाने का कार्य करती है। अधिवक्ता वर्ग से मेरा पुराना नाता रहा है मैं स्वयं चार्टर्ड अकाउंटेंट हूं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में जब से सेवा करने का अवसर मिला तो मैंने शुरुआत में ही बार एसोसिएशन के कहने पर 25 लाख के टिनशेड का निर्माण कार्य यहां करवाया। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के बीच आने से एक नई ऊर्जा और सुझावों का आदान-प्रदान होता है। सभागार बहुत भव्य और दिव्य बना है जिसमें अनेकों प्रकार की बैठक व कार्यक्रम व्यवस्थित रूप से सभागार में संपन्न हो सकेंगे। एक ही स्थान पर अधिवक्ता बैठकर मंथन चिंतन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि विधायक बनने से पूर्व उनके द्वारा जो चुनाव में संकल्प लिए गए थे वह संकल्प 75 फीसदी पूर्ण हो चुके हैं। इसमें दो-तीन कार्य शेष हैं वह 2026 के अंत तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिए जाएंगे। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष संजीव फोगाट, सचिव जसवंत सिंह, उपाध्यक्ष इंद्रजीत बिट्टा, कलेक्ट्रेट उपाध्यक्ष लोकेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष कुलवीर ढिल्लों, उपसचिव मनोज कुमार, लेखा परीक्षक गिरिराज कुमार, पुस्तकालय अध्यक्ष गिरीश कुमार, पूर्व अध्यक्ष दिवाकर पांडेय, सुशीला मेहता, महेश बब्बर, धीरेंद्र शर्मा, लक्ष्मी नारायण, बरित सिंह, गुरबाज सिंह, अनुभव चौधरी, जीतेंद्र संधू, केके त्रिपाठी, प्रेम लता, एमपी तिवारी, खड़क सिंह, राधेश्याम शुक्ला, केएन मिश्रा, डीएन जगसवाल, नरेश रस्तोगी, प्रभा, ज्योति जीना, अंजुम लुबाना, उपासना पाल, नजिम अंजुम, अंकित सिडाना, अंकित गुप्ता रहे।

सभागार का लोकार्पण करते जिला न्यायाधीश और विधायक। ● अमृत विचार

निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

## रुद्रपुर में जिलाधिकारी ने वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**रुद्रपुर:** जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

बुधवार को निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सुरक्षा दृष्टि से लगाए गए सीसीटीवी कैमरों व अग्निशमन यंत्रों को भी देखा। साथ ही सहायक निर्वाचन अधिकारी को निर्देश दिए कि वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखी जाए। साथ ही साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र सिंह अधिकारी आदि मौजूद थे।

**तैयारी** | आवश्यक तैयारियों का जमीनी स्तर पर करें निरीक्षण, एडीएम ने बैठक में दिए अधिकारियों को निर्देश

# 15 जून से पहले कर लें रिवर चैनेलाइजेशन, नालों की सफाई

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र ने कहा कि मानसून काल में जलभराव, बाढ़ से निपटने के लिए तैयारियां अभी से कर ली जाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियों का जमीनी स्तर पर निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि वर्षाकाल में शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव हो जाता है। इसलिए सभी कार्यदायी संस्थाएं रिवर चैनेलाइजेशन व नालों, नालियों की सफाई कार्यों को 15 जून से पहले पूर्ण कर लें।बुधवार को जिला आपदा प्रबंधन सभागार में बैठक के दौरान एडीएम ने कहा कि अभी भी यदि किसी नदी, नाले, नहरों से मलबा हटाने अथवा ड्रेजिंग की जरूरत हो तो सभी उपजिलाधिकारी अपने क्षेत्रों में सिंचाई, लोनिवि, निकाय अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर प्रस्ताव प्रस्तुत करें। सभी नगर निकाय अधिकारियों को नाली व नालों की सफाई कराने के निर्देश दिए। साथ ही जीओ टैग के साथ फोटोग्राफ भी प्रेषित करें। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में वर्षाकाल से पूर्व सभी नहर, नाली व नालों की दोबारा सफाई कराएं। साथ ही वर्षाकाल के दौरान जल भराव वाले क्षेत्रों में छिड़काव के लिए पर्याप्त दवाएं भी रखने के निर्देश दिए। सड़क महकमों को स्कवर, पुलिया के नीचे का मलबे की सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीआरएफ, पुलिस, आपदा प्रबंधन अधिकारी व उप जिलाधिकारियों को उपलब्ध आपदा उपकरणों का भौतिक परीक्षण कर लें। जो उपकरण चलनशील नहीं हैं तो उनकी मरम्मत कराएं। उन्होंने विद्युत विभाग के अभियंताओं को विद्युत लाइनों से लगे पेड़ों की लापिंग-चापिंग कराने के साथ ही खराब विद्युत पोल बदलने व विद्युत तारों को कसने के निर्देश दिए। जिला पूर्ति अधिकारी को आपदा के दौरान खाद्य सामग्री वितरण के लिए मानकों के अनुसार टेंडर व अन्य व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

अधिकारियों के साथ बैठक करते एडीएम कौस्तुभ मिश्र। ● अमृत विचार

### ये अधिकारी रहे मौजूद

नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, ओसी हिमांशु कफल्टिया, अधिशासी अभियंता सिंचाई बीएस डांगी, जिला पंचायतराज अधिकारी विद्या सिंह सोमनाल, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी, जिला पूर्ति अधिकारी विनोद चंद्र तिवारी आदि मौजूद थे, जबकि सभी उप जिलाधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय, लोनिवि, विद्युत विभाग के अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे।

# 22 साल नौकरी के बाद वीआरएस लेकर समाज सेवा में उतरे ताराचंद घिल्डियाल

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** कालाढूंगी में राजस्व निरीक्षक के पद पर रहे ताराचंद घिल्डियाल ने 22 वर्षों की सेवा के बाद स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) लेकर अब समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने का निर्णय लिया है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2013 से वह नैनीताल में राजस्व निरीक्षक के रूप में कार्यरत रहे और 30 अप्रैल 2026 को उनका सेवानिवृत्ति आवेदन स्वीकृत हो गया। सेवानिवृत्ति के बाद अपने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि अब उनका पूरा ध्यान सामाजिक सरोकारों और जनजागरूकता पर रहेगा। उन्होंने बताया कि उनकी संस्था "नेकी की दीवार" के माध्यम से वह पहले से ही सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहे हैं, जिसे अब और विस्तार दिया जाएगा। इसी क्रम में उन्होंने 'नेकी प्रहरी विंग' की शुरुआत की घोषणा की। ताराचंद घिल्डियाल ने बताया कि अभियान का मुख्य फोकस शिक्षा, स्वास्थ्य, और सामाजिक जागरूकता पर रहेगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा स्तर पर पॉलिटिकल अवेयरनेस कार्यक्रम चलाया जाएगा।

पत्रकार वार्ता करते तारा चंद्र घिल्डियाल। ● अमृत विचार

लोकतंत्र में सत्ता का आना-जाना लगा रहता है, लेकिन देश बना रहना चाहिए।

**-अटल बिहारी वाजपेयी**, पूर्व प्रधानमंत्री



## ममता हठ

पश्चिम बंगाल में चुनाव परिणामों के बाद जिस प्रकार हिंसा, आरोपों और राजनीतिक कटुता का वातावरण बना है, वह लोकतंत्र की परिपक्वता पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। चुनाव हारने के बाद यह कहना कि 'जनादेश ने नहीं, चुनाव आयोग ने हराया' भावनात्मक प्रतिक्रिया से अधिक लोकतांत्रिक संस्थाओं की वैधता पर प्रहार है। जब ऐसा बयान किसी बड़े क्षेत्रीय दल की सर्वोच्च नेता की ओर से आता है, तो उसका असर कार्यकर्ताओं की मानसिकता और सड़क के माहौल दोनों पर पड़ता है। बंगाल में हिंसा का यही मनोविज्ञान दिखाई देता है। ममता बनर्जी और भाजपा दोनों को संयुक्त रूप से हिंसा रोकने की अपील करनी चाहिए।

बंगाल पहले भी चुनाव बाद हिंसा की भयावह राजनीति देख चुका है। लोकतंत्र में प्रतिशोध नहीं, सत्ता का शांतिपूर्ण हस्तांतरण सबसे बड़ी कसौटी होता है। यह सही है कि भारतीय चुनावों में हारने वाला पक्ष अक्सर ईवीएम, प्रशासनिक पक्षपात, धनबल या चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर प्रश्न उठाता रहा है। कभी भाजपा ने भी विपक्ष में रहते हुए ऐसी शिकायतें की थीं, तो कांग्रेस और क्षेत्रीय दल भी यह परंपरा निभाते रहे हैं, किंतु ममता बनर्जी का यह कहना कि 'सौ सीटें चुनाव आयोग ने लूट लीं' एक गंभीर आरोप है। लोकतंत्र में इतने बड़े आरोप का आधार भी उतना ही ठोस होना चाहिए। यदि प्रमाण हैं, तो संवैधानिक और न्यायिक रास्ते खुले हैं। केवल जनसभाओं और मीडिया के मंच से आरोप लगाने से न तो परिणाम बदलेंगे और न लोकतांत्रिक विश्वसनीयता बचेगी। प्रश्न यह है कि यदि ममता बनर्जी को चुनाव आयोग, न्यायपालिका और चुनावी प्रक्रिया तीनों पर भरोसा नहीं, तो फिर लोकतांत्रिक राजनीति का आधार क्या रह जाता है? चुनाव में भाग लेना और हार के बाद पूरी प्रक्रिया को अवैध बताना अंततः जनता के निर्णय को ही संदिग्ध बनाता है। लोकतंत्र में हार अस्थायी होती है; संस्थाओं को कठघरे में खड़ा कर देना स्थायी नुकसान पहुंचाता है। ममता के इस्तीफे से इनकार का कोई मतलब नहीं, क्योंकि संवैधानिक दृष्टि से मुख्यमंत्री तब तक पद पर बने रह सकते हैं, जब तक वैकल्पिक सरकार शपथ नहीं ले लेती। 'मैं नहीं हटूंगी' जैसी मुद्रा लोकतांत्रिक विनम्रता नहीं, बल्कि राजनीतिक हठ का संकेत देती है। यह हठ अपने कार्यकर्ताओं को संदेश देने और राजनीतिक प्रासंगिकता बनाए रखने की रणनीति है, किंतु इससे उनकी नैतिक स्थिति मजबूत नहीं होती। विपक्ष की व्यापक स्थिति भी आत्ममंथन मांगती है।

आज ममता विपक्षी एकता की बात कर रही हैं, लेकिन उन्होंने वर्षों तक क्षेत्रीय स्वार्थों के कारण कांग्रेस, वामपंथियों या अन्य सहयोगियों को कमजोर किया। बंगाल में वाम दलों और कांग्रेस के क्षरण में तृणमूल की भूमिका किसी से छिपी नहीं। इसी प्रकार विपक्षी गठबंधन के भीतर नेतृत्व विवाद, संयोजक पद को लेकर खींचतान और परस्पर अविश्वास ने भाजपा को राजनीतिक बढ़त दी। भाजपा की चुनावी मशीनरी जितनी मजबूत है, विपक्ष की रणनीतिक अव्यवस्था भी उतनी ही बड़ी सच्चाई है। विपक्ष का लगातार कमजोर होना भाजपा की ताकत से ज्यादा विपक्ष की वैचारिक अस्पष्टता, संगठनहीनता और अवसरवादी गठबंधनों का दुष्परिणाम है। केवल चुनाव आयोग या संस्थाओं को दोष देकर इस वास्तविकता से बचा नहीं जा सकता।

### प्रसंगवश

## मानवता और राष्ट्रवाद पर टैगोर की अंतर्दृष्टि

गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर का जन्म सात मई 1861 को बंगाल के एक अत्यंत प्रतिष्ठित और समृद्ध परिवार में महर्षि देवेंद्रनाथ टैगोर के घर हुआ था। बचपन से ही असाधारण और बेहद संवेदनशील प्रतिभा के धनी टैगोर ने मात्र आठ वर्ष की आयु में अपनी पहली कविता लिख दी थी और बहुत कम लोग जानते होंगे कि शुरुआत में वे 'भानुसिंह' उपनाम से लिखते थे। उन्हें चारदीवारी वाली पारंपरिक स्कूली शिक्षा बिल्कुल पसंद नहीं थी, इसलिए उनकी अधिकांश शिक्षा घर पर ही स्वाध्याय और निजी शिक्षकों के माध्यम से हुई।

इसी स्वाध्याय के बल पर उन्होंने संस्कृत, भारतीय दर्शन और नक्षत्र-विज्ञान का गहन अध्ययन किया। वर्ष 1877 में कानून की पढ़ाई के लिए उन्हें इंग्लैंड भेजा गया, परंतु वहां के शैक्षणिक माहौल से संतुष्ट न होने के कारण, वे बिना कोई डिग्री लिए भारत लौट आए। टैगोर एक ऐसे बहुमुखी रचनाकार थे, जिन्होंने कविता, संगीत, नाटक, कहानी और चित्रकला-हर क्षेत्र पर अपनी अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने 2000 से अधिक गीतों की शानदार व दमदार रचना की, जिन्हें आज 'रवींद्र संगीत' के नाम से जाना जाता है, जो बंगाली संस्कृति का एक अनिवार्य हिस्सा हैं।

**सुनील महला**
लेखक

उनकी कालजयी साहित्यिक कृति 'गीतांजलि' (गीतों का उपहार) मूल रूप से बंगाली में लिखी गई थी, तथा यह 14 अगस्त 1910 को प्रकाशित हुई थी। जब टैगोर ने स्वयं इसका अंग्रेजी अनुवाद किया, तब महान आयरिश कवि डब्लूबी यीट्स (अंग्रेज़ी साहित्यकार) इसके अनुवाद से अत्यंत प्रभावित हुए और उन्होंने इस पुस्तक की ऐतिहासिक प्रस्तावना लिखी। इसी कृति के लिए टैगोर को वर्ष 1913 में साहित्य के क्षेत्र में विश्व का सर्वोच्च 'नोबेल पुरस्कार' प्राप्त हुआ और वे यह सम्मान पाने वाले पहले गैर-यूरोपीय बने। इसी वर्ष कलकत्ता विश्वविद्यालय ने उन्हें 'डी-लिट्' की उपाधि से भी सम्मानित किया। वर्ष 1915 में ब्रिटिश सरकार ने उन्हें 'नाइटहुड' की मानद उपाधि दी, जिसे उन्होंने 13 अप्रैल 1919 को हुए जलियांवाला बाग हत्याकांड के विरोध में अत्यंत क्षोभ के साथ वापस लौटा दिया।

टैगोर दुनिया के एकमात्र ऐसे कवि हैं, जिनकी रचनाएं दो देशों का राष्ट्रगान बनीं-भारत का 'जन-गण-मन' और बांग्लादेश का 'आमार सोनार बांग्ला'। इसके अलावा, श्रीलंका के राष्ट्रगान 'श्रीलंका माथा' के रचयिता आनंद समराकून भी शांति निकेतन में टैगोर के ही शिष्य थे, जिन्होंने गुरुदेव की संगीत शैली से प्रेरित होकर इसकी रचना की थी। टैगोर ने पत्नी व बच्चों की असामयिक मृत्यु के गहरे आघात को झेला। उन्होंने महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन के साथ विज्ञान और दर्शन के गूढ़ विषयों पर प्रसिद्ध संवाद किए। 60 वर्ष की आयु में उन्होंने चित्रकला की शुरुआत की। वे 'रेड-ग्रीन कलर ब्लाइंडनेस' (लाल और हरे रंग को ठीक से न पहचान पाने की शारीरिक सीमा) से ग्रसित थे, लेकिन इस बाधा को पार करते हुए उन्होंने लगभग 3,000 पेंटिंग्स बनाईं।

अपनी कहानियों 'काबुलीवाला' और 'चोखेर बाली', जो बहुत पठनीय व प्रसिद्ध रहीं हैं, के जरिए उन्होंने मानवीय संवेदनाओं और महिलाओं के अधिकारों को स्वर दिया। टैगोर का यह मानना था कि मानवता राष्ट्रवाद से कहीं ऊपर है और वे अंध राष्ट्रवाद के कड़े आलोचक थे। इसी वैश्विक दृष्टिकोण और विश्वबंधुत्व की भावना के साथ उन्होंने यूरोप, अमेरिका, चीन और जापान जैसे देशों की यात्राएं कीं। वे बंगाल के प्रसिद्ध सूफी संत लालन फकीर के मानवतावादी व सांप्रदायिक सौहार्द के संदेशों से गहरे प्रभावित थे, जिसकी झलक उनके आध्यात्मिक चिंतन में मिलती है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# नेपाल में अब वर्चस्व कायम करने की होड़

**दिग्विजय सिंह**
कानपुर

नेपाल में सत्ता परिवर्तन के बाद से ही दुनिया के दो बड़े देशों की नजर वहां के दुर्लभ खनिज संपदा पर है। नई सरकार से भारत भी अपने रिश्ते सुधारने की पुरजोर कोशिश कर रहा है। भारतीय रणनीतिकार भी चाहते हैं कि वहां के खनिज पदार्थों खासकर यूरेनियम की खोज का मौका मिले। अमेरिका और चीन भी प्रधानमंत्री बालेन शाह से नजदीकी बढ़ाने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। ये दोनों महाशक्तियां वहां भारत के प्रभाव को कम करने पर भी काम कर रही हैं। सत्ता में आते ही प्रधानमंत्री बालेन शाह ने कुछ ऐसे फैसले लिए हैं, जो उनके भारत विरोध में उठाए गए कदम को दर्शाते हैं, हालांकि अमेरिका वहां भारत के साथ ही चीन के प्रभाव को भी कम करने पर काम कर रहा है।

नेपाल में तांबा, लोहा, अबरख, मैग्नीशियम, सोना, यूरेनियम प्रचुर मात्रा में हैं। मैग्नीशियम और यूरेनियम के खनन को लेकर इस वक्त जोर आजमाइश हो रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले दिनों अपने विशेष दूत सर्गियो गोर को नेपाल भेजा था, हालांकि उनकी मुलाकात प्रधानमंत्री से नहीं हो पाई। सर्गियो गोर ने मंत्रियों और अधिकारियों से मुलाकात कर डोनाल्ड ट्रंप के संदेश को वहां तक पहुंचाया और कई ऑफर भी दिए। उनका मकसद चीन और भारत के प्रभाव को कम करना था, हालांकि इसमें उन्हें बहुत सफलता नहीं मिली है।

भारत और नेपाल का रिश्ता रोटी और बेटी वाला है। ऐसे में नेपाल सरकार जो भी निर्णय लेती है, उसे जनभावनाओं का ख्याल रखना पड़ता है, लेकिन कुछ ऐसे फैसले हुए हैं, जो दोनों देशों के हित में नहीं रहे। इससे पहले केपी ओली की सरकार भारत विरोधी कदम उठाती रही है। चीन का प्रभाव वहां तब बढ़ गया था। केपी ओली सरकार के फैसलों में चीन की छाप स्पष्ट दिखाई देती थी, हालांकि इसका खामियाजा चुनाव में ओली को भुगतना पड़ा।

नई सरकार के गठन के बाद लगा था कि भारत और नेपाल के रिश्ते पटरी पर आएंगे, लेकिन हाल ही में नई सरकार ने कुछ ऐसे कदम उठाए, जो हमारे हितों के लिए उचित नहीं हैं। ये न सिर्फ नेपाल के लोगों के लिए दुखदायी बने, बल्कि भारत के लोग भी परेशान दिखे। प्रधानमंत्री बालेन शाह की सरकार ने भारत से आने वाले 100 नेपाली रुपये से ज्यादा कीमत के सामान पर अनिवार्य कस्टम ड्यूटी लगाकर बड़ा झटका दिया, जबकि अभी तक भारत-नेपाल बॉर्डर दुनिया के सबसे खुले अंतर्राष्ट्रीय बॉर्डरों में से एक रहा है, जहां दोनों देशों के लोग बेरोक-टोक आते जाते रहे हैं।

इसके साथ ही भारत और चीन के बीच हुए समझौते के तहत उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के लिपुलेख दर्रे और सिक्किम के नाथुला दर्रे से यात्रा शुरू होनी है। नेपाल बार-बार कहता है कि महाकाली नदी के पूरब में लिंपियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी 1816 की सुगौली संधि के बाद से नेपाल का हिस्सा है। भारत- चीन के इस समझौते से नेपाल भारत से नाराज है। इसका लाभ भी अमेरिका उठाकर वहां खनिजों के खनन में निवेश करना चाहता है, इसलिए वह समान रूप से भारत और चीन के विरुद्ध है। नेपाल के मुस्तांग क्षेत्र में यूरेनियम के साथ ही दुर्लभ पृथ्वी खनिजों का विशाल भंडार है। अमेरिका चाहता है कि इस खनिज को निकालने का ठेका उसे मिले, ताकि वह अपना प्रभाव जमाना शुरू करे, जबकि चीन चाहता है कि यूरेनियम व अन्य खनिजों को निकालने का ठेका किसी तरह से उसे मिल जाए।

मुस्तांग क्षेत्र नेपाल-तिब्बत सीमा पर स्थित है। चीन पूरी दुनिया में बड़े पैमाने पर दुर्लभ खनिजों का निर्यात करता है। इसे वह अपने हितों के लिए कई बार दूसरे देशों को झुकाने के हथियार के रूप में भी करता है, इसलिए वह किसी भी स्थिति में वहां ठेका प्राप्त करने को आतुर दिख रहा है, जबकि भारत राजनयिक तरीके से इस कोशिश में लगा है कि उसे वहां ठेका मिले और नेपाल से उसके रिश्ते समृद्ध हों। खनिजों के ठेकों को लेकर महाशक्तियों द्वारा बनाए जा रहे दबाव से नेपाल के सत्ता प्रतिष्ठान में बैठे लोगों के साथ ही वहां के अन्य राजनीतिक दल भी परेशान हैं।

वहां पैठ मजबूत रहे इसलिए ही चीनी थिंकटैंक ने काठमांडू रिंग रोड के विस्तार के लिए 11 अरब नेपाली रुपये अनुदान के रूप में देने की घोषणा की है, तो अमेरिका ने नेपाल की सेना को छह लड़ाकू हेलीकॉप्टर देने का प्रस्ताव रखा है, हालांकि नेपाली आर्मी ने इस प्रस्ताव पर कोई फैसला नहीं लिया है। चीन का नेपाल में बढ़ता प्रभाव भारत के लिए अच्छा संकेत नहीं है, तो अमेरिका का नेपाल में दखल भी किसी तरीके से भारत के लिए शुभ संकेत नहीं है, इसलिए भारत सरकार की ओर से नेपाल को यह बताने की कोशिश की जा रही है कि भारत सदैव एक अच्छे पड़ोसी की तरह नेपाल के हर संकट में मदद करता रहा है, इसलिए उसकी धरती का उपयोग भारत के विरुद्ध न हो यह सरकार को सुनिश्चित करना होगा। साथ ही चीन के नेपाल पर बढ़ते कर्ज के जाल को लेकर भी भारत ने सतर्क किया है।

चीन का इतिहास ही रहा है कि पहले वह दोस्ती करता है, फिर विभिन्न परियोजनाओं के नाम पर कर्ज देता है और बाद में कर्ज वसूलने को दबाव बनाता है। चीन के भारी कर्ज के जाल में फंसकर श्रीलंका ने उसे अपने हंबनटोटा बंदरगाह को 99 वर्ष के लीज पर सौंप दिया। अंगोला, इथोपिया, केन्या, जांबिया, वेनेजुएला, कंबोडिया जैसे देश चीन के कर्ज से कराह रहे हैं। वे इससे उबरना तो चाहते हैं, लेकिन सफल नहीं हो पा रहे हैं, क्योंकि आर्थिक रूप से कमजोर हैं और दूसरे देशों से भी कर्ज लेकर अपनी अर्थव्यवस्था चला रहे हैं।

> नेपाल में सत्ता परिवर्तन के बाद से ही दुनिया के दो बड़े देशों की नजर वहां के दुर्लभ खनिज संपदा पर है। नई सरकार से भारत भी अपने रिश्ते सुधारने की पुरजोर कोशिश कर रहा है।

### आमने-सामने

बीजेपी चुनावों में सामाजिक और धार्मिक आधार पर मतदाताओं को बांटने की कोशिश कर रही है, जो लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी बंगाल में मजबूती के साथ उभरेगी और जनता का समर्थन उसे और अधिक मिलेगा।

**-सुखविंदर सिंह सुक्खू**
मुख्यमंत्री
हिमाचल प्रदेश

विपक्ष ने हर हार के बाद ईवीएम और संवैधानिक संस्थाओं पर प्रश्न खड़ा करना अपनी आदत बना लिया है। सुक्खू बंगाल, आसाम में ईवीएम हैक मानते हैं, मगर केरलम में उनकी पार्टी के गठबंधन की जीत पर चुप्पी साध लेते हैं।

**-अनुराग ठाकुर**
सांसद भाजपा

# व्यवस्था नहीं टूटी, पर इंसान टूट गया

**प्रो. आरके जैन**
शिक्षाविद्

सच का आईना अक्सर वहीं मिलता है, जहां नजरें कम जाती हैं। ओडिशा के एक ग्रामीण इलाके की सुनसान राह पर चलता वह व्यक्ति केवल राहगीर नहीं, बल्कि व्यवस्था की विफलता का प्रतीक बन गया था। उसके कंधों पर रखी गठरी में कोई वस्तु नहीं, बल्कि उसकी मृत बहन के अवशेष थे और भीतर अपमान, थकान व असहायता का गहरा बोझ था। कई किलोमीटर का यह सफर वर्षों की उपेक्षा और असमानता की खाई को पार करने जैसा था, जहां उसे मानवीय संवेदना की सीमा तक जाना पड़ा। उद्देश्य था, करीब बीस हजार रुपये, पर रास्ता इतना कठोर कि उसे अपनी बहन के अवशेष ही प्रमाण बनाने पड़े। यह दृश्य केवल पीड़ादायक नहीं, बल्कि भयावह है, जो व्यवस्था की संवेदनहीनता को उजागर करता है।

इसे केवल एक वायरल दृश्य मानकर आगे बढ़ जाना सबसे बड़ी चूक होगी। यह उस व्यक्ति की दास्तान है, जिसने व्यवस्था के दरवाज़े पर बार-बार दस्तक दी, पर हर बार कागज़ी औपचारिकताओं की दीवार से टकराकर लौटना पड़ा। वह व्यक्ति एक अशिक्षित, दिहाड़ी मजदूर, दरअसल उसी भारत का चेहरा है, जो अक्सर योजनाओं और आंकड़ों की भीड़ में गुम हो जाता है। उसके लिए बैंक, प्रमाण-पत्र और प्रक्रियाएं जीवन का सामान्य हिस्सा नहीं, बल्कि भय और उलझनों से भरा जाल हैं। बहन की मृत्यु के बाद बची थोड़ी-सी राशि ही उसके लिए आशा की अंतिम किरण थी। पर जब उस पर भी नियमों का कठोर पहरा लगा, तो उसका मानसिक संतुलन डगमगा गया। उसका यह कदम तर्कसंगत न हो, पर उसकी पीड़ा निःसंदेह सच्ची और असहनीय थी।

परिस्थिति का एक दूसरा आयाम भी है, जो उतना ही सख्त है और जिसे अनदेखा करना उचित नहीं। बैंक की मांग कोई मनमानी नहीं, बल्कि विधिक प्रक्रिया का अनिवार्य हिस्सा थी। मृत्यु प्रमाण-पत्र और वारिस की पुष्टि जैसे प्रावधान उसी व्यवस्था की नींव हैं, जो छल और धोखाधड़ी को रोकती है। यदि बिना दस्तावेज़ के राशि दे दी जाती, तो वही समाज बाद में बैंक को लापरवाह ठहराता। नियम संवेदनाओं के आधार पर नहीं, बल्कि सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाए जाते हैं। यह स्वीकार करना होगा कि व्यवस्था की कठोरता ही उसकी विश्वसनीयता का आधार बनती है, किंतु प्रश्न अब भी बना हुआ है, क्या इस कठोर ढांचे में मानवीय संवेदना के लिए कोई स्थान शेष है, या वह कागज़ी औपचारिकताओं के बोझ तले दबकर रह गई है?

यहीं से सवाल एक चुभती हुई सच्चाई बनकर उभरता है। दोष नियमों में है या उन्हें पाने की प्रक्रिया में? ग्रामीण भारत में मृत्यु प्रमाण-पत्र बनवाना भी कई लोगों के लिए कठिन काम बन जाता है। जानकारी की कमी, दफ्तरों की दूरी और भाषा-व्यवहार की खाई आम आदमी को बेबस कर देती है। उस व्यक्ति के लिए यह प्रक्रिया उतनी ही जटिल रही होगी, जितनी हमारे लिए किसी अनजाने देश के कानून समझना। उसका कदम गलत था, पर इसकी जड़ उस व्यवस्था में भी है, जिसने उसे सही रास्ता कभी दिखाया ही नहीं। जब रास्ते साफ नहीं होते, तो भटकाव मजबूरी बन जाता है।

डिजिटल दुनिया में उमड़ता गुस्सा अपने आप में एक कड़वा सच उजागर करता है। हम बिना पूरी तस्वीर देखे, तुरंत व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर देते हैं, जबकि असल समस्या कई स्तरों पर फैली होती है। यह मानना सही है कि गरीबी इंसान को संवेदनशील बनाती है, लेकिन जब यही संवेदना अति में बदल जाती है, तो सच्चाई ओझल हो जाती है। बैंक को दोष देना सरल है, पर यह सवाल उठाना कठिन है कि क्या हमने अपने समाज को इतना जागरूक बनाया है कि वह इन प्रक्रियाओं को समझ सके। यह घटना केवल एक व्यक्ति का दुख नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक कमी का परिणाम है, जिसमें हम सब किसी न किसी रूप में भागीदार हैं।

अब बात सिर्फ खेद जताने तक सीमित नहीं रह सकती, बल्कि ठोस सुधार की मांग करती है। बैंकों और प्रशासन को यह स्वीकार करना होगा कि नियम तभी प्रभावी होते हैं, जब वे आम लोगों के लिए सहज और पहुंच में हों। ग्रामीण क्षेत्रों में सहायता केंद्र, सरल और स्पष्ट भाषा में जानकारी, तथा पंचायतों के साथ मजबूत समन्वय, ये सब अब जरूरत बन चुके हैं। संवेदनशीलता का अर्थ नियमों से समझौता नहीं, बल्कि उन्हें इस तरह लागू करना है कि हर व्यक्ति उन्हें समझ सके और अपनाने में सक्षम हो। अगर व्यवस्था लोगों तक पहुंचने में असफल रहती है, तो उसका अस्तित्व ही सवालों के घेरे में आ जाता है। यह घटना एक गहरी और कड़वी सच्चाई को सामने लाती है। हमारी व्यवस्था ऊपर से भले ही सुदृढ़ दिखे, लेकिन उसकी जड़ों में कहीं न कहीं कमजोरी छिपी हुई है। सबसे पीछे खड़ा आम व्यक्ति आज भी जरूरी जानकारी और बुनियादी सुविधाओं से दूर रह जाता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

> पांच राज्यों के चुनावों के शोर-गुल में यह खबर दब सी गई, लेकिन प्रश्न बड़ा है। सिस्टम कठोर क्यों है कि उसके नीचे इंसानियत दबकर मर जाए।

### सोशल फोरम

## नमक व कांटों वाली दीवार

चीन की 'ग्रेट वॉल' के बारे में तो सब जानते हैं, लेकिन क्या आपने भारत की उस 2,500 मील लंबी 'कांटों वाली दीवार' के बारे में सुना है? इसे अंग्रेजों ने पत्थरों से नहीं, बल्कि ज़हरीली झाड़ियों और ऊंचे पेड़ों से बनाया था, ताकि गरीब हिंदुस्तानी अपनी रोटी के साथ 'नमक' न खा सके।

**अनिल मीणा**
ब्लॉगर

एक ऐतिहासिक रिपोर्ट 'The Great Hedge of India' में इसका जिक्र मिलता है। सोचिए, हिमालय से लेकर कटक (उड़ीसा) तक अंग्रेजों ने एक ऐसी बाड़ खड़ी कर दी थी, जो इतनी घनी थी कि एक चूहा भी उसे पार नहीं कर सकता था।

वजह? नमक पर टैक्स (Salt Tax)। अंग्रेज चाहते थे कि हर भारतीय सिर्फ वही नमक खरीदे, जो ब्रिटेन से आता है या जिस पर कंपनी का भारी टैक्स हो। जो गरीब अपना नमक खुद बनाता था, उसे 'तस्कर' (Smuggler) करार दिया जाता था।

बताते हैं कि यह बाड़ 4,000 किलोमीटर लंबी थी। इसकी सुरक्षा के लिए अंग्रेजों ने 12,000 से ज्यादा गार्ड्स तैनात किए थे, ताकि कोई नमक का एक दाना भी इधर-से-उधर न कर सके। उस समय नमक टैक्स उसकी असली कीमत से 1,200% ज्यादा तक बढ़ा दिया गया था। मिसाल के तौर पर एक रुपये का नमक 13 रुपये में बिकता था।

नमक की कमी के कारण भारत के ग्रामीण इलाकों में लाखों लोग बीमारियों (जैसे- Goitre और आयोडीन की कमी) का शिकार हुए और कुपोषण से मर गए, क्योंकि गरीब जनता इतना महंगा नमक नहीं खरीद सकती थी। जब गांधी जी ने 'दांडी यात्रा' की थी, तो वो सिर्फ एक प्रतीकात्मक यात्रा नहीं थी, बल्कि इसी 'आर्थिक गुलामी' की जंजीरों को तोड़ने की शुरुआत थी।

इतिहास हमें सिखाता है कि जब कोई देश अपनी बुनियादी ज़रूरतों (जैसे नमक, पानी) के लिए दूसरों पर निर्भर होता है, तो वो गुलाम बन जाता है। आज भी हमें आर्थिक रूप से जागरूक होने की ज़रूरत है, ताकि कोई भी 'डिजिटल' या 'कॉर्पोरेट' दीवार हमें दोबारा गुलाम न बना सके।

इतिहास के पन्ने इस बात के गवाह हैं कि हमारे पूर्वजों ने सिर्फ गोलियों से नहीं, बल्कि अपनी भूख और नमक से भी आजादी की जंग लड़ी है।

**-फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## वैश्विक अर्थव्यवस्था पर ऊर्जा निर्भरता का असर

मध्य पूर्व में जारी ईरान से जुड़ा सैन्य तनाव आज केवल क्षेत्रीय संघर्ष नहीं रह गया है, बल्कि उसने पूरी दुनिया की ऊर्जा व्यवस्था और आर्थिक संतुलन को गहराई से प्रभावित किया है। यह स्थिति हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हमारी ऊर्जा निर्भरता हमें भविष्य में और बड़े संकटों की ओर धकेल रही है। ईरान का भू-राजनीतिक महत्व इसलिए भी अधिक है, क्योंकि उसके पास स्थित होरमुज़ जलडमरूमध्य वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का सबसे महत्वपूर्ण मार्ग है। दुनिया का एक बड़ा हिस्सा तेल और गैस सहित एलपीजी इसी रास्ते से होकर गुजरता है। जैसे ही युद्ध या तनाव के कारण इस मार्ग पर खतरा बढ़ता है, तुरंत वैश्विक बाजार में आपूर्ति बाधित होती है।

भारत जैसे देश, जो अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए आयात पर काफी निर्भर हैं, इस संकट से सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। भारत अपनी एलपीजी का बड़ा हिस्सा मध्य पूर्व से आयात करता है। ऐसे में युद्ध के कारण आपूर्ति बाधित होते ही घरेलू बाजार में कीमतों का बढ़ना स्वाभाविक है। इसका सीधा असर आम जनता की रसोई पर पड़ता है, जहां पहले से ही महंगाई का दबाव बना हुआ है। सरकार पर भी सब्सिडी का बोझ बढ़ता है, जिससे राजकोषीय संतुलन प्रभावित होता है।

**आकाश सपेलकर**
वकील, सुप्रीम कोर्ट

दूसरी ओर, यूरोप और अमेरिका जैसे विकसित देश भी इस संकट से अछूते नहीं हैं। यूरोप पहले ही ऊर्जा संकट से जूझ रहा है और अब गैस की बढ़ती कीमतों ने उसकी औद्योगिक उत्पादन क्षमता पर दबाव बढ़ा दिया है। अमेरिका में भी महंगे ईंधन के कारण महंगाई की दूसरी लहर की आशंका जताई जा रही है, जिससे उपभोक्ता खर्च और आर्थिक वृद्धि दोनों प्रभावित हो सकते हैं।

सबसे गंभीर स्थिति विकासशील देशों की है, जहां ऊर्जा आयात पर अत्यधिक निर्भरता है और आर्थिक संसाधन सीमित हैं। इन देशों में एलपीजी की कीमत बढ़ने का सीधा असर गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ता है, जिससे जीवन स्तर में गिरावट आती है। कई बार लोगों को मजबूर होकर पारंपरिक ईंधनों की ओर लौटना पड़ता है, जो पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों के लिए हानिकारक है। यह संकट केवल वर्तमान का नहीं, बल्कि भविष्य का भी संकेत देता है।

यदि ईरान से जुड़ा यह संघर्ष लंबा चलता है, तो वैश्विक ऊर्जा बाजार में अस्थिरता बनी रह सकती है। इससे न केवल कीमतें ऊंची रहेंगी, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा भी खतरे में पड़ सकती है। यही कारण है कि अब विश्व के कई देश वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों जैसे-सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और इलेक्ट्रिक तकनीक की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं।

भारत के लिए यह समय एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकता है। यदि हम अपनी ऊर्जा नीति को आत्मनिर्भरता की दिशा में नहीं ले जाते, तो भविष्य में ऐसे वैश्विक संकट हमारे लिए और अधिक गंभीर हो सकते हैं। हमें न केवल आयात पर निर्भरता कम करनी होगी, बल्कि घरेलू उत्पादन, पाइप गैस नेटवर्क और नवीकरणीय ऊर्जा को भी बढ़ावा देना होगा। साथ ही, ऊर्जा के रणनीतिक भंडारण (Strategic Reserves) पर भी ध्यान देना आवश्यक है। आज आवश्यकता है दूरदर्शी नीतियों की, जो न केवल वर्तमान संकट से निपटने में मदद करें, बल्कि भविष्य को भी सुरक्षित और स्थिर बनाएं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# कैम्पस

फूड इंडस्ट्री आज केवल उत्पादन तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसमें स्वाद, गुणवत्ता और नवाचार की अहम भूमिका हो गई है। बदलती लाइफस्टाइल और उपभोक्ताओं की बढ़ती अपेक्षाओं के बीच आइसक्रीम जैसे उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ी है। ऐसे में आइसक्रीम टेस्टर का पेशा उभरते करियर विकल्प के रूप में सामने आया है। यह काम केवल स्वाद लेने तक सीमित नहीं, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण से हर पहलू की जांच करना होता है। यदि आपको खाने-पीने का शौक है और आप इस पेशे में आना चाहते हैं, तो यह क्षेत्र आपके लिए आकर्षक अवसर प्रदान करता है।

## स्वाद में उज्ज्वल भविष्य की संभावना

# आइसक्रीम टेस्टर

### आइसक्रीम टेस्टर की भूमिका

फूड इंडस्ट्री के विस्तार के साथ आइसक्रीम टेस्टर की भूमिका भी महत्वपूर्ण होती जा रही है। कंपनियां लगातार नए फ्लेवर विकसित करने और प्रोडक्ट की गुणवत्ता बनाए रखने पर जोर दे रही हैं। ऐसे में प्रशिक्षित प्रोफेशनल्स की मांग बढ़ रही है, जो स्वाद, बनावट और खुशबू का सूक्ष्म विश्लेषण कर सकें। यह करियर उन युवाओं के लिए विशेष रूप से उपयुक्त है, जो अपने शौक को पेशेवर रूप देना चाहते हैं। आइसक्रीम टेस्टर का कार्य केवल स्वाद चखना नहीं होता, बल्कि यह एक जिम्मेदारीपूर्ण प्रक्रिया है। प्रोफेशनल टेस्टर वैज्ञानिक तरीके से आइसक्रीम के फ्लेवर, टेक्सचर, मिठास और खुशबू का मूल्यांकन करते हैं। वे एक दिन में कई प्रकार के फ्लेवर का परीक्षण करते हैं और उनके आधार पर कंपनियों को सुझाव देते हैं, जिससे प्रोडक्ट की गुणवत्ता में सुधार हो सके।

### जरूरी स्किल्स

इस पेशे में सफल होने के लिए कुछ विशेष कौशलों का होना आवश्यक है-

- **स्वाद पहचानने की क्षमता :** विभिन्न फ्लेवर और मिठास के स्तर को बारीकी से समझना।
- **रचनात्मक सोच:** नए और अनोखे फ्लेवर विकसित करने की क्षमता रखना।
- **सुगंध और बनावट की समझ:** खुशबू और टेक्सचर के सूक्ष्म अंतर पहचानना।
- **धैर्य:** लगातार कई फ्लेवर टेस्ट करने के लिए मानसिक संतुलन बनाए रखना।
- **सूक्ष्म अवलोकन :** छोटे-छोटे अंतर को पकड़ने की क्षमता होना।
- **स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता:** लगातार टेस्टिंग के कारण स्वास्थ्य संतुलन बनाए रखना जरूरी है।

### करियर की संभावनाएं

फूड इंडस्ट्री के तेजी से विस्तार के चलते इस क्षेत्र में करियर की संभावनाएं भी बढ़ रही हैं। आइसक्रीम कंपनियां, डेयरी ब्रांड्स और बड़ी FMCG कंपनियां क्वालिटी कंट्रोल और प्रोडक्ट डेवलपमेंट के लिए टेस्टर की नियुक्ति करती हैं। इसके अलावा रिसर्च एंड डेवलपमेंट (R&D) विभाग में भी इनकी अहम भूमिका होती है। अनुभव के साथ व्यक्ति सीनियर टेस्टर, फ्लेवर एक्सपर्ट या प्रोडक्ट डेवलपर जैसे पदों तक पहुंच सकता है।

### सैलरी

शुरुआती स्तर पर इस क्षेत्र में काम करने वाले प्रोफेशनल्स को लगभग 2.5 से 3.5 लाख रुपये सालाना तक का पैकेज मिल सकता है। अनुभव और विशेषज्ञता बढ़ने के साथ यह आय तेजी से बढ़ती है। बड़ी कंपनियों में अनुभवी टेस्टर को आकर्षक वेतन और अन्य सुविधाएं भी मिलती हैं, जिससे यह करियर आर्थिक रूप से भी लाभदायक बन जाता है।

आइसक्रीम टेस्टर का पेशा उन लोगों के लिए एक अनूठा अवसर है, जो स्वाद के प्रति संवेदनशील हैं और फूड इंडस्ट्री में अपना भविष्य बनाना चाहते हैं।

### आवश्यक शैक्षणिक योग्यता

भारत में इस क्षेत्र के लिए कोई विशेष डिग्री निर्धारित नहीं है, लेकिन फूड साइंस या फूड टेक्नोलॉजी में स्नातक या स्नातकोत्तर डिग्री इस दिशा में मजबूत आधार प्रदान करती है। इसके अलावा डेयरी टेक्नोलॉजी जैसे विषय भी सहायक होते हैं। पढ़ाई के दौरान किसी प्रतिष्ठित फूड कंपनी या आइसक्रीम ब्रांड में इंटर्नशिप करना व्यावहारिक अनुभव दिलाने में मदद करता है, जो करियर की शुरुआत के लिए बेहद उपयोगी साबित होता है।

## वर्ड स्मिथ

### कहां से आया नोटिस शब्द

'नोटिस' शब्द आज हमारी रोजमर्रा की भाषा, प्रशासनिक कामकाज और कानूनी प्रक्रियाओं में बहुत सामान्य रूप से इस्तेमाल होता है, लेकिन इसकी उत्पत्ति काफी रोचक है। 'नोटिस' अंग्रेजी के notice शब्द से आया है, जिसका मूल लैटिन भाषा के शब्द notitia में मिलता है। Notitia का अर्थ होता है- 'जानकारी', 'सूचना' या 'ज्ञान'। यही शब्द आगे चलकर पुरानी फ्रेंच (Old French) में notice के रूप में विकसित हुआ, जिसका अर्थ था किसी बात की जानकारी देना या किसी तथ्य को सार्वजनिक करना।

मध्यकालीन यूरोप में जब प्रशासनिक और कानूनी व्यवस्थाएं विकसित हो रही थीं, तब लोगों तक सूचना पहुंचाने के लिए लिखित घोषणाओं का उपयोग बढ़ा। इन्हीं लिखित सूचनाओं को notice कहा जाने लगा। धीरे-धीरे यह शब्द अंग्रेजी भाषा में स्थायी रूप से शामिल हो गया और इसका प्रयोग किसी आधिकारिक सूचना, चेतावनी या घोषणा के लिए होने लगा। भारत में 'नोटिस' शब्द का प्रचलन अंग्रेजों के शासनकाल के दौरान बढ़ा। ब्रिटिश प्रशासन में कानूनी और सरकारी कामकाज अंग्रेजी में होता था, इसलिए notice शब्द भी सीधे भारतीय भाषाओं में आ गया। हिंदी में इसे 'नोटिस' के रूप में अपनाया गया और इसका अर्थ हुआ- किसी व्यक्ति या समूह को दी गई औपचारिक सूचना, जैसे अदालत का नोटिस, स्कूल का नोटिस या किसी संस्था की सूचना। आज 'नोटिस' केवल कानूनी शब्द नहीं रहा, बल्कि यह संचार का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। स्कूल, दफ्तर, संस्थान और सार्वजनिक स्थानों पर सूचना देने के लिए 'नोटिस' का व्यापक उपयोग होता है, जो इसकी ऐतिहासिक यात्रा को दर्शाता है।

## किसी नई जगह पर खुद को ढालने में लगता है समय

### कैंपस का पहला दिन

जिस अगली सुबह मेरे कॉलेज का पहला दिन था, उस रात बेचैनी के कारण मैं सो नहीं सका। सुबह उठने में देर हुई फिर इतनी जल्दी तैयार हुआ मानो समय से न पहुंचा तो गेट पर खड़ा कर दिया जाऊंगा। आखिर इंटर कॉलेज वाले सख्त अनुशासन के माहौल की आदत जो थी। दिल में अजीब-सी हलचल थी- थोड़ा डर, थोड़ा उत्साह, थोड़ा गर्व और बहुत सारी उम्मीदें। बहरहाल नाश्ता करके मम्मी पापा का आशीर्वाद लिया और चल पड़ा अपनी स्कूटी लेकर कॉलेज की ओर। लखनऊ के रास्ते में सुबह-सुबह वाहनों के हॉर्न से गूंज रहे थे। किसी तरह मैं अपने कॉलेज बीबीडी पहुंचा। कॉलेज का गेट देखते ही दिल धक से रह गया। इतना विशाल बड़ा मैदान? ऊंची इमारतें और हर तरफ छात्र-छात्राओं की जमघट। गेट पर कुछ सीनियर वेलकम फ्रेशर्स चिल्ला रहे थे और मैं अपने नए बैग के साथ दिल की धड़कनें भी थामे हुआ था। मन में अजीब सी उधेड़बुन चल रही थी- कहां जाऊं पहले, कुछ किसी से पूछूं तो जवाब देगा कि नहीं?

हर्ष पंत
हल्द्वानी

बहरहाल एक उत्साह भी था- स्कूल की यूनिफॉर्म से आजादी, नए चेहरे, इंजीनियरिंग क्लासों के सपने जो दीवाली की रोशनी से भी चमकदार लगते थे। एक सीनियर ने तो मेरा बैग देखकर कहा, "भाई, ये तो लगता है स्कूल का बैग है!" सब हंस पड़े। मुझे भी हंसी आ गई। थोड़ा उत्साह बढ़ा और एडमिशन प्रोसेस के बाद चल पड़ा अपनी क्लास की तलाश में। कैंपस का नक्शा ऐसा लग रहा था जैसे किसी ने सर्किट डायग्राम बनाकर बोला हो- ढूंढ लो अपना क्लास, अगर दम है तो। इधर-उधर भटकते बहुत मुश्किल से मैं अपनी क्लास पहुंचा। यहां पहुंचकर मुझे ऐसी उपलब्धि का एहसास हुआ मानो मैं डिटेक्टिव शरलॉक होम्स हूं और क्लास ढूंढ कर मैंने कोई बड़ा केस सॉल्व कर दिया हो।

क्लास के भीतर पहुंचते ही मैं आखिरी सीट की ओर बढ़ा, लेकिन लेट होने के कारण वो सीट भी खाली नहीं थी। फिर मायूसी को भुलाकर मैं राइट साइड की दूसरी सीट पर बैठा। वहां मेरी मुलाकात कुछ दोस्तों से भी हुई, जिनका नाम अरुण और अमित था। बात करने पर पता चला कि उनका भी पहला दिन था और इससे पहले वे भी गलत क्लास में चले गए थे, जहां मैनेजमेंट स्टूडेंट्स बैठे थे। हम कुछ बात कर पाते कि तभी एंट्री हुई कॉलेज के हेड की। उन्होंने हमें कॉलेज के नियम बताए। फिर कहा कुछ मन सवाल हो तो पूछो। मैंने भी स्मार्टनेस दिखाने में चूक न की और उनसे पासिंग् मार्कस पूछ लिया। इस सवाल पर पूरी क्लास हंस पड़ी। मानो मानसून की पहली फुहार। जवाब में हेड ने कहा इसका जवाब पूरी क्लास का पहला कार्यभार है। उसके बाद बाकी टीचर ने अपना कार्यक्रम बताया। जब लंच हुआ तो मैं अमित के साथ चल पड़ा कैंटीन की ओर। वहां पता चला की सीनियर्स, फ्रेशर्स को माधुरी दीक्षित के हिट गाने पर डांस करा रहे थे। कुछ ठुमके मारने के बाद हमने भी लाजवाब समोसे का लुफ्त उठाया। फिर चल पड़े वापस क्लास की ओर। वहां जाने पर पता चला कि छुट्टी हो गई है।

बाद में हम लोग बाकी दोस्तों से मिले, जो हॉस्टल में रहते थे। कोई क्रिकेटर था तो कोइ डांसर। हमने नाम और फोन नंबर एक दूसरे का जाना और फिर दोस्तों को कल मिलने का वादा कर मैं निकल पड़ा घर की ओर। घर की ओर जाते वक्त मन रोमांचित हो रहा था। रात को सोते समय बार-बार मन में यहीं आ रहा था कि कल से नई जिंदगी शुरू होगी। कॉलेज का पहले दिन भले थोड़ी उलझन लगी, लेकिन यही दिन आगे चलकर खूबसूरत सफर में बदल गया। पहला दिन हमें सिखाता है कि हर नई जगह खुद को ढालने में समय लगता है, फिर वक्त गुजरने के साथ वही जगह अपनी लगने लगती है।

## कुशल रणनीति और सटीक अध्ययन से पाएं यूपीटीईटी में सफलता

यूपीटीईटी 2026 परीक्षा अब ज्यादा दूर नहीं है और लगभग 60 दिन का समय शेष है। ऐसे में यह समय आपकी तैयारी को अंतिम रूप देने का है, न कि नई शुरुआत करने का। सही रणनीति, सटीक अध्ययन और नियमित अभ्यास के माध्यम से आप इस परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। चूंकि यूपीटीईटी एक पात्रता परीक्षा है, इसलिए लक्ष्य केवल पास होना नहीं, बल्कि अच्छे अंकों के साथ सफलता हासिल करना होना चाहिए। यदि आप इन 60 दिनों का सही उपयोग करते हैं, तो न केवल आप कट-ऑफ से ऊपर स्कोर कर पाएंगे, बल्कि भविष्य के शिक्षण करियर के लिए मजबूत नींव भी तैयार कर सकेंगे।

नवनीत तिवारी
करियर काउंसर

### मुख्य विषयों पर बढ़ाएं फोकस

बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र पर विशेष ध्यान दें, क्योंकि इसका वेटेज दोनों पेपर में अधिक होता है। इसके साथ ही भाषा विषयों में समझ और व्याकरण को मजबूत करें। जिस पेपर की तैयारी कर रहे हैं, उसके अनुसार गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और पर्यावरण अध्ययन पर भी ध्यान केंद्रित करें।

### सिलेबस और परीक्षा पैटर्न को समझें

तैयारी के इस अंतिम चरण में सबसे पहले पूरे सिलेबस और परीक्षा पैटर्न को दोबारा अच्छी तरह समझें। यह जानना जरूरी है कि किस विषय से कितने प्रश्न आते हैं और किन टॉपिक्स का वेटेज अधिक है। इससे आप अपनी पढ़ाई को सही दिशा में ले जा सकते हैं और अनावश्यक विषयों पर समय बर्बाद होने से बच सकते हैं।

### पिछले वर्षों के ट्रेंड का विश्लेषण करें

पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों को हल करना और उनका विश्लेषण करना बेहद जरूरी है। इससे आपको यह समझने में मदद मिलेगी कि किन विषयों से बार-बार प्रश्न पूछे जाते हैं और परीक्षा का कठिनाई स्तर कैसा रहता है। इस आधार पर आप अपनी रणनीति को और मजबूत बना सकते हैं।

### सीमित और गुणवत्ता वाली अध्ययन सामग्री चुनें

इस समय नई किताबें या कई स्रोतों को फॉलो करने से बचें। केवल उन्हीं नोट्स और पुस्तकों पर ध्यान दें, जिनसे आपने पहले पढ़ाई की है। एक विषय के लिए एक ही स्रोत को फॉलो करना बेहतर होता है, इससे कंफ्यूजन कम होता है और रिवीजन आसान हो जाता है।

### मॉक टेस्ट को दें प्राथमिकता

अब समय है अधिक से अधिक मॉक टेस्ट देने का। सप्ताह में कम से कम 2-3 फुल-लेंथ मॉक टेस्ट हल करें। इसके अलावा रोजाना छोटे-छोटे क्विज भी हल करें, जिससे आपकी गति और सटीकता में सुधार होगा। नियमित अभ्यास आपको परीक्षा के माहौल के लिए तैयार करेगा।

### प्रदर्शन का विश्लेषण करें

हर मॉक टेस्ट के बाद अपनी गलतियों का विश्लेषण करना बेहद जरूरी है। यह समझें कि आप किन टॉपिक्स में कमजोर हैं और वहां ज्यादा समय दें। यह रणनीति आपको लगातार सुधार करने में मदद करेगी।

### कांसेप्ट की स्पष्टता पर दें ध्यान

इन 60 दिनों में रटने की बजाय कॉन्सेप्ट को समझने पर जोर दें। पेपर 1 में बेसिक समझ और शिक्षण कौशल पर फोकस होता है, जबकि पेपर 2 में गहराई से समझ और उसका प्रयोग पूछा जाता है। स्पष्ट अवधारणाएं आपको हर प्रकार के प्रश्न हल करने में मदद करेंगी।

### नियमित करें रिवीजन

हर सप्ताह कम से कम एक दिन केवल रिवीजन के लिए निर्धारित करें। जो भी आपने पढ़ा है, उसे दोहराना बेहद जरूरी है, वरना परीक्षा के समय याद रखना कठिन हो सकता है। छोटे-छोटे नोट्स बनाकर रिवीजन करना और भी प्रभावी रहेगा।

समय प्रबंधन और स्पीड पर काम करें

परीक्षा में समय सीमित होता है, इसलिए प्रश्नों को तेजी और सही तरीके से हल करना जरूरी है। अभ्यास के दौरान टाइमर लगाकर पेपर हल करें, ताकि आपकी स्पीड और एक्यूरेसी दोनों बेहतर हो सकें।

## जॉब अलर्ट

### भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड

- पद का नाम- जूनियर एग्जीक्यूटिव (इंजीनियरिंग / अकाउंट्स / वेसाइड एमेनिटीज़), सेक्रेटरी BPCL, एसोसिएट एग्जीक्यूटिव (क्वालिटी एश्योरेंस / राजभाषा कार्यान्वयन)
- कुल पद-250 पद
- योग्यता- डिप्लोमा, B.Com / BBA / B.Sc / BMS / BHM, M.Sc, हिंदी में मास्टर्स, Inter CA / Inter CMA + ग्रेजुएशन
- आवेदन की अंतिम तारीख-17 मई 2026 से बढ़ाकर 24 मई 2026 कर दी गई है।
- वेबसाइट-www.bharatpetroleum.in

### नेशनल हाईवेज एंड फ्रेंचाइजी कॉर्पोरेशन लिमिटेड

- पद का नाम- उप प्रबंधक (तकनीकी कैडर), ई2 ग्रेड विभाग सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार संगठन का प्रकार केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (सीपीएसई) / भारत सरकार का एक उद्यम
- कुल पद- 85
- वेतनमान- रु.50,000-3%-1,60,000 (ई2 ग्रेड)
- चयन का तरीका- 2024/2025/2026 में गेट स्कोर (सिविल इंजीनियरिंग) में सर्वश्रेष्ठ स्कोर अनिवार्य स्कोर इंजीनियरिंग इंजीनियरिंग में वैध गेट
- वेबसाइट -www.nhidcl.com

### भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय

- पद का नाम-CSBO ग्रेड-II
- पदों की संख्या-190
- ग्रुप-ग्रुप सी
- वेतन स्तर-स्तर-3 (21,700 + भत्ते)
- योग्यता-10 वीं पास
- आयु सीमा-18 से 25 वर्ष
- वेबसाइट-www.indianarmy.nic.in

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :-** तुलसी 2595, राज श्री 1970, फ़ॉर्चून कि. 2705, रविन्द्रा 2560, फॉर्चुन 13kg 2375, जय जवान 2140, सचिन 2350, सूरज 2140, अवसर 2125, उजाला 2110, गृहणी 13 kg 2185, क्लासिक (kg) 2480, मोर 2330, चक्र टिन 2565, ब्लू 2455, आशीर्वाद मस्टर्ड 2440, स्वास्तिक 2550

**किराना :-** निजामाबाद हल्दी 16000-18000, जीरा 24500-25000, लाल मिर्च 21500-24000, धनिया 14000-18000, अजवायान 14000-19000, मेथी 7000-8000 सौंफ 11000-20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850-1000, बादाम 750-1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330-380, मखाना 800-1150

**चावल (प्रति कु0) :-** डबल चाबी सेला 10800, आभा स्पाइस 8300, शरबती कच्ची 6500, शर्बती स्टीम 6500, मंसूरी 4500, महबूब सेला 4600, गौरी रॉयल 10200, राजभोग 8250, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 11700, हरी पत्ति नेचुरल 10900, गौरी स्पेशल 10100, गौरी प्रीमियम 11500, जन्नत 3700, गौरी डिलाइट 10800, मंसूरी पनघट 4400, लाडली 4400

**दाल दलहन :-** मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500-13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7450-9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10700-12200, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500, चना काला 7200, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7400, चना अकोला 6600, डबरा 7000-8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9700, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11000-11600, अरहर कोरी छोटी 12600

**चीनी :-** द्वारकेश 4320, बहेड़ी 4300, सितारगंज 4270

## बरेली सर्राफा

**सोना प्रति 10 ग्राम :** पक्के आभूषण 152500, गिन्नी जेवर 148500, **चांदी प्रति किलो :** पक्की 247000 अनुमानित

## हल्द्वानी मंडी

**नोट : दाम प्रति क्विंटल में**

चावल : शरबती- 6000-7800 बासमती- 10000-12600 परमल- 2800-3400

दाल दलहन-काला चना- 5200-6800 साबुत चना दाल- 6000 मूंग साबुत- 10000 राजमा- 11000-12500 दाल उड़द- 9000-11300 साबुत मसूर दाल- 7000-7700 मसूर दाल- 9000 10200 उड़द साबुत- 10300 काबुली चना- 10000-10700अरहर दाल- 9000-11000 लोबिया/करमानी- 1200-2500

# प्रोजेक्ट फ्रीडम स्थगन की खबरों से 100 डॉलर के नीचे आया कच्चा तेल

### 98.30 डॉलर प्रति बैरल हो गई ब्रेंट क्रूड की कीमतें, सुबह 108 डॉलर था भाव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया तनाव कम होने की उम्मीद के साथ राहत देने वाली खबर यह है कि कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर के नीचे आ गई हैं। कच्चे तेल की कीमतों में यह गिरावट अमेरिका और ईरान के बीच जंग खत्म करने के लिए समझौतेकी खबरों के बाद आई।

ब्रेंट तेल के जुलाई अनुबंध की कीमत 11.57 डॉलर या 10.53 प्रतिशत फिसलकर 98.30 डॉलर प्रति बैरल हो गई। वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) 12.39 डॉलर यानी 12.11 प्रतिशत टूटकर 89.88 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। हालांकि, 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने से पहले कच्चे तेल की कीमतें 70 डॉलर प्रति बैरल थीं।

अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण खाड़ी क्षेत्र में तेल के उत्पादन और सप्लाई में कमी आई है। इस युद्ध के कारण ही ईरान अब तक स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज से ऑयेल टैंकर गुजरने से रोक रहा था। खास बात ये है कि दुनिया भर के करीब पांचवें हिस्से की तेल और गैस सप्लाई आमतौर पर इसी रास्ते से होती है, जो हफ्तों से लगभग बंद पड़ा है। युद्ध शुरू होने के बाद से दुनिया भर में गैस की कीमतें भी आसमान छू रही हैं।

- युद्ध शुरू होने से पहले 70 डॉलर प्रति बैरल था भाव
- युद्ध के कारण तेल के उत्पादन और सप्लाई में कमी आई है

वायदा कारोबार में कच्चे तेल की कीमत बुधवार को 11 प्रतिशत से अधिक गिरावट के साथ 8,588 रुपये प्रति बैरल पर आ गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर मई में आपूर्ति वाले कच्चे तेल के अनुबंधों का भाव 1,110 रुपये यानी 11.45 प्रतिशत फिसलकर 8,588 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसमें 12,132 लॉट का कारोबार हुआ।

इसी तरह, जून अनुबंध का भाव भी 1,098 रुपये यानी 11.69 प्रतिशत टूटकर 8,298 रुपये प्रति बैरल पर आ गया। इसमें 4,274 लॉट का कारोबार हुआ।

विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष समाप्त करने एवं व्यापक परमाणु वार्ता का मार्ग प्रशस्त करने के उद्देश्य से प्रारंभिक समझौते के करीब पहुंचने की खबरों के बाद कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई।

### ट्रंप ने 'ट्रूथ सोशल' पर की घोषणा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों को सुरक्षा देने के लिए 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' को स्थगित कर दिया है। उन्होंने दावा किया है कि ईरान के साथ युद्ध खत्म करने के लिए एक समझौते की दिशा में बातचीत में प्रगति हुई है। मंगलवार को 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में ट्रंप ने कहा कि ईरान के प्रतिनिधियों के साथ एक पूर्ण और अंतिम समझौते की दिशा में काफी प्रगति हुई है। होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने की वजह से फंसे जहाजों को सुरक्षित निकालने के लिए सोमवार को 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' शुरू किया गया था। 'ट्रुथ सोशल' पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बयान अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के इस ऐलान के कुछ घंटों बाद आया है कि 28 फरवरी को शुरू किया गया ऑपरेशन 'एपिक फ्यूरी' खत्म हो गया है और इसके मकसद पूरे हो गए हैं।

### लंबाई, जलने की क्षमता और खुशबू से तय होगी गुणवत्ता

# अगरबत्ती की गुणवत्ता के बीआईएस मानक तय

**इरा अवस्थी, कन्नौज**

**अमृत विचार :** लंबे इंतजार के बाद आखिरकार अगरबत्ती के बीआईएस (भारतीय मानक ब्यूरो) मानक निर्धारित हो गए हैं। इनमें अगरबत्ती की स्टैंडर्ड लंबाई, हाथ या मशीन से निर्मित अगरबत्ती, जलने की क्षमता के साथ ही खुशबू के मानक तय कर दिए गए हैं।

फ्रेगरेंस एंड फ्लेवर डेवलपमेंट सेंटर (एफएफडीसी) के प्रधान निदेशक शक्ति विनय शुक्ला ने बताया कि बीआईएस ने अगरबत्ती के मानक कई स्तरों पर निर्धारित किए हैं। अगरबत्ती का मतलब बांस की सींक + लेप + खुशबू होता है।

एफएफडीसी के अनुसार केंद्र ने अगरबत्ती के मापदंड और खुशबू की मात्रा जानने का तरीका बनाया है। इसके लिए खादी विलेज इंडस्ट्री कमीशन ने एफएफडीसी जो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस है, को फंडिंग की थी। आगे अब सेंटर बीआईएस के साथ मिलकर टेस्टिंग की तैयारी कर रहा है। हाथ से बनी अगरबत्ती के मानक सरल रखे गए हैं जबकि मशीन वाली के कुछ सख्त हैं।

मसाले में क्या चीज किस मात्रा में पड़ेगी और क्या नहीं पड़ना चाहिए यह भी सूचीबद्ध किया गया है।

अगरबत्ती बनाना सीखते प्रशिक्षु।

> अब अगरबत्ती निर्माता ब्रांड लांच करते समय बीआईएस मानक निर्धारित करके ही बाजार में उतार सकेंगे। **-विनय शुक्ला,** एफएफडीसी के प्रधान निदेशक

### सैंपलिंग इस तरह होगी

लॉट से सैंपल आईएस 4905 के हिसाब से रैंडम चुनेंगे। विजुअल + डायमेंशन टेस्ट पहले होंगे। अगर डिफेक्टिव स्टिक अनुमन्य सीमा से ज्यादा हुई तो लॉट फेल। पास होने पर खुशबू, लेप, बर्निंग क्वालिटी टेस्ट होंगे।

### पैकेट पर जरूर लिखें

प्रोडक्ट का नाम, ग्रेड/टाइप, मैन्युफैक्चरर का नाम + ट्रेडमार्क, नेट वजन/यूनिट, बैच नंबर, कानूनी जरूरत की अन्य जानकारी। बीआईएस सर्टिफिकेशन मार्क भी लगा सकते हैं। लीगल मेट्रोलॉजी के नियम मानने होंगे।

### ये हैं अगरबत्ती के मानदंड

- ग्रेड की बीत करें तो तीन तरह की अगरबत्ती होती है, मशीन से बनी, हाथ से बनी और मसाला अगरबत्ती। तय हुआ है कि पैकेट की हर अगरबत्ती की लंबाई-मोटाई बराबर होनी चाहिए। इतनी मजबूत हो कि स्टैंड में रखने पर सीधी खड़ी रहे, अपने वजन से मुड़े नहीं। स्टैंड के सुराख का साइज बांस की मोटाई के हिसाब से होना चाहिए। अगरबत्ती में फंगस नहीं होनी चाहिए।
- बांस का खाली यानी पकड़ने वाला हिस्सा कम से कम 1 सेमी होना चाहिए और स्टैंड में फिट आना चाहिए। लेप में कोई फिजिकल डिफेक्ट न हो। लेप वाली लंबाई कुल लंबाई की कम से कम 60 प्रतिशत होनी चाहिए।
- प्रतिबंधित केमिकल लेप या खुशबू नहीं होनी चाहिए। लेप वाले पूरे हिस्से के जलने तक लगातार सुगंध आनी चाहिए। माचिस या लाइटर से अगरबत्ती तुरंत जले और लगातार जलती रहे। जलते समय चिंगारी न निकले, जलता हुआ सिरा टूटकर गिरे नहीं।

# अमेरिका-ईरान वार्ता में प्रगति, तेल कीमतों में गिरावट से सेंसेक्स 941 अंक चढ़ा

**मुंबई, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के साथ युद्ध समाप्त करने के लिए बातचीत में प्रगति के दावे के बाद बुधवार को स्थानीय शेयर बाजार में जोरदार तेजी देखने को मिली। कारोबार के अंतिम घंटे में तेज लिवाली से बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 940.73 अंक यानी 1.22 प्रतिशत उछलकर 77,958.52 अंक पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,004.99 अंक यानी 1.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78,022.78 अंक पर पहुंच गया था। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 298.15 अंक यानी 1.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,330.95 अंक पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख ने भी स्थानीय बाजार को समर्थन दिया।

एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा कि अमेरिका-ईरान के बीच शांति वार्ता तथा ऊर्जा कीमतों में गिरावट से बाजार को जरूरी समर्थन मिला।

- ब्रेंट क्रूड ऑयल 8 प्रतिशत टूटकर 101.1 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।
- व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 2.25 प्रतिशत चढ़ गया। मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप में 2.10 प्रतिशत का लाभ रहा।
- विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 3,621.58 करोड़ के शेयर बेचे।
- एशिया एशियाई बाजारों में, द. कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त के साथ बंद हुए। कॉस्पी में छह प्रतिशत से ज्यादा का उछाल आया।
- यूरोप के बाजार बढ़त में थे। अमेरिकी बाजार मंगलवार को सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए थे।

- **नुकसान में रहे शेयर :-** एयरलाइन कंपनियों के लिए ऋण सुविधा की घोषणा से इंटरग्लोब एविएशन के शेयरों में 6.6% की तेजी आई। इसके अलावा ट्रेंट, एशियन पेंट्स, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक और इटर्नल के शेयर भी लाभ में रहे।
- **गिरावट में रहे शेयर :-** रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.8 फीसदी गिरावट आई। लार्सन एंड टुब्रो, पावर ग्रिड और एनटीपीसी के शेयरों में भी गिरावट रही।

### रुपया 69 पैसे मजबूत

**मुंबई, एजेंसी।** पश्चिम एशिया संकट के समाधान की उम्मीद में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर डॉलर और कच्चे तेल में भारी गिरावट देखी गयी जिससे रुपये ने जबरदस्त वापसी की और 69 पैसे ऊपर बंद हुआ। अमेरिका ने कहा है कि ईरान के साथ शांति वार्ता में सकारात्मक प्रगति हुई है और जल्द ही स्थायी समझौता हो सकता है। इससे डॉलर सूचकांक करीब 0.5 फीसदी लुढ़क गया। इससे अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 68.75 पैसे मजबूत बंद हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 94.4925 रुपये का बोला गया।

# रिलायंस फाउंडेशन ने महिलाओं की डिजिटल पहुंच बढ़ाने को शुरू की 200 करोड़ की मुहिम

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** रिलायंस फाउंडेशन और गेट्स फाउंडेशन ने महिलाओं की डिजिटल भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से 'शीकनेक्ट्स डिजिटल एक्सेलेरेटर' अभियान शुरू करने की बुधवार को घोषणा की। रिलायंस फाउंडेशन ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि 200 करोड़ रुपये की इस पहल का उद्देश्य भारत और सब-सहारा अफ्रीका में महिलाओं और लड़कियों तक डिजिटल तकनीक की पहुंच और उसके उपयोग को बढ़ावा देना है। अगले तीन साल में यह कार्यक्रम ऐसे स्थानीय और प्रभावी डिजिटल समाधानों की पहचान करने और उन्हें बड़े स्तर तक पहुंचाने की दिशा में काम करेगा, जो महिलाओं की जिंदगी और आजीविका को बेहतर बनाने में मदद कर सकें। रिलायंस फाउंडेशन भारत में इस कार्यक्रम के तहत ऐसे डिजिटल समाधानों को आगे बढ़ायेगा, जो पहले से असरदार साबित हुए हैं।

# अप्रैल में 75.14 प्रतिशत बढ़ी इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की बिक्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों (पीवी) की बिक्री अप्रैल में 75.14 प्रतिशत बढ़कर 23,506 इकाई हो गई जबकि पिछले वर्ष इसी महीने यह 13,421 इकाई थी। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (फाडा) ने बुधवार को यह जानकारी दी। फाडा के आंकड़ों के अनुसार, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड अप्रैल में 8,543 इकाइयों के साथ शीर्ष पर रही जबकि महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड 5,413 इकाइयों के साथ दूसरे स्थान पर रही। इसके बाद 5,006 इकाई के साथ जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया का स्थान रहा।

# एफसीआई गोदामों में गेहूं और चावल का भंडार बफर मानकों से तीन गुना अधिक

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

सरकार के गेहूं एवं चावल का भंडार भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के गोदामों में एक अप्रैल को बढ़कर 604.02 लाख टन पर पहुंच गया, जो निर्धारित बफर मानक 210.40 लाख टन का लगभग तीन गुना है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है।

आंकड़ों के मुताबिक, चावल का भंडार 386.10 लाख टन रहा, जो 135.80 लाख टन के बफर मानक से काफी अधिक है। वहीं, गेहूं का भंडार 217.92 लाख टन दर्ज किया गया, जबकि इसका बफर मानक 74.60 लाख टन है।

अनाज भंडारण के बफर मानक तिमाही आधार पर संशोधित किए जाते हैं। मौजूदा मानक एक अप्रैल से लागू हैं और अगला संशोधन एक जुलाई को होगा। सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत जरूरतमंदों को अनाजों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ये भंडार बनाए रखती है।

इस बीच, 2026 की रबी फसलों की खरीद प्रक्रिया जारी है। देश में 334.17 लाख हेक्टेयर में बोए गए गेहूं में से लगभग

97 प्रतिशत की कटाई हो चुकी है, जबकि दलहनों की कटाई पूरी हो गई है। रबी सत्र वाले धान की कटाई 59.32 प्रतिशत तक पहुंची है, जो मुख्य रूप से तमिलनाडु, केरल, त्रिपुरा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में केंद्रित है।

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अधिकतर रबी फसलों के थोक दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे चल रहे हैं। एक अधिकारी ने कहा कि एक मई को समाप्त हुए सप्ताह में लगभग सभी प्रमुख फसलें एमएसपी से नीचे कारोबार कर रही थीं। गेहूं का भाव 2,530 रुपये प्रति क्विंटल रहा, जो 2,585 रुपये के एमएसपी से 2.13 प्रतिशत कम है।

धान का दाम सालाना आधार पर 3.17 प्रतिशत गिरकर 2,294 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गया।

# केवल एक हजार रुपये में वारिसों के नाम हो जाएगा फ्लैट

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (उप्र रेरा) ने एक अहम फैसले में मूल आवंटनकर्ता की मृत्यु होने पर उसके कानूनी वारिसों को फ्लैट हस्तांतरित करने के लिए अधिकतम शुल्क एक हजार रुपये तय किया है। उप्र रेरा के अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने बुधवार को बताया कि अब विकासकर्ता या प्रवर्तक को मृतक आवंटी के जीवनसाथी, बेटे या बेटी को एक हजार रुपये के मामूली शुल्क लेकर फ्लैट हस्तांतरित करना होगा। भूसरेड्डी ने यूपी रेरा के 10 साल पूरे होने पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्राधिकरण को कई शिकायतें मिली थीं जिनमें बिल्डर कथित तौर पर ऐसे हस्तांतरण के लिए मनमाना शुल्क वसूल रहे थे और कभी—कभी यह धनराशि लाखों रुपये तक पहुंच जाती थी। भूसरेड्डी ने कहा कि कुछ मामलों में शुल्क 200 रुपये से लेकर एक हजार रुपये प्रति वर्ग फुट तक होती थी, जिससे कुल रकम 25-30 लाख रुपये तक पहुंच जाती थी। यह गलत है, खासकर तब जब आवंटनकर्ता पहले ही फ्लैट की पूरी कीमत चुका हो। इन शिकायतों के बाद प्रशासनिक और मानक शुल्क से सम्बन्धित नियम 47 को संशोधित किया गया है ताकि उत्तराधिकार या आवंटन हस्तांतरण के मामलों में प्रवर्तकों द्वारा लिये जाने वाले शुल्क को नियंत्रित किया जा सके। भूसरेड्डी ने बताया कि संशोधित प्रावधानों के तहत खून के रिश्तों में आने वाले कानूनी वारिसों को फ्लैट हस्तांतरण करने पर अधिकतम एक हजार रुपये का प्रसंस्करण शुल्क लगेगा।

# घर खर्च के साथ निवेश के लिए भी खाड़ी से पैसे भेज रहे अनिवासी भारतीय : सर्वेक्षण

**मुंबई, एजेंसी**

पश्चिम एशिया संकट के बावजूद खाड़ी देशों से भेजे जाने वाले धन में बढ़ोतरी के बीच प्रवासी भारतीय अब केवल पारिवारिक जरूरतों के लिए ही नहीं, बल्कि निवेश के इरादे से भी पैसे भेज रहे हैं। बुधवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। इक्विरस वेल्थ की यह सर्वेक्षण रिपोर्ट कहती है कि विदेशी धनप्रेषण का स्वरूप अब 'जरूरत आधारित' की जगह रणनीति आधारित' होता जा रहा है, जिससे खाड़ी क्षेत्र में रहने वाले भारतीयों के लिए भारत प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में उभर रहा है। खाड़ी क्षेत्र के 8,300 से अधिक उत्तरदाताओं पर आधारित इस सर्वेक्षण में पाया गया कि अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) द्वारा भेजी जाने वाली कुल रकम में करीब आधा हिस्सा निवेश और सेवानिवृत्ति योजना से जुड़ा है। इसमें निवेश का हिस्सा 27 प्रतिशत, सेवानिवृत्ति योजना का 22 प्रतिशत और पारिवारिक सहायता का 26 प्रतिशत रहा। रिपोर्ट के अनुसार, निवेश को लेकर विदेश में रहने वाले भारतीयों के नजरिये में भी बदलाव दिख रहा है। लगभग 75 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने खुद को दीर्घकालिक या संतुलित निवेशक बताया, जो वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भविष्य पर केंद्रित रुख को दर्शाता है। भारतीय शेयर बाजार निवेश का प्रमुख विकल्प बना हुआ है। सर्वेक्षण के मुताबिक, 73 प्रतिशत प्रतिभागियों ने भारतीय इक्विटी में अपना निवेश बढ़ाया है और आगे भी घरेलू बाजारों में निवेश का रुझान मजबूत रहने की संभावना है। वहीं, करीब 40 प्रतिशत उत्तरदाता भारत में रियल एस्टेट में अपनी हिस्सेदारी घटा रहे हैं, जिससे यह संकेत मिलता है कि निवेशक भौतिक परिसंपत्तियों से हटकर शेयर और म्यूचुअल फंड जैसे वित्तीय साधनों की ओर रुख कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक जोखिम अब भी निवेशकों की प्रमुख चिंता बने हुए हैं। करीब 83 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि इनका उनके वित्तीय फैसलों पर असर पड़ता है। जोखिम के प्रमुख कारणों में क्षेत्रीय वैश्विक स्तर पर अस्थिरता (41 प्रतिशत), मुद्रास्फीति (23 प्रतिशत) और वैश्विक बाजारों में उतार-चढ़ाव (13 प्रतिशत) शामिल हैं। वहीं, नौकरी और वीजा सुरक्षा अब 12 प्रतिशत के साथ चौथे स्थान पर है।

**रिपोर्ट**

### एसएंडपी ग्लोबल और क्रिसिल ने संयुक्त रूप से 'इंडिया फारवर्ड' शीर्षक से जारी की रिपोर्ट

# भारत की वृद्धि दर घटकर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ऊर्जा आपूर्ति बाधाओं की वजह से चालू वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 7.1 प्रतिशत के पिछले अनुमान से कम होकर 6.6 प्रतिशत रह सकती है। एसएंडपी ग्लोबल और क्रिसिल ने बुधवार को एक संयुक्त रिपोर्ट में यह कहा। इसके साथ ही दोनों रेटिंग एजेंसी ने इस रिपोर्ट में कहा कि 'विकसित भारत 2047' का लक्ष्य हासिल करने के लिए ऊर्जा एवं खाद्य सुरक्षा से जुड़े सुधार जरूरी होंगे।

'इंडिया फारवर्ड' शीर्षक वाली रिपोर्ट कहती है कि भारत इस समय ऊर्जा आपूर्ति में बाधा, तेल और गैस की बढ़ती कीमतों तथा मुद्रा विनिमय दर में उतार-चढ़ाव जैसे बाहरी आर्थिक झटकों का सामना कर रहा है। ऐसी स्थिति में रणनीतिक भंडार तैयार करने के लिए व्यापक ऊर्जा भंडारण नीति बनाने की जरूरत बताई गई है।

क्रिसिल के मुख्य अर्थशास्त्री धर्मकीर्ति जोशी ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट लंबा खिंचने से नए दबाव उभर रहे हैं। रुपये में कमजोरी और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी अर्थव्यवस्था पर 'दोहरा झटका' डाल रही है, जिससे वृद्धि पर दबाव बढ़ रहा है। जोशी ने कहा कि मौजूदा हालात में भारत को ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा के साथ उर्वरक क्षेत्र पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए।

उन्होंने संकट जारी रहने की स्थिति में रबी फसल के लिए उर्वरकों की कमी होने का अंदेशा भी जताया। हालांकि खरीफ फसलों के लिए स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर बनी हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हाल में कई देशों एवं समूहों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का पूरा लाभ उठाने के लिए भारत को अपनी प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने के लिए विभिन्न सुधार करने होंगे। पश्चिम एशिया में 28 फरवरी से शुरू हुए संघर्ष के बाद कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया है, जिससे मुद्रास्फीति को लेकर चिंताएं बढ़ी हैं। कच्चा तेल 30 अप्रैल को 126 डॉलर प्रति बैरल के चार साल के उच्च स्तर तक पहुंच गया था लेकिन छह मई को यह घटकर 97.77 डॉलर प्रति बैरल रह गया।

- एफटीए का लाभ उठाने के लिए सुधारनी होगी प्रतिस्पर्धी क्षमता

जोशी ने कहा कि वैश्विक कच्चे तेल की ऊंची कीमतों का असर थोक मूल्य सूचकांक पर अधिक दिखेगा, जबकि खुदरा मुद्रास्फीति पर इसका प्रभाव सीमित रहेगा। इसकी वजह यह है कि सरकार ने पेट्रोल, डीजल और घरेलू एलपीजी की कीमतों को स्थिर रखा है। हालांकि वाणिज्यिक एलपीजी के दाम बढ़ाए गए हैं। कहा कि अप्रैल के मुद्रास्फीति आंकड़ों में बढ़ोतरी दिखेगी लेकिन थोक मुद्रास्फीति, खुदरा मुद्रास्फीति से अधिक रह सकता है क्योंकि इसमें आयातित वस्तुओं और कच्चे माल की लागत का प्रभाव शामिल होता है।

केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 में औसत मुद्रास्फीति 4.6 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है और इसमें बढ़ोतरी के जोखिमों की ओर भी संकेत किया है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति 3.4 प्रतिशत के एक साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई, जबकि थोक मुद्रास्फीति 3.88 प्रतिशत के 38 महीने के उच्च स्तर पर रही।

# भारत-द. कोरिया 25 मई को करेंगे एफटीए की समीक्षा पर बातचीत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और दक्षिण कोरिया 25 मई को वृहद आर्थिक भागीदारी करार (सीईपीए) की समीक्षा पर बातचीत कर सकते हैं। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इसे जनवरी, 2010 में लागू किया गया था। यह बातचीत इसलिए जरूरी है क्योंकि भारत ने दक्षिण कोरिया को एक नए द्विपक्षीय व्यापार करार पर बातचीत करने का सुझाव दिया है ताकि इसे और बेहतर बनाया जा सके। साथ ही व्यापार घाटे की चिंताओं को दूर किया जा सके।

अधिकारी ने कहा कि दोनों देशों के अधिकारी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की समीक्षा के लिए 25 मई को मिल रहे हैं। पिछले महीने यहां हुई एक द्विपक्षीय बैठक में वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अपने कोरिया के व्यापार मंत्री यियो हान-कू को एक नए एफटीए पर बातचीत करने का सुझाव दिया था।

- व्यापार घाटा कम करने को भारत ने दिया नए करार का सुझाव

गोयल कई मौकों पर दोनों देशों के बीच बढ़ते व्यापार घाटे पर भारत की चिंताओं को उठा चुके हैं।

दक्षिण कोरिया को भारत का निर्यात 2023-24 के 6.41 अरब डॉलर से 9.3 प्रतिशत घटकर 2024-25 में 5.81 अरब डॉलर रह गया है। 2024-25 में आयात 0.34 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 21 अरब डॉलर रहा। इस तरह व्यापार घाटा 15.19 अरब डॉलर रहा।

2020-21 में यह आठ अरब डॉलर था। दोनों देशों ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा के 27 अरब डॉलर से दोगुना करके 54 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया हुआ है।

# होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने के लिए चीन और ईरान ने की बातचीत

**बीजिंग, एजेंसी**

**• अमेरिकी दबाव के बीच ईरानी विदेशमंत्री पहुंचे बीजिंग**

अंतर्राष्ट्रीय नौवहन के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने और युद्ध समाप्त करने के लिए अमेरिका के साथ समझौता करने को लेकर ईरान पर दबाव बढ़ने के बीच चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने बुधवार को यहां ईरानी समकक्ष अब्बास अराघची के साथ वार्ता की।

अराघची की एक दिवसीय यात्रा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 14 से 15 मई तक बीजिंग की पूर्वनियोजित यात्रा से एक सप्ताह पहले हो रही है, जहां वह अपने चीनी समकक्ष शी जिनपिंग के साथ व्यापक व्यापार समझौते सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा करेंगे। अमेरिका-ईरान युद्ध शुरू होने के बाद चीन की अपनी पहली यात्रा पर आए अराघची और वांग ने होर्मुज जलडमरूमध्य पर अमेरिकी नाकाबंदी के कारण उत्पन्न स्थिति पर चर्चा करने के लिए मुलाकात की। यह नाकाबंदी ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी हटाने के लिए मजबूर करने के उद्देश्य से की गई है। चीन ईरान का एक करीबी सहयोगी है और तेहरान के कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। अराघची की यह यात्रा अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा मंगलवार को ईरान के खिलाफ प्रमुख अमेरिकी सैन्य अभियानों की समाप्ति की घोषणा की पृष्ठभूमि में हो रही है। रुबियो ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों को बताया कि 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ शुरू किया गया 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' समाप्त हो गया है।

### ऑपरेशन सिंदूर का एक साल : कश्मीर के लोगों के दिलों-दिमाग में अभी ताजा हैं एक साल पहले की यादें

# सीमाओं पर कुछ बड़ा तो नहीं हुआ पर डर का साम्राज्य कायम

**सुरेश एस डुग्गर**

**चानना कैंप सीमांत गांव से।** जीरो लाइन से सटे खेतों में प्रकाशो देवी अपनी फसल को बिना किसी डर के काट तो रही है पर उसके दिलोदिमाग से अभी भी एक साल पहले की यादें मिटी नहीं हैं। वह अपने बच्चों को भी खेतों में कदम रखने पर सतर्क रहने को कहती थी।

पुंछ और उड़ी के एलओसी से सटे कई गांवों में अभी भी एतिहात के तौर पर भूमिगत बंकरों का सहारा जरूर लिया जा रहा है। कईयों के लिए आपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है क्योंकि इस मिनी युद्ध के दौरान हुए नुक्सान की भरपाई अभी बाकी है।पिछले एक सप्ताह से जम्मू फ्रंटियर और एलओसी से सटे इलाकों में अजीब सा माहौल था जिसमें सरकार द्वारा ब्लैक आउट की तैयारियों और माक ड्रिल के अभियान ने 'दहशत का तड़का' जरूर लगा दिया था।

हालांकि प्रशासन बार-बार इसे स्पष्ट करता रहा कि यह मात्र सुरक्षा अभियान है, पर सालभर पहले अपनों को खोने वालों और पलभर में जिन्दगीभर की कमाई नेस्तनाबूद होते देखने वालों को

किसी पर विश्वास करना मुश्किल था।माना कि सीमांत इलाकों में जिन्दगी फिर से पटरी पर लौट चुकी है। पर यह टीस अभी भी बाकी है कि इस डर को पूरी तरह से खत्म क्यों नहीं किया गया। पुंछ के सरला पोस्ट इलाके के शम्सद्दीन कहते थे कि जब पहल हो ही गई थी तो इसे एक बार आर-पार कर लेना चाहिए था। शम्सद्दीन की परेशानी यह थी कि अभी भी उसे सरकार की ओर से व्यक्तिगत बंकर बना कर नहीं दिया गया था। विपदा आने पर उसे सामूहिक बंकर का आसरा ही नजर आता था। बंकरों की कमी के कारण ही पुंछ में आपरेशन सिंदूर के दौरान पाक गोलाबारी 14 नागरिकों को लील गई थी। यह एक कस्बे का आंकड़ा था। हर सीमांत कस्बे की अपनी अपनी दुखभरी दास्तानें हैं। अधिकारी मानते हैं कि वर्ष 2018 में जम्मू संभाग में ही 14 हजार बंकरों के लिए फंड मंजूर किया गया था, पर अभी भी अच्छी खासी संख्या में बंकर अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। वे सिर्फ कागजों में ही हैं। अभी तक एलओसी के इलाकों में ही बंकरों की मांग बहुत थी। पर आपरेशन सिंदूर ने तो जम्मू सीमा के इलाकों के साथ-साथ कई-कई किमी दूर बसे शहरों व कस्बों में भी इसकी जरूरत महसूस करवा दी। दरअसल पाक सेना ने आपरेशन सिंदूर के दौरान जम्मू शहर के भीतर तक ड्रोनों और मिसाइलों के हमलों से लोगों को डरा जरूर दिया था। यह डर अभी भी बरकरार है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अमेरिका पेशावर में वाणिज्यिक दूतावास बंद करेगा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के विदेश विभाग ने बुधवार को पेशावर में अपने वाणिज्यिक दूतावास को चरणबद्ध तरीके से बंद करने की घोषणा की। खैबर पख्तूनख्वा के लिए राजनयिक ज़िम्मेदारियां अब इस्लामाबाद में स्थित अमेरिकी दूतावास द्वारा संभाली जाएंगी। विदेश विभाग के अनुसार, इस फ़ैसले में अमेरिकी राजनयिक कर्मचारियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी गयी है और इसका उद्देश्य संसाधनों का बेहतर प्रबंधन करना है। विभाग ने कहा, पेशावर में हालांकि हमारी भौतिक उपस्थिति बदल रही है, लेकिन पाकिस्तान में हमारी नीतिगत प्राथमिकताएं अटल हैं। विभाग ने आर्थिक संबंधों, क्षेत्रीय सुरक्षा और अमेरिकी हितों को बढ़ावा देने के लिए खैबर पख्तूनख्वा के लोगों और अधिकारियों के साथ लगातार जुड़ाव बनाए रखने पर ज़ोर दिया है।

### उपग्रह गैलेक्सआई के सफल प्रक्षेपण पर मस्क ने दी बधाई

**वाशिंगटन।** स्पेसएक्स के संस्थापक एलन मस्क ने बेंगलुरु स्थित अंतरिक्ष स्टार्टअप गैलेक्सआई को मिशन दृष्टि 'उपग्रह के सफल प्रक्षेपण पर बधाई दी। मस्क ने मंगलवार को एक्स पर बधाई लिखकर यह प्रतिक्रिया दी, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस पोस्ट के जवाब में थी, जिसमें उन्होंने मिशन दृष्टि के प्रक्षेपण पर गैलेक्सआई को बधाई दी थी। प्रधानमंत्री ने रविवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस प्रक्षेपण को भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक बड़ी उपलब्धि बताया और इसे देश के बढ़ते नवाचार तंत्र का प्रतीक कहा था।

# भारत, वियतनाम ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक पहुंचाया

### दुर्लभ खनिज और रक्षा सहित 13 महत्वपूर्ण क्षेत्रों में समझौतों पर हस्ताक्षर किए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम के बीच हुई वार्ता के बाद बुधवार को भारत और वियतनाम ने अपने संबंधों को बढ़ाकर व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक पहुंचाने का निर्णय लिया और 2030 तक 25 अरब डॉलर के वार्षिक व्यापार का लक्ष्य तय किया।

दोनों नेताओं ने भूराजनीतिक उतार-चढ़ाव के बीच व्यापार, रक्षा और दुर्लभ खनिजों के क्षेत्र में द्विपक्षीय संबंधों के विस्तार पर ध्यान केंद्रित किया। मोदी-लाम की मुलाकात के बाद दोनों पक्षों ने 13 समझौतों पर हस्ताक्षर किए जो डिजिटल भुगतान, दुर्लभ खनिजों, फार्मास्युटिकल्स, शिक्षा, रक्षा, बैंकिंग और संस्कृति समेत विभिन्न क्षेत्रों में गहन दोतरफा साझेदारी का मार्ग खोलेंगे। मोदी और लाम ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की दबदबा बढ़ाने की कोशिशों के बीच क्षेत्र की स्थिति पर भी चर्चा की और कानून व्यवस्था, शांति, स्थिरता और समृद्धि में योगदान देते रहने पर भी सहमति जताई। समझा जाता है कि दक्षिण चीन सागर में चीन का बढ़ता सैन्य दबदबा भी दोनों पक्षों की प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में सामने आया। लाम ने मंगलवार को भारत की अपनी पहली राजकीय यात्रा शुरू की। वह तीन दिवसीय यात्रा पर आए हैं। मोदी ने कहा कि एक दशक पहले, वियतनाम आसियान में भारत का पहला व्यापक रणनीतिक साझेदार बना। तब से, हमारे संबंधों ने तीव्र और व्यापक प्रगति की है। उन्होंने कहा कि इस मज़बूत नींव पर आगे बढ़ते हुए, आज हम अपने संबंधों को बेहतर व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जा रहे हैं। अब हम अपनी साझेदारी को और भी ऊंचे लक्ष्यों की ओर आगे बढ़ाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा सहयोग हर क्षेत्र में नए स्तरों तक पहुंचेगा,संस्कृति, संपर्क और क्षमता निर्माण के साथ-साथ सुरक्षा, स्थिरता और आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती में भी। उन्होंने कहा कि भारत और वियतनाम के बीच द्विपक्षीय व्यापार पिछले दशक में दोगुना होकर 16 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है और अब इसे 2030 तक 25 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वियतनाम के राष्ट्रपति लाम के बीच बैठक के बाद एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू के साथ केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और वियतनाम की स्वास्थ्य मंत्री दाओ होंग लान।

### यूपीआई से जुड़ेगी वियतनाम की भुगतान प्रणाली

मोदी ने कहा कि भारत का यूपीआई और वियतनाम की भुगतान प्रणाली को जल्द जोड़ा जाएगा। हम दोनों देशों के बीच राज्यों तथा शहरों के सहयोग को मजबूत कर रहे हैं। कहा कि भारत, पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करने और आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में भारत के साथ खड़े रहने के लिए वियतनाम का आभारी है। अब, हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से हम एक दूसरे के त्वरित विकास का समर्थन करेंगे। जैसा कि बुद्ध की शिक्षाओं में कहा गया है कि अगर आप किसी के लिए दीप जलाते हैं तो आपका भी मार्ग प्रज्वलित होता है।

### अंगूर-अनार का स्वाद चखेगा वियतनाम

मोदी ने कहा कि हमारे दवा प्राधिकरणों के बीच हुए एमओयू से अब वियतनाम में भारतीय दवाओं की उपलब्धता बढ़ेगी। वियतनाम को भारतीय कृषि, मत्स्य पालन और पशु उत्पादों का निर्यात भी अब और आसान हो जाएगा। बहुत जल्द, वियतनाम भारत के अंगूर और अनार का स्वाद चखेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दोनों पक्षों ने इस साल के अंत तक भारत–आसियान व्यापार समझौते को उन्नत करने पर भी रजामंदी व्यक्त की। उन्होंने कहा, इससे भारत और सभी आसियान देशों के बीच व्यापार और निवेश को एक नई गति मिलेगी। महत्वपूर्ण खनिजों, दुर्लभ मृदा तत्वों और ऊर्जा सहयोग के क्षेत्र में नई पहलें दोनों देशों की आर्थिक सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला की सुदृढ़ता सुनिश्चित करेंगी। उन्होंने कहा कि वित्तीय संपर्क को मजबूती प्रदान करने के लिए हमने आज हमारे केंद्रीय बैंकों के बीच सहयोग बढ़ाने का निर्णय लिया है।

# शॉपिंग सेंटर में गोलीबारी में दो लोगों की मौत

**कैरलटन।** टेक्सास में एक व्यक्ति ने डलास के उत्तर में स्थित एक शॉपिंग सेंटर में मंगलवार को पांच लोगों पर गोलियां चलाईं जिसमें दो लोगों की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गए। कैरलटन पुलिस प्रमुख रॉबर्टो अरेडोंडो ने बताया कि यह अचानक हुई घटना नहीं थी और हमलावर उन दोनों लोगों को जानता था जिनकी गोली लगने से मौत हो गई। अरेडोंडो ने कहा कि उनके बीच कारोबारी संबंध थे। हम अब भी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि उसके इस कृत्य का कारण क्या था।

पुलिस ने बताया कि संदिग्ध व्यक्ति सेंग हान हो (69) को कुछ दूर तक पीछा करने के बाद एक दुकान के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। अरेडोंडो ने बताया कि गोलीबारी में तीन लोग घायल हुए हैं, लेकिन उनकी हालत स्थिर है।

# भारत और अल्जीरिया रक्षा के क्षेत्र में बढ़ाएंगे सहयोग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**• दोनों देशों के संयुक्त आयोग की बैठक में बनी सहमति**

भारत और अल्जीरिया ने रक्षा सहयोग का दायरा बढाने तथा इसे और प्रगाढ़ बनाने पर सहमति जतायी है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि भारत-अल्जीरिया संयुक्त आयोग की मंगलवार को यहां हुई पहली बैठक में यह सहमति बनी।

बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने प्रशिक्षण, सैन्य अभ्यास, चिकित्सा सहयोग और रक्षा उद्योगों के क्षेत्र में पारस्परिक हित के मुद्दों पर चर्चा के साथ-साथ दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग गतिविधियों को और अधिक विस्तार देने पर सहमति व्यक्त की। दोनों देशों ने भारत-अल्जीरिया रक्षा सहयोग के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए उत्तरदायी कार्यप्रणाली नियमों पर हस्ताक्षर किए, यह संयुक्त आयोग की बैठकों के लिए मार्गदर्शक प्रारूप के रूप में कार्य करेंगे। बैठक की सह-अध्यक्षता संयुक्त सचिव (अंतर्राष्ट्रीय सहयोग) अमिताभ प्रसाद और अल्जीरिया की नौसेना के चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल कायद नूर एड्डिन ने की। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में तीनों सेनाओं, मुख्यालय, एकीकृत रक्षा स्टाफ, रक्षा उत्पादन विभाग, डीआरडीओ, सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा और विदेश मंत्रालय के अधिकारी शामिल थे। भारत और अल्जीरिया के बीच रक्षा संबंध 2024 में रक्षा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के बाद से निरंतर आगे बढ रहे हैं और दोनों पक्षों की उच्च स्तरीय यात्राओं से संबंध और मजबूत हो रहे हैं। अल्जीरिया के नौसेना प्रमुख की यह यात्रा भारत-अल्जीरिया रक्षा संबंधों में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# क्रूज पर हंता वायरस से तीन की मौत, कुल सात संक्रमित

**• प्रभावित यात्रियों में बुखार, पेट में दर्द और निमोनिया जैसे लक्षण, जहाज पर सवार हैं कुल 147 यात्री**

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने एक क्रूज जहाज पर 'हंता वायरस' के संक्रमण से तीन मौतों और गंभीर श्वसन बीमारी के प्रकोप की पुष्टि की है। नीदरलैंड के झंडे वाले इस जहाज पर कुल 147 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार हैं, जिनमें से अब तक सात मामले (दो पुष्ट और पांच संदिग्ध) सामने आ चुके हैं।

डब्ल्यूएचओ को इस घटना की जानकारी दो मई को ब्रिटेन के माध्यम से मिली थी। दक्षिण अफ्रीका में की गई प्रयोगशाला जांच में एक गंभीर रूप से बीमार मरीज में हंता वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई है। प्रभावित यात्रियों में बुखार, पेट दर्द और तेजी से निमोनिया जैसे लक्षण देखे गए हैं। जहाज ने एक अप्रैल 2026 को अर्जेंटीना के उशुआइया से अपनी यात्रा शुरू की थी और वर्तमान में यह केप वर्डे के तट पर खड़ा है। डब्ल्यूएचओ ने बताया कि पहला मामला छह अप्रैल को सामने आया था, जिसमें एक पुरुष यात्री की मौत हो गई। उसके संपर्क में आई एक महिला की भी दक्षिण अफ्रीका में मृत्यु हो गई। तीसरा पुष्ट मामला एक पुरुष का है जोआईसीयू में भर्ती है। एक अन्य महिला की भी दो मई को निमोनिया के कारण मौत हो गई।

# कैलिफोर्निया में आईआईटी मद्रास ने शुरू किया केंद्र

**• अमेरिका में भारत के तकनीकी नवाचार का विस्तार**

**वाशिंगटन।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास ग्लोबल रिसर्च फाउंडेशन ने अमेरिका में अपना पहला केंद्र स्थापित करने की घोषणा की है, जिससे वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र में भारत के गहन तकनीकी नवाचार की उपस्थिति का विस्तार होगा। कैलिफोर्निया के मेनलो पार्क में स्थित इस केंद्र की घोषणा मंगलवार को मेरीलैंड के नेशनल हार्बर में आयोजित 'सेलेक्टयूएसए इन्वेस्टमेंट समिट' में की गई, जिसकी शुरुआत 24 अप्रैल को हुई थी। आईआईटी मद्रास ग्लोबल रिसर्च फाउंडेशन के सीईओ तिरुमलई माधवनारायण ने बताया कि सीए स्टार्टअप के साथ हमारी साझेदारी के माध्यम से स्थापित मेनलो पार्क केंद्र, आईआईटीएम ग्लोबल के अमेरिकी संचालन के लिए एक रणनीतिक आधार है।

उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य एक ऐसा मंच तैयार करना है जो प्रयोगशाला से वैश्विक बाजारों तक 'डीप-टेक' उद्यमों को गति प्रदान करे, साथ ही भारत में वैश्विक नवाचार को आकर्षित करे। नारायण ने बताया कि इस केंद्र को कुल 75 लाख अमेरिकी डॉलर के नियोजित निवेश से विकसित किया जाएगा, जिसमें आईआईटीएम ग्लोबल से 45 लाख अमेरिकी डॉलर का ग्रीनफील्ड निवेश शामिल है।

# ईसी कानून के खिलाफ याचिकाओं की सुनवाई टालने से कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**• सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र की याचिका पर कहा-मामला ज्यादा अहम**

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को केंद्र सरकार की उस याचिका को स्वीकार करने से इनकार कर दिया, जिसमें 2023 के उस कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई टालने की मांग की गई थी, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और दो उप-आयुक्तों की नियुक्ति करने वाली समिति से भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) को हटा दिया गया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह मामला शबरिमला मामले से भी अधिक महत्वपूर्ण है।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ-सदस्यीय संविधान पीठ वर्तमान में केरल के शबरिमला मंदिर सहित धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ भेदभाव और विभिन्न धर्मों में धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे से जुड़ी

याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के उस अनुरोध को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह शबरिमला मामले की सुनवाई में व्यस्त हैं, इसलिए इस मामले को स्थगित किया जाए। न्यायमूर्ति दत्ता ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 को चुनौती देने वाले वर्तमान मामले की गंभीरता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह मामला किसी भी अन्य मामले से अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आपके (सॉलिसिटर जनरल के) सहयोगी आज नोट ले लें। याचिकाकर्ता अपनी दलीलें शुरू करें। सभी मामले महत्वपूर्ण हैं। हमने अखबारों में पढ़ा है कि एक टिप्पणी है कि शबरिमला से जुड़ी जनहित याचिका पर अदालत को विचार नहीं करना चाहिए था। इसलिए, पूरे सम्मान के साथ कहें तो नौ न्यायाधीश एक ऐसे मामले में व्यस्त हैं, जिसे लेकर यह भी कहा जा रहा है कि इसे पहले ही सुनवाई के लिए नहीं लिया जाना चाहिए था। इसके बाद पीठ ने सुनवाई जारी रखते हुए निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता अपनी दलीलें बृहस्पतिवार तक समाप्त करें।

# जल्द मिल सकता है टीबी का नया टीका, टेस्ट जारी

**• डब्ल्यूएचओ ने कहा, हम बड़ी कामयाबी के करीब**

**जेनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयेसस ने कहा है कि तपेदिक (टीबी) के नये टीकों का नैदानिक परीक्षण (क्लीनिकल ट्रायल) प्रगति पर है और अगले दो वर्षों में इनके प्रभाव के परिणाम सामने आ जायेंगे जिससे पता चलेगा कि ये टीके कितने कारगर हैं। इथियोपिया के पूर्व स्वास्थ्य और विदेश मंत्री रहे श्री टेड्रोस के मुताबिक हम मेडिकल साइंस में कामयाबी की एक नयी इबारत लिखने के बेहद करीब हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2026 में भी वैश्विक स्तर पर तपेदिक सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक बना हुआ है। इसकी स्थिति अब भी चिंताजनक बनी हुई है। डब्लूएचओ की नवीनतम 'ग्लोबल टीबी रिपोर्ट' के अनुसार, पिछले एक वर्ष में लगभग 1.08 करोड़ लोग टीबी से बीमार हुए और इस बीमारी से दुनिया भर में करीब 12.5 लाख लोगों की जान चली गयी। इसका अर्थ है कि टीबी हर साल लगभग किसी भी अन्य एकल संक्रामक एजेंट की तुलना में अधिक मौतों का कारण बन रही है और यह फिर से सबसे घातक संक्रामक बीमारी के रूप में उभर आयी है। भारत में तपेदिक के मरीजों की संख्या सबसे अधिक है। दुनिया के एक चौथाई से भी ज्यादा तपेदिक मरीज (27 फीसदी) यहां है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज साझेदारी वाले कार्यों से लाभ प्राप्त होगा। जीवनसाथी से कोई उपहार प्राप्त हो सकता है। परिवार को लेकर चिंता दूर होगी।

**तुला** – आज सभी कार्यों में प्रगति होगी। मित्रों से आपके संबंध मधुर रहेंगे। उच्च अधिकारियों से आपको शाबाशी मिल सकती है।

**वृष** – आज दिन की शुरुआत में कुछ तनाव हो सकता है। आपको छोटी-छोटी बातों पर क्रोध आ सकता है। धूप में बाहर निकलने से बचें।

**वृश्चिक** – आज नौकरीपेशा लोगों को विदेश से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। लंबित कार्यों को पूर्ण करने में अतिरिक्त धन खर्च हो सकता है।

**मिथुन** – आज दिन सकारात्मक रहने वाला है। मार्केटिंग से जुड़े कार्यों में बेहतरीन लाभ प्राप्त होगा। अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करेंगे।

**धनु** – आज आपका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ रहेगा। परिवार में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नौकरीपेशा लोगों की आय बढ़ सकती है।

**कर्क** – आज परिवार के साथ घूमने की योजना बनाएंगे। जल का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें। दूसरों पर अपने विचारों को लादने से बचें।

**मकर** – आज दिखावे के कारण मन में कुंठा पनप सकती है। नया कार्य शुरू करने में जल्दबाजी न करें। अनावश्यक धन खर्च से बचें।

**सिंह** – आज नए कारोबारी अनुबंध होंगे। कार्यक्षेत्र में बड़े अधिकारियों का सहयोग आपको मिलेगा। काफी रोमांटिक समय बिताएंगे।

**कुंभ** – आज नए व्यवसाय को लेकर योजना बना सकते हैं। प्रेम संबंधों में नजदीकियां बढ़ेंगी। दिनचर्या अत्यधिक व्यस्त रहने वाली है।

**कन्या** – आज नए कार्यों के प्रति गंभीरता रखें। ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान अधिक धन खर्च हो सकता है। गुप्त शत्रुओं को लेकर सावधान रहें।

**मीन** – आज अनावश्यक बातों में समय बर्बाद हो सकता है। उधार दिया हुआ धन प्राप्त हो सकता है। सेहत को लेकर जागरूक रहेंगे।

**द्विपक्षीय संबंध**

### सूरीनाम से भारत के राजनयिक संबंधों के 50 वर्ष पूरे होने पर बोले विदेशमंत्री एस जयशंकर

# पारिवारिक बंधन पर आधारित हैं भारत–सूरीनाम के संबंध

**परामारिबो, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत सूरीनाम को दूर का साझेदार नहीं बल्कि परिवार के रूप में देखता है। उन्होंने दोनों देशों के राजनयिक संबंधों के 50 वर्ष पूरे होने के मौके पर यह टिप्पणी की।

बुधवार को सूरीनाम की यात्रा से पहले टाइम्स ऑफ सूरीनाम में लिखे लेख में जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों के संबंध अब मजबूत और बहुआयामी साझेदारी में बदल गए हैं, जिसमें बुनियादी ढांचा, व्यापार, प्रशिक्षण और सांस्कृतिक संबंध शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भारत और सूरीनाम ने उच्चस्तरीय यात्राओं के जरिए सहयोग को और मजबूत किया है। इसमें 2023 में सूरीनाम के पूर्व राष्ट्रपति चंद्रिकाप्रसाद संतोखी की भारत यात्रा और उसी वर्ष भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की सूरीनाम यात्रा शामिल है। जयशंकर ने बताया कि इंडियन लाइन ऑफ क्रेडिट (रियायती दरों पर ऋण) के जरिए सूरीनाम में कई परियोजनाएं पूरी की गई हैं, जिनमें परानाम औद्योगिक बंदरगाह शहर से राजधानी परामारिबो तक 161 किलो वॉट की विद्युत ट्रांसमिशन लाइन, जल पंपिंग स्टेशन, निर्माण

उपकरण, बिजली ढांचे का उन्नयन और तीन चेतक हेलीकॉप्टरों की आपूर्ति व रखरखाव शामिल हैं। उन्होंने लिखा कि भारत ने पिछले वर्ष सूरीनाम को खाद्य सुरक्षा में मदद के लिए एक करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य के 425 मीट्रिक टन खाद्य पदार्थ भी उपलब्ध कराए।

विदेश मंत्री ने कहा कि भारत समर्थित अनुदान परियोजनाओं में बाढ़ चेतावनी प्रणाली, एक स्टेडियम तथा शिक्षा, खेल और तकनीकी प्रशिक्षण से जुड़े सामुदायिक कार्यक्रम शामिल हैं। जयशंकर ने बताया कि वह भारतीय अनुदान से स्थापित पैशन फ्रूट प्रोसेसिंग और पैकेजिंग इकाई के उद्घाटन में शामिल होंगे। उन्होंने लिखा कि यह स्थानीय किसानों को सशक्त बनाएगा और मूल्यवर्धित उद्योग के जरिए सूरीनाम की आत्मनिर्भरता को बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत और सूरीनाम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार जैसे मुद्दों पर समान दृष्टिकोण रखते हैं।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि सूरीनाम, भारत समर्थित अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन और 'इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस' जैसी पहलों में भागीदार है। जयशंकर ने कहा कि भौगोलिक दूरी के बावजूद दोनों देश साझा इतिहास से जुड़े हुए हैं, जिसकी शुरुआत 1873 में 'लल्ला रूख' जहाज के जरिए भारतीयों के सूरीनाम पहुंचने से हुई थी। भारतीय मूल का समुदाय सूरीनाम के समाज का अभिन्न हिस्सा बन चुका है।

# ईरान के शॉपिंग सेंटर में आग से आठ की मौत

**तेहरान।** ईरान की राजधानी के समीप एक शॉपिंग सेंटर में आग लगने से आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 40 लोग घायल हो गए। आपात सेवा विभाग ने बुधवार को यह जानकारी दी। ईरान के सरकारी टेलीविजन चैनल आईआरआईबी ने बताया कि तेहरान प्रांत के अंदिशेह कस्बे में स्थित अर्घावन शॉपिंग सेंटर में मंगलवार को आग लग गई और आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। फुटेज में दमकलकर्मी आग की लपटों को बुझाने के काम में लगे दिखाई दिए, वहीं बहुमंजिला इमारत से काले धुएं का गुबार उठता भी नज़र आ रहा है।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 7 मई, गुरुवार 2026 संवत–2083, शक संवत 1948 मास– ज्येष्ठ, पक्ष–कृष्ण पक्ष, पंचमी 10 .13 तक तत्पश्चात षष्ठी।

**दिशाशूल**–दक्षिण, **ऋतु**– ग्रीष्म। **चन्द्रबल**– मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन। **ताराबल**–अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। **नक्षत्र**–पूर्वाषाढ़ा 18 .46 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

### सुडोकू - 141 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 | 6 | 9 | 8 |
| 9 | 8 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 7 |
| 6 | 3 | 7 | 8 | 9 | 4 | 2 | 5 | 1 |
| 1 | 9 | 8 | 7 | 4 | 2 | 5 | 6 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 7 | 2 |
| 2 | 7 | 6 | 5 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 8 | 1 | 7 | 2 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 9 | 3 | 5 |
| 7 | 2 | 9 | 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 4 |

### सुडोकू -142

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 7 | | | 1 | | |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | |
| | | 3 | | 6 | | | | 4 |
| 7 | | | 3 | | | | 6 | |
| 8 | 6 | | | | | | 3 | |
| | 3 | | | | 4 | 9 | | |
| 5 | | | | 3 | | 8 | | |
| | 1 | | | | 2 | 3 | | |
| | | 7 | | | | | 4 | |

टी20 मुकाबलों के पावर प्ले में गेंदबाजी के लिए आपको मानसिक रूप से मजबूत भी होना पड़ता है। इसके लिए कौशल की जरूरत होती है, खासकर उन पिचों पर जहां स्पिन को मदद नहीं मिलती।
– अकील हुसैन, चेन्नई के स्पिनर

# स्टेडियम

हल्द्वानी, गुरुवार, 7 मई 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com

**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

लखनऊ सुपर जाएंट्स
बनाम
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**समय** - शाम **7:30** बजे

## क्लासेन और किशन ने सनराइजर्स को चार विकेट पर 235 रनों तक पहुंचाया

### आईपीएल-2026 : पंजाब किंग्स को लचर क्षेत्ररक्षण का उठाना पड़ा नुकसान

हैदराबाद, एजेंसी

हेनरिक क्लासेन और ईशान किशन के अर्धशतकों और पंजाब किंग्स के लचर क्षेत्ररक्षण की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल के मैच में बुधवार को चार विकेट पर 235 रन बनाए। अभिषेक शर्मा (13 गेंद में 35 रन) और ट्रेविस हेड (19 गेंद में 38 रन) ने अर्शदीप सिंह और मार्को यानसेन की गेंदों की धुनाई करते हुए अर्धशतकीय साझेदारी की। इसके बाद क्लासेन (43 गेंद में 69 रन) और ईशान (32 गेंद में 55 रन) ने जीवनदान का फायदा उठाते हुए अर्धशतक लगाए।

नीतिश रेड्डी ने 13 गेंद में नाबाद 29 रन का योगदान दिया। पिच से गेंदबाजों को बिल्कुल मदद नहीं मिली जिसे देखते हुए चहल का प्रदर्शन काबिले तारीफ कहा जाएगा। उन्होंने चार ओवर में 32 रन देकर एक विकेट लिया। उन्हें तीन विकेट मिले होते लेकिन शशांक सिंह ने एक आसान कैच छोड़ा और प्रभसिमरन सिंह ने स्टम्पिंग का आसान मौका गंवाया। पंजाब ने तीन कैच टपकाए जिसका खामियाजा उसे भुगतना पड़ सकता है। सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने 17 छक्के जड़े। अभिषेक ने इनमें से चार, हेड ने तीन, ईशान और क्लासेन ने चार चार छक्के लगाए। पंजाब के लिए अर्शदीप ने चार ओवर में 43 रन देकर एक विकेट लिया जबकि यानसेन ने 61 रन दे डाले और कोई सफलता नहीं मिली। ईशान ने विजयकुमार विशाख को लगातार तीन छक्के लगाकर अपने चिर परिचित फॉर्म की झलक दिखाई। अभिषेक ने यानसेन को लांग आफ और लांग आन पर छक्के लगाए। उन्होंने लॉकी फर्ग्युसन को पूल शॉट खेलकर टीम के 50 रन पूरे किए। अभिषेक पांचवां छक्का जड़ने के प्रयास में मिड आफ पर श्रेयस अय्यर को कैच दे बैठे। उनके जाने के बाद हेड ने मिडविकेट पर दो सपाट छक्के लगाए। वह लगातार तीसरा अर्धशतक जमाने से हालांकि चूक गए।



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते हेनरिक क्लासेन। एजेंसी

### अब हर मुकाबला नॉकआउट जैसा : बदानी

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के कोच हेमांग बदानी ने चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मैच में मिली आठ विकेट की करारी शिकस्त के बाद कहा कि टीम को मौजूदा स्थिति से उबरने के लिए सामूहिक रूप से बेहतर प्रदर्शन करना होगा और अब हर मुकाबला लगभग नॉकआउट जैसा हो गया है। पहले बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद दिल्ली कैपिटल्स ने मंगलवार को यहां 12 ओवर में 69 रन तक पांच विकेट गंवा दिए थे।

**सनराइजर्स हैदराबाद**

**235/4** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| अभिषेक शर्मा का अय्यर बो फर्ग्युसन | 35 |
| ट्रेविस हेड का यानसेन बो चहल | 38 |
| ईशान किशन का शेडगे बो अर्शदीप | 55 |
| हेनरिच क्लासेन का यानसेन बो विशाख | 69 |
| नीतिश कुमार रेड्डी नाबाद | 29 |

**अतिरिक्त** : नौ रन, **विकेट पतन** : 1-54, 2-84, 3-172, 4-235

**गेंदबाजी** : अर्शदीप 4-0-43-1, यानसेन 4-0-61-0, फर्ग्युसन 4-0 -41-1, चहल 4-0-32-1, विशाख 4-0-54-1

### टेस्ट क्रिकेट के लिए 25-30 क्रिकेटरों को रखना चाहिए : पुजारा

मुंबई। पूर्व क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा ने कहा है कि अगर कोई क्रिकेटर भारत के लिए सिर्फ सीमित ओवरों के प्रारूप में खेलना चाहता है तो यह ठीक है लेकिन इंडियन प्रीमियर लीग में नहीं खेलने वाले 25 से 30 खिलाड़ियों को उनके घरेलू प्रदर्शन के आधार पर टेस्ट क्रिकेट के लिए रखना चाहिए। पुजारा ने कहा कि वह सभी युवा खिलाड़ियों से आग्रह करेंगे कि वे भारत के लिए सभी प्रारूप में खेलने वाले खिलाड़ी बनने पर गंभीरता से विचार करें लेकिन सीमित ओवरों के प्रारूप में खेलने के इच्छुक खिलाड़ियों के लिए लाल गेंद के प्रारूप के हुनर सीखना जरूरी नहीं है। जब पुजारा से पूछा गया कि क्या आईपीएल में सफलता के लिए लाल गेंद के प्रारूप की बुनियादी बातें अब भी जरूरी हैं तो उन्होंने कहा मैं इस बात से सहमत हूं कि कुछ सफेद गेंद के खिलाड़ी, विशेषकर बल्लेबाजों ने लाल गेंद का अधिक क्रिकेट नहीं खेला है लेकिन उन्हें इसकी जरूरत भी नहीं है। उन्होंने कहा अगर आप ऐसे खिलाड़ी की तलाश में हैं जो टी20 प्रारूप में विशेषज्ञता हासिल करना चाहता है या जो सिर्फ सीमित ओवरों का क्रिकेट खेलना चाहता है तो क्या उन्हें सचमुच टेस्ट क्रिकेट सीखने की जरूरत है? पुजारा ने कहा अगर वे टी20 प्रारूप नहीं खेलना चाहते तो बिल्कुल नहीं। जिस तरह से क्रिकेट आगे बढ़ रहा है हम ऐसे खिलाड़ी देखेंगे जो सीमित ओवरों के क्रिकेट को चुनेंगे। मुझे भविष्य में चीजें इसी तरह आगे बढ़ती दिख रही हैं। पुजारा ने टेस्ट क्रिकेट के उन प्रमुख गेंदबाजों का उदाहरण दिया जो बल्लेबाजों के दबदबे वाले आईपीएल में भी सफल हो रहे हैं।

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 9 | 6 | 2 | 1 | 13 | 0.855 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 0 | 12 | 1.420 |
| 3. | सनराइजर्स हैदराबाद | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | 0.644 |
| 4. | राजस्थान रॉयल्स | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | 0.510 |
| 5. | गुजरात टाइटंस | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | -0.147 |
| 6. | चेन्नई सुपर किंग्स | 10 | 5 | 5 | 0 | 10 | 0.151 |
| 7. | दिल्ली कैपिटल्स | 10 | 4 | 6 | 0 | 8 | -0.949 |
| 8. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 9 | 3 | 5 | 1 | 7 | -0.539 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 10 | 3 | 7 | 0 | 6 | -0.649 |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 9 | 2 | 7 | 0 | 4 | -1.076 |

**ऑरेंज कैप**

- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद-494 रन
- अभिषेक शर्मा हैदराबाद -475 रन
- केएल राहुल दिल्ली-445 रन

**पर्पल कैप**

- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु-17 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई-17 विकेट
- कगिसो रबाडा गुजरात-16 विकेट

### आरसीबी के खिलाफ खेल सकते हैं हार्दिक पंड्या, टीम से बाद में जुड़ेंगे

मुंबई। कप्तान हार्दिक पंड्या रायपुर पहुंचने वाले मुंबई इंडियंस के खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के पहले जत्थे में शामिल नहीं थे लेकिन आरसीबी के खिलाफ रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के अगले मैच तक उनके फिट होने की संभावना है। मुंबई ने पिछला मैच चार मई को लखनऊ सुपर जाइंट्स से खेला था और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ अगला मैच दस मई को है। मुंबई इंडियंस के खिलाड़ी और स्टाफ अलग अलग बैच में रायपुर पहुंच रहे हैं। पंड्या कमर में जकड़न के कारण लखनऊ के खिलाफ पिछला मैच नहीं खेले थे। टीम सूत्र ने हालांकि कहा कि मामूली चोट है और उन्हें एक मैच के लिये आराम करने को कहा गया था। वह रजत पाटीदार की अगुवाई वाली आरसीबी के खिलाफ बेहद अहम अगले मैच में खेलेंगे।

### धवन ने गुरुग्राम में शादी का पंजीकरण कराया

गुरुग्राम। पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन बुधवार को गुरुग्राम पहुंचे और अपनी शादी का पंजीकरण करवाया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। धवन अपनी पत्नी सोफी के साथ विकास सदन स्थित रजिस्ट्रार कार्यालय आए और शादी के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए। अधिकारी ने बताया कि उनके परिवार के सदस्य और एक पंडित भी वहां मौजूद था।

**हाईलाइट**

### दिल्ली में राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैंपियनशिप होगी

नई दिल्ली। दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में 22वीं राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैम्पियनशिप का आयोजन होगा जिसमें 35 से अधिक देशों के भाग लेने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को यह घोषणा की। चैम्पियनशिप 27 जुलाई से दो अगस्त तक दिल्ली सरकार और भारतीय टेबल टेनिस महासंघ द्वारा आयोजित की जायेगी। दिल्ली सचिवालय में इसकी घोषणा करते हुए गुप्ता ने कहा दिल्ली सरकार विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा, बेहतरीन बंदोबस्त और खिलाड़ियों तथा दर्शकों के लिये खेल का उम्दा माहौल देने को प्रतिबद्ध है। अधिकारियों के अनुसार सात दिवसीय चैम्पियनशिप में इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, मलेशिया, सिंगापुर, स्कॉटलैंड, वेल्स, नाइजीरिया, कीनिया, जमैका, त्रिनिदाद और टोबैगो के खिलाड़ी भाग लेंगे।

### किसी न किसी समय ग्रैंड स्लैम का बॉयकॉट होगा : सबालेंका

लंदन। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका का मानना है कि पुरस्कार राशि को लेकर चल रहे विवाद की वजह से खिलाड़ी किसी न किसी समय ग्रैंड स्लैम का बॉयकॉट करेंगे। बेलारूस की खिलाड़ी सबालेंका ने कहा मुझे लगता है कि किसी न किसी समय हम इसका बॉयकॉट करेंगे। उन्होंने कहा कि अपने हक के लिए लड़ने का यही एकमात्र तरीका होगा। मुझे लगता है कि शो हमारी ओर से है। 28 साल की सबालेंका ने कहा मुझे बस उम्मीद है कि हम किसी न किसी पॉइंट पर सही निर्णय पर पहुंचेंगे, ऐसे नतीजे पर जिससे हर कोई खुश होगा।

### विश्व टेबल टेनिस में भारतीय अभियान खत्म

लंदन। भारत का विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप में निराशाजनक अभियान राउंड ऑफ 32 में अमेरिका के हाथों महिला टीम की 1-3 से हार के साथ खत्म हो गया। पुरुष टीम भी मंगलवार को राउंड ऑफ 32 के मुकाबले में ऑस्ट्रिया से हार गई थी। मनिका बत्रा इस मुकाबले में छाप छोड़ने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी रहीं। उन्होंने अपना एकल मैच रेयस जेसिका के खिलाफ 11-2, 11-8, 8-11, 11-4 से जीता। शुरुआती एकल मैच में यशस्विनी घोरपड़े को मोयलैंड सैली ने 0-3 (8-11, 8-11, 7-11) से हरा दिया। दीया चितले भी चीनी मूल की खिलाड़ी लिली झांग का मुकाबला नहीं कर पाई और 0-3 (8-11, 7-11, 11-13) से हार गईं। मनिका की अपने दूसरे एकल मैच में सैली के खिलाफ 12-10, 9-11, 3-11, 11-13 की हार के साथ भारत प्रतियोगिता से बाहर हो गया।

## अधिक दर्शकों की क्षमता के कारण अहमदाबाद को मिली प्राथमिकता

नई दिल्ली, एजेंसी

बेंगलुरु के बजाय अहमदाबाद लगातार दूसरे सत्र में 31 मई को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल की मेजबानी करेगा, जबकि क्वालीफायर एक धर्मशाला और दो अन्य प्लेऑफ मैच चंडीगढ़ में खेले जाएंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को यह घोषणा की। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मौजूदा चैंपियन होने के कारण परंपरा के अनुसार फाइनल बेंगलुरु में खेला जाना था।

बीसीसीआई के सूत्रों ने बताया कि अहमदाबाद स्टेडियम को उसकी अधिक दर्शकों की क्षमता के कारण प्राथमिकता दी गई क्योंकि फाइनल के लिए अधिक संख्या में दर्शकों के आने की संभावना है। यह भी पता चला है कि एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की अपेक्षाकृत कम क्षमता को देखते हुए बोर्ड कर्नाटक सरकार के उस फैसले से सहमत नहीं है जिसमें राज्य के विधायकों, एमएलसी और सांसदों के लिए इस सत्र में आईपीएल के तीन-तीन मुफ्त टिकटों का कोटा निर्धारित किया गया है। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की क्षमता लगभग 35,000 दर्शकों की है। वहीं अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम की कुल दर्शक क्षमता 1,32,000 (एक लाख बत्तीस हजार) है। पिछले साल आरसीबी के विजय समारोह के दौरान हुई भगदड़ में यहां 11 लोगों की जान चली गई थी।

**प्लेऑफ का कार्यक्रम**

| मुकाबला | तारीख | स्थान |
|---|---|---|
| क्वालीफायर एक | 26 मई | एचपीसीए स्टेडियम, धर्मशाला |
| एलिमिनेटर | 27 मई | न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, चंडीगढ़ |
| क्वालीफायर दो | 29 मई | न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, चंडीगढ़ |
| फाइनल | 31 मई | नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद |

- धर्मशाला और चंडीगढ़ में होंगे प्लेऑफ के मुकाबले
- नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम की कुल दर्शक क्षमता है 1,32,000

### मेजबानी नहीं मिलने से निराश है केएससीए

बेंगलुरु। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के आधिकारिक प्रवक्ता विनय मृत्युंजय ने कहा केएससीए इस पर निराशा व्यक्त करता है कि आईपीएल के प्लेऑफ मैचों की मेजबानी अन्य केंद्रों को सौंपी गई है। केएससीए अध्यक्ष वेंकटेश प्रसाद बीसीसीआई के संपर्क में थे और उन्होंने चिन्नास्वामी स्टेडियम में मेजबानी के लिए तैयारी और रुचि से औपचारिक रूप से अवगत भी कराया था।

## हार का क्रम तोड़ने उतरेगा लखनऊ सुपर जाएंट्स

लखनऊ, एजेंसी

लखनऊ सुपर जाएंट्स का प्रदर्शन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सीजन में अभी तक काफी निराशाजनक रहा है। वह पिछले छह मैचों में हार झेलने के कारण अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर है। गुरुवार को वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ अपनी लय फिर से हासिल करने का प्रयास करेगी।

एलएसजी का अभियान लगातार खराब प्रदर्शन, रणनीतिक अस्थिरता और मैचों का सकारात्मक अंत नहीं कर पाने के कारण बिखर गया है। मिचेल मार्श, कप्तान ऋषभ पंत, एडन मार्क्रम और निकोलस पूरन जैसे प्रमुख बल्लेबाज अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख पाए हैं। इसके अलावा बल्लेबाजी क्रम में बार-बार फेरबदल ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। पंत के सीमित ओवरों की क्रिकेट में प्रदर्शन को लेकर सवाल उठ रहे हैं। ऐसे में एलएसजी के बल्लेबाजों के लिए अनुभवी भुवनेश्वर कुमार और ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की अगुवाई वाले आरसीबी के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण का सामना करना आसान नहीं होगा।

भुवनेश्वर और हेजलवुड की जोड़ी बेहद प्रभावी साबित हुई है। उनके शानदार प्रदर्शन से आरसीबी ने 27 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स को मात्र 75 रन पर ढेर कर दिया था। तेज गेंदबाज भुवनेश्वर विकेट लेने में किसी तरह की कोताही नहीं बरत रहे हैं जबकि हेजलवुड ने लगातार प्रभावशाली गेंदबाजी की है। क्रुणाल पंड्या ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए नौ विकेट लिए हैं। पिछले मैच में सुयश शर्मा और रोमारियो शेफर्ड ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। एलएसजी के लिए प्रिंस यादव और मोहसिन खान ने क्रमशः 13 और 10 विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया है। मोहम्मद शमी ने सत्र की दमदार शुरुआत की थी, लेकिन पिछले कुछ मैचों में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और उन्होंने जमकर रन लुटाए हैं। आरसीबी ने पहले चरण में एलएसजी को पांच विकेट से हराया था और उसकी टीम काफी आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी।

अभ्यास सत्र के दौरान लखनऊ सुपर जाएंट्स के अर्जुन तेंदुलकर (बाएं), एडेन मार्करम (बीच में) और अन्य। एजेंसी

- रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मुकाबला आज

**टीम**

**लखनऊ सुपर जायंट्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), अब्दुल समद, अक्षत रघुवंशी, आयुष बडोनी, मुकुल चौधरी, हिम्मत सिंह, जोश इंग्लिस, एडेन मार्क्रम, निकोलस पूरन, अर्शिन कुलकर्णी, जॉर्ज लिंडे, मिचेल मार्श, शाहबाज अहमद, आकाश सिंह, अवेश खान, मोहम्मद शमी, मोहसिन खान, एनरिक नोर्किया, प्रिंस यादव, दिग्वेश राठी, मणिमारन सिद्धार्थ, अर्जुन तेंदुलकर, नमन तिवारी, मयंक यादव।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** रजत पाटीदार (कप्तान), टिम डेविड, विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, फिल साल्ट, जितेश शर्मा, जैकब बेथेल, क्रुणाल पंड्या, रोमारियो शेफर्ड, अभिनंदन सिंह, जोश हेजलवुड, रसिख सलाम डार, भुवनेश्वर कुमार, सुयश शर्मा, स्वप्निल सिंह, नुवान तुषारा, वेंकटेश अय्यर, जैकब डफी, मंगेश यादव, जॉर्डन कॉक्स, विक्की ओस्टवाल, विहान मल्होत्रा, कनिष्क चौहान, सात्विक देसवाल।

**तीरंदाजी**

### दूसरे चरण में निराशाजनक प्रदर्शन और महत्वपूर्ण मौकों पर लड़खड़ाए धनुर्धर

## शंघाई विश्व कप में भारतीय कंपाउंड टीम की करारी हार

शंघाई, एजेंसी

पदक की प्रबल दावेदार मानी जा रही भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड टीम ने बुधवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में निराशाजनक प्रदर्शन किया और महत्वपूर्ण मौकों पर लड़खड़ाने के कारण पोडियम पर जगह बनाने में असफल रहीं। सबसे बड़ा झटका महिला टीम को लगा जिसने पिछले महीने मैक्सिको में सत्र के पहले विश्व कप में भारत के लिए एकमात्र स्वर्ण पदक जीता था।

ज्योति सुरेखा वेन्नम, प्रगति और अदिति स्वामी की तिकड़ी क्वार्टर फाइनल में तुर्की से 227-233 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। भारतीय टीम हजल बुरुन, डेफने चकमाक और एमिने राबिया ओगुज की निरंतरता का मुकाबला करने में विफल रही। ओजस देवताले, साहिल जाधव और कुशल दलाल की पुरुष टीम ने सेमीफाइनल में पहुंचकर उम्मीदें जगाईं, लेकिन अंतिम चार में वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। इसके बाद कांस्य पदक के मैच में भारत को चीन से शूट-ऑफ में हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले इन दोनों टीम का स्कोर 234-234 से बराबर था।

अदिति स्वामी।

ओजस देवताले।

यहां तक कि शूट-ऑफ भी दोनों टीमों के तीन-तीन सटीक तीरों के साथ बराबरी पर समाप्त हुआ, लेकिन चीन के दो तीर केंद्र (एक्स) के करीब थे, जबकि भारत का केवल एक तीर ही केंद्र के करीब था। इस तरह से चीन ने जीत हासिल की। मैच में एक समय भारत एक अंक (118-117) से आगे था, लेकिन शी जिंग्यू, लियू जिन्यू और क्यूई जियागंग्शुओ ने तीसरे चरण में वापसी करते हुए स्कोर बराबर कर दिया। सेमीफाइनल में भी तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय टीम को पहले तीन चरण तक बढ़त हासिल रखने के बावजूद जेम्स लुट्ज, लुई प्राइस और गैयस की सातवीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी टीम से 234-235 से हार का सामना करना पड़ा। ओजस देवताले और अदिति स्वामी की मिश्रित टीम जोड़ी अब टीम स्पर्धाओं में एकमात्र उम्मीद बची है।

### व्यक्तिगत स्पर्धा के अगले दौर में बनाई जगह

भारत को हालांकि व्यक्तिगत वर्ग में कुछ राहत मिली क्योंकि सभी भारतीय कंपाउंड तीरंदाज अगले दौर में पहुंच गए। पुरुष वर्ग में अभिषेक वर्मा, साहिल जाधव, कुशल दलाल और ओजस देवताले ने अपने-अपने मैच जीतकर अगले राउंड में जगह बनाई। वर्मा का अगला मुकाबला जाधव से होगा। महिला वर्ग में 33वीं वरीयता प्राप्त मधुरा ने चीन की वांग यू को 148-147 से हराया। अगले मुकाबले में उन्हें अमेरिका की शीर्ष वरीयता प्राप्त एलेक्सिस रुइज की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। एक अन्य मैच में ज्योति ने कजाकिस्तान की डायना युनुसोवा को हराया।

## आर्सेनल 20 वर्षों में पहली बार चैंपियंस लीग का फाइनल खेलेगा

लंदन, एजेंसी

बुकायो साका के पहले हॉफ के आखिर में किए गए गोल की मदद से आर्सेनल ने मंगलवार को एटलेटिको मैड्रिड को सेमीफाइनल के दूसरे चरण में 1-0 से हराकर 20 साल में पहली बार चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई।

खेल के 45वें मिनट में लिएंड्रो ट्रोसार्ड के शॉट को जान ओब्लाक ने बचा लिया, जिसके बाद साका ने रिबाउंड पर गोल दागकर आर्सेनल को सेमीफाइनल में कुल मिलाकर 2-1 की बढ़त दिला दी। सेमीफाइनल का पहला चरण 1-1 से बराबर रहा था। बढ़त हासिल करने के बाद आर्सेनल की रक्षापंक्ति ने उसे बरकरार रखने में अहम भूमिका निभाई। आर्सेनल ने अब तक तीनों नॉकआउट राउंड में अपने घरेलू मैदान पर एक भी गोल नहीं खाया है। टीम ने लीग चरण में अपने सभी आठ मैच जीतकर प्रतियोगिता में सबसे कम चार गोल खाए थे। यूरोप की शीर्ष क्लब प्रतियोगिता में आर्सेनल का यह केवल दूसरा फाइनल होगा। इससे पहले वह 2006 में फाइनल में पहुंचा था पर तब बार्सिलोना से हार गया था। इस बार फाइनल में उसका सामना 30 मई को हंगरी के बुडापेस्ट में मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन या बायर्न म्यूनिख से होगा। पीएसजी ने सेमीफाइनल के पहले चरण में 5-4 से जीत हासिल की थी। आर्सेनल के लिए यह सत्र विशेष हो सकता है क्योंकि वह चैंपियंस लीग चैंपियन बनने की बेहद करीब है।

मैच जीतने के बाद जश्न मनाते आर्सेनल के खिलाड़ी। एजेंसी

- सेमीफाइनल में एटलेटिको मैड्रिड को 1-0 से हराया